कार्तिक कृष्ण पक्ष द्वितीया 09:49 उपरांत तृतीया विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 19 अक्टूबर 2024
वर्ष 5, अंक 334, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

ला नीना से मार्च तक बनी रह सकती है ठंड 16

तीसरे दिन भारत ने किया पलटवार 15






## बच्ची का सिर कूंचा, गला काटकर हत्या

### दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका, लोगों ने किया हंगामा

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार :** कोतवाली बिल्सी क्षेत्र में सात साल की बच्ची का सिर कूंचकर और गला काटकर हत्या कर दी गई। शव एक खंडहर में बनी आलमारी में चादर में लिपटा मिला। दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका जताई गई। लोगों के हंगामे की जानकारी मिलने पर एसडीएम मौके पर पहुंचे। देर रात एसएसपी भी पहुंचे और जल्द खुलासे के निर्देश दिए।



बच्ची की हत्या की सूचना पर मौके पर पहुंचे एसएसपी डॉ. ब्रजेश कुमार सिंह।

- पूर्व सभासद की नातिन शुक्रवार शाम दुकान पर गई थी

बिल्सी के एक मोहल्ला के पूर्व सभासद की सात साल की नातिन शुक्रवार करीब साढ़े तीन बजे लास्टिक लेने दुकान पर गई थी लेकिन वापस नहीं लौटी। शाम तक घर न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश की लेकिन पता नहीं चला। रात लगभग नौ बजे किसी ने मोहल्ला तीन में हॉर्टमैन स्कूल के पास खंडहर की आलमारी में चादर में लिपटा शव देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने बच्ची के बारे में जानकारी की। पहचान करने के बाद बच्ची के परिजनों को सूचना दी। परिजन बच्ची का शव देख बेहाल हो गए। बच्ची का सिर कूंचकर और गला काटकर हत्या की गई थी। बच्ची घर से निकली तो पजामी पहने थी लेकिन शव मिला तो पजामी नहीं थी। बच्ची के चाचा ने दुष्कर्म के बाद हत्या का शक जताया। बच्ची की दुष्कर्म के बाद हत्या की खबर सुन लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस अधिकारियों के साथ बिल्सी एसडीएम मौके पर पहुंचे। कई थानों की पुलिस बुला ली गई। देर रात एसएसपी डॉ. ब्रजेश कुमार सिंह बिल्सी पहुंचे और मौका मुआयना कर पुलिस को जल्द खुलासे के निर्देश दिए।

## सलमान खान को फिर जान से मारने की धमकी



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान को फिर से पांच करोड़ रुपये की फिरौती की धमकी मिली है और कहा गया है कि अगर वह ये रकम नहीं देते हैं तो उन्हें गोली मार दी जाएगी। पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने खूंखार लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से जुड़े एक गैंगस्टर द्वारा यह धमकी दिए जाने का संदेह जताया है। धमकी के बाद मुंबई पुलिस ने सलमान के घर, कार्यालय, शूटिंग स्थलों, अभिनेता के काम पर आने-जाने के रास्तों तथा उनके आगंतुकों पर निगरानी बढ़ा दी है।

## कोहली ने पूरे किए 9,000 रन

**बेंगलुरु।** स्टार बल्लेबाज विराट कोहली शुक्रवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले मैच के तीसरे दिन टेस्ट क्रिकेट में 9,000 रन पूरे करने वाले चौथे भारतीय बन गए। इस तरह कोहली ने अपने शानदार करियर में एक और उपलब्धि हासिल की। अब वह सचिन तेंदुलकर (15,921), राहुल द्रविड़ (13,265) और सुनील गावस्कर (10,122) जैसे दिग्गजों की जमात में शामिल हो गए हैं, पर वह इन खिलाड़ियों में इस उपलब्धि तक काफी धीमी गति से पहुंचे क्योंकि इसके लिए उन्होंने 197 पारियां खेली। 35 साल के कोहली ने भारत की दूसरी पारी में अपना अर्धशतक पूरा करने के बाद यह कारनामा हासिल किया। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए कोहली पहली पारी में नौ गेंद में बिना रन जोड़े आउट हो गए थे और भारत 46 रन पर ऑल आउट हो गया था। बांग्लादेश के खिलाफ हाल में टेस्ट शृंखला में कोहली सिर्फ 594 पारियों में 27,000 अंतर्राष्ट्रीय रन पूरे करने वाले सबसे तेज बल्लेबाज बन गए।

**594** पारियों में 27,000 अंतर्राष्ट्रीय रन पूरे करने वाले सबसे तेज बल्लेबाज बने विराट

**197** पारियों में हासिल की उपलब्धि चौथे भारतीय बल्लेबाज बने विराट कोहली

## एक नजर

### केंद्रीय मंत्री जोशी के भाई पर धोखाधड़ी का मामला

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु पुलिस ने जनता दल (सेक्युलर) के एक पूर्व विधायक की पत्नी द्वारा दर्ज कराई गई धोखाधड़ी की शिकायत के आधार पर केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी के भाई के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने स्पष्ट किया कि वे अपने भाई गोपाल जोशी से तीन दशक से अधिक समय पहले से अलग हो चुके हैं। जोशी ने कहा कि उन्होंने अदालत में एक हलफनामा भी दायर किया था।

### आठ करोड़ का सोना जब्त, तीन गिरफ्तार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के भाटागांव बस स्टैंड में शुक्रवार को पुलिस ने आठ करोड़ रुपये का सोना जब्त किया है। सोने के साथ तीन तस्कर को भी गिरफ्तार भी किया है। पूरा मामला टिकरापारा थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने आकस्मिक चेंकिग के दौरान बस स्टैंड भाठागांव रायपुर में तीन तस्करों से लगभग 12 किलो 800 ग्राम सोना बरामद किया जिसकी कीमत आठ करोड़ रुपये बताया जा रहा है। मामले में पुलिस ने तीनों तस्करों लिंगराज नायक, हितेश तांडी और शुभम को गिरफ्तार कर लिया।

### इंजीनियरिंग सेवा परीक्षा 2025 की गई स्थगित

**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग ने शुक्रवार को अभ्यर्थियों को भर्ती परीक्षा की तैयारी के उद्देश्य से पर्याप्त समय देने के लिए इंजीनियरिंग सेवा परीक्षा-2025 स्थगित कर दी। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि ईएसई 2025 के उम्मीदवारों को परीक्षा की तैयारी के लिए पर्याप्त समय देने के लिए आयोग ने प्रारंभिक और मुख्य परीक्षा 2025 को स्थगित करने का निर्णय लिया है। यूपीएससी द्वारा कहा गया है कि ईएसई (प्रारंभिक) परीक्षा 8 जून और ईएसई (मुख्य) परीक्षा 10 अगस्त 2025 को आयोजित होगी।

## बाल विवाह रोकथाम कानून को नहीं रोक सकता पर्सनल लॉ : सुप्रीम कोर्ट

### पसंद का जीवन साथी चुनने की स्वतंत्रता छीन लेते हैं बचपन के विवाह

- अदालत ने कानून के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जारी किए दिशा-निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि किसी पर्सनल लॉ के तहत परंपराएं बाल विवाह निषेध अधिनियम के क्रियान्वयन में बाधा नहीं बन सकतीं और बचपन में कराए गए विवाह अपनी पसंद का जीवन साथी चुनने की स्वतंत्रता छीन लेते हैं। भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने देश में बाल विवाह रोकथाम कानून के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कई दिशानिर्देश भी जारी किए। हालांकि, पीठ ने इस बात पर गौर किया कि बाल विवाह निषेध अधिनियम (पीसीएमए) पर्सनल लॉ पर प्रभावी होगा या नहीं, यह मुद्दा विचार के लिए संसद के पास लंबित है।

केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट (उच्चतम न्यायालय) से पीसीएमए को पर्सनल लॉ पर प्रभावी बनाए रखने का आग्रह किया था। प्रधान न्यायाधीश ने इस बात पर प्रकाश डाला कि निर्णय में बहुत व्यापक समाजशास्त्रीय विश्लेषण किया गया है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि पीसीएमए का उद्देश्य बाल विवाह पर रोक लगाना है लेकिन इसमें किसी बच्चे के कम उम्र में विवाह तय करने की बड़ी सामाजिक कुप्रथा का उल्लेख नहीं है। इस सामाजिक बुराई से बच्चे के चयन के अधिकार का भी हनन होता है... यह उनसे उनके साथी और जीवन पथ के चयन के अधिकार को उनके परिपक्व होने और अपनी स्वतंत्रता का दावा करने में सक्षम होने से पहले ही छीन लेता है। अदालत ने कहा कि बाल विवाह के लिए एक अंतरविषयी दृष्टिकोण की आवश्यकता है, जो हाशिए पर पड़े समुदायों के बच्चों, विशेषकर लड़कियों के इसके कारण और कमजोर होने की बात को स्वीकार करता है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि अंतरविषयी दृष्टिकोण में लिंग, जाति, सामाजिक-आर्थिक स्थिति और भूगोल जैसे कारकों पर विचार करना भी शामिल है, जो कम उम्र में विवाह के जोखिम को अक्सर बढ़ाते हैं।



### बेनामी संपत्ति कानून के प्रावधानों को असंवैधानिक बताने वाले 2022 के अपने फैसले को लिया वापस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को अपने 2022 के उस फैसले को वापस ले लिया जिसमें बेनामी संपत्ति लेनदेन पर रोक लगाने वाले कानून के दो प्रावधानों को असंवैधानिक घोषित किया गया था। ये प्रावधान ऐसे सौदों और संपत्तियों को अधिकारियों द्वारा कुर्क किए जाने पर रोक लगाते हैं। प्रधान न्यायाधीश डीवाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पीएस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने 23 अगस्त, 2022 के फैसले पर केंद्र की समीक्षा याचिका की सुनवाई करते हुए पूर्व सीजेआई एनवी. रमण की अध्यक्षता वाली तीन-सदस्यीय पीठ द्वारा दिए गए फैसले को वापस ले लिया। शीर्ष अदालत ने अगस्त 2022 के अपने फैसले में तब माना था कि बेनामी संपत्ति लेनदेन निषेध अधिनियम, 1988 की धाराएं 3(2) और पांच स्पष्ट रूप से मनमानी होने के कारण असंवैधानिक थीं।

### कानूनी परिणामों के बारे में भी जागरूकता आवश्यक

कोर्ट ने कहा कि पीसीएमए में दंडात्मक प्रावधानों का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने के लिए यह आवश्यक है कि बाल विवाह और इसके कानूनी परिणामों के बारे में व्यापक जागरूकता हो। हालांकि, उच्चतम न्यायालय ने स्पष्ट किया कि यह नहीं समझा जाना चाहिए कि अवैध कार्य करने वालों के खिलाफ मुकदमा चलाने को हतोत्साहित किया जाता है। उसने कहा कि कानून प्रवर्तन तंत्र को बाल विवाह को रोकने और निषिद्ध करने के लिए सर्वोत्तम प्रयास करने चाहिए तथा केवल अभियोजन पर ही ध्यान केंद्रित नहीं करना चाहिए। यह निर्णय 'सोसाइटी फॉर एनलाइटनमेंट एंड वॉलंटरी एक्शन' द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान सुनाया गया।

## 32 लाख करोड़ की अर्थव्यवस्था वाला राज्य होगा उप्र : मुख्यमंत्री

### योगी ने मंत्रियों, अफसरों और सलाहकारों को सौंपा इस वर्ष का लक्ष्य



योजना भवन में समीक्षा बैठक करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

- एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था को लेकर की 10 क्षेत्रों की समीक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उप्र को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था वाला राज्य बनाने के लिए चल रहे प्रयासों की शुक्रवार को योजना भवन में समीक्षा की।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य समेत संबंधित विभाग के मंत्रियों, शीर्ष अफसरों, सलाहकारों और विशेषज्ञों को लक्ष्य सौंपा कि इस सत्र में प्रदेश को 32 लाख करोड़ रुपये का जीडीपी हासिल करना होगा। 10 सेक्टरों में जारी कार्यों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि विगत 7 वर्षों के नियोजित प्रयासों से अर्थव्यवस्था अब सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ स्थिति में है। वर्ष 2021-22 में प्रदेश की कुल जीडीपी 16.45 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर वर्ष 2023-24 में 25.48 लाख करोड़ रुपये हुई। इस वर्ष जीडीपी लक्ष्य 32 लाख करोड़ रुपये का है। जीडीपी के साथ प्रति व्यक्ति आय दोगुनी से अधिक हुई है। अनलिमिटेड पोटेंशियल का प्रदेश अब देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में ग्रोथ इंजन बन रहा है। योगी ने यह भी कहा कि प्रत्येक विभाग में पूरी क्षमता है, इसलिए बड़े बदलाव के लिए तैयार रहें। वर्ष 2023-24 में कम्पाउंडेड एनुअल ग्रोथ रेट (सीएजीआर) लगभग 16 प्रतिशत दर्ज किया गया है। इस साल 25 प्रतिशत का लक्ष्य है।

कृषि क्षेत्र में बेहतर बीज, फसल विविधीकरण व आपूर्ति चक्र प्रबंधन को बेहतर करने के निर्देश देते हुए कहा कि हार्टिकल्चर में भी पर ब्लॉक-वन क्रॉप जैसे कार्यक्रमों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

योगी ने होटल/रेस्टोरेंट, ट्रान्सपोर्ट, संचार, रियल एस्टेट, प्रोफेशनल सर्विस, व अन्य सेवाओं में तेजी से हुई तरक्की की सराहना भी की। उन्होंने बताया कि यूपी देश में पर्यटकों की पहली पसंद है। वर्तमान वर्ष में अब तक 62 करोड़ से अधिक पर्यटकों का आगमन हुआ है। निर्देश दिए कि बौद्ध सर्किट और नैमिषारण्य जैसे केंद्रों को चिन्हित कर उनकी बेहतर ब्रांडिंग करनी चाहिए। साथ ही पर्यटन स्थलों पर जनसुविधाएं और बेहतर की जाएं।

## अयोध्या में रोशनी बिखेरेंगे पांच सौ ड्रोन

कार्यालय संवाददाता, अयोध्या

**अमृत विचार :** इस बार दीपोत्सव पर मुख्य कार्यक्रम में 15 मिनट का एरियल ड्रोन शो का आयोजन भी होगा। इसके तहत 500 ड्रोन राम नगरी के आसमान पर रंग-बिरंगी रोशनी बिखेरेंगे। शो के जरिए श्रद्धालु राम, लक्ष्मण व हनुमानजी की वीर मुद्रा के दर्शन भी कर सकेंगे।

रावण वध, पुष्पक विमान, राम दरबार, वाल्मीकि, तुलसीदास व राम मंदिर के भी दर्शन होंगे। दर्शक लाइट एंड साउंड शो के साथ आतिशबाजी का भी लुत्फ उठाएंगे। ड्रोन शो के लिए मेड इन इंडिया ड्रोन्स का इस्तेमाल होगा। कार्यक्रम में लेजर लाइट्स, वॉयस ओवर व म्यूजिकल नैरेशन के जरिए समां बंधेगा। रावण वध, पुष्पक विमान, दीपोत्सव, राम दरबार वाल्मीकि, तुलसीदास व राम मंदिर को भी अयोध्या के आकाश में ड्रोन के जरिए दिखाया जाएगा। इसे देख लोगों का मंत्रमुग्ध होना लाजिमी है। शो में उत्तर प्रदेश सरकार व पर्यटन विभाग के लोगो आकाश पर साकार दिखेंगे। राम की पैड़ी पर श्रीराम के जीवन चरित्र से जुड़े प्रेरक प्रसंगों को लेजर लाइट शो के जरिए प्रदर्शित किया जाएगा। ड्रोन शो के साथ ही साउंड व लेजर शो का भी आयोजन होगा। इसे आर्टिस्टिकली डिजाइंड ग्रीन फायर क्रैकर्स की आतिशबाजी का साथ मिलेगा। जो आयोजन स्थल समेत समूचे अयोध्या के आकाश की आभा में चार चांद लगा देंगे। उप निदेशक पर्यटन राजेंद्र प्रसाद यादव ने बताया कि दीपोत्सव को भव्य बनाने के लिए एरियल ड्रोन-शो की तैयारी की जा रही है।



**दीपोत्सव**

- राम, लक्ष्मण व हनुमान की वीर मुद्रा का दर्शन कर सकेंगे, आतिशबाजी का भी मिलेगा लुत्फ

## लापरवाही पर दो मत्स्य अधिकारी निलंबित

**लखनऊ।** जलाशयों व योजनाओं में लापरवाही पर शुक्रवार को दो मत्स्य अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया। मत्स्य विकास मंत्री संजय कुमार निषाद के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। निलंबित अधिकारियों में कानपुर देहात के ज्येष्ठ मत्स्य निरीक्षक अवनीश कुमार सिंह यादव व फतेहपुर के सहायक निदेशक मत्स्य गिरीश चन्द्र यादव हैं। अवनीश पर जलाशयों की नीलामी, मत्स्य जीवी सहकारी समितियों का गठन, किसान क्रेडिट कार्ड योजना में लक्ष्य प्राप्ति में असफल रहने समेत कई आरोप हैं। गिरीश चन्द्र यादव पर मत्स्य जीवी सहकारी समितियों के गठन में जानबूझकर विलंब करने का आरोप है।

## न्याय न मिला तो परिवार के साथ कर लूंगा आत्मदाह

संवाददाता, बहराइच


**बहराइच हिंसा**

- हिंसा में मारे गए राम गोपाल के पिता ने जारी किया वीडियो बयान
- घटना में घायल लोगों ने भी पुलिस की कार्यशैली पर उठाए सवाल

**अमृत विचार :** रेहुआ मंसूर गांव निवासी राम गोपाल मिश्रा के पिता कैलाश नाथ ने बहराइच पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने वीडियो बयान जारी कर चेतावनी है कि यदि उन्हें न्याय नहीं मिला तो वह पूरे परिवार के साथ आत्मदाह कर लेंगे। वहीं विसर्जन जुलूस के दौरान हुई गोलबारी में घायल हुए लोगों ने भी पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं।

रामगांव थाना क्षेत्र के रेहुआ मंसूर गांव निवासी राम गोपाल मिश्रा (22) की रविवार को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान महराजगंज में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्याकांड में नामजद पांच आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इनमें आरोपित सरफराज और तालिब को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। उधर, मृतक के पिता कैलाश नाथ पुलिस की कार्रवाई से संतुष्ट नहीं हैं। उनका कहना है कि पुलिस द्वारा उन्हें न्याय नहीं दिलाया जा रहा है। पुलिस का अपराधियों से गठजोड़ है। उन्होंने धमकी दी कि अगर न्याय नहीं मिला तो वह परिवार समेत आत्मदाह कर लेंगे। राम गोपाल की पत्नी रोली ने भी पुलिस पर अपराधियों से मिलने और घूस लेकर फर्जी मुठभेड़ दिखाने का आरोप लगाया है। उधर गोलीकांड में घायल हुए सिपहिया प्यूली गांव निवासी सत्यनाम मिश्रा समेत दो लोगों ने कहा कि वह लखनऊ से सही होकर घर आए हैं। कहा कि गोली के बदले गोली होनी चाहिए। कहा कि पुलिस आरोपियों को बचा रही है। दूसरी ओर हिंसा के सभी पांच आरोपियों मो. फहीन, मो. तालिब, मो. सरफराज, अब्दुल हमीद और अफजल की शुक्रवार को सीजेएम प्रतिभा चौधरी के सिविल लाइंस में जजेज कालोनी स्थित आवास पर पेशी हुई, जहां से सभी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### मुख्य आरोपी समेत 23 के मकान पर नोटिस चस्पा



महराजगंज में रविवार को हुई हिंसा के बाद अब बुलडोजर की कार्रवाई की जा सकती है। इसके लिए शुक्रवार को पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से 23 मकानों पर नोटिस चस्पा कर दिया गया है। इनमें अब्दुल हमीद समेत अन्य के घर शामिल हैं। नोटिस जारी कर सभी से पूर्व में डीएम के आदेश की कॉपी मांगी गई है, जिसमें अनुमति पत्र न मिलने पर सभी के विरुद्ध कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। एसडीएम महसी अखिलेश सिंह ने बताया कि सभी को भेजे गए नोटिस का जवाब न मिलने पर निर्माणों पर बुलडोजर चलाने की कार्रवाई की सकती है।

## विधायक अब्बास अंसारी को सुप्रीम कोर्ट से जमानत

नई दिल्ली, एजेंसी



- ईडी ने दर्ज कराया था धन शोधन का मामला

सुप्रीम कोर्ट ने धनशोधन से जुड़े एक मामले में विधायक अब्बास अंसारी को शुक्रवार को जमानत दे दी। अब्बास अंसारी, गैंगस्टर और राजनेता मुख्तार अंसारी के पुत्र हैं। मुख्तार की कुछ महीने पहले जेल में मौत हो गई थी। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने अंसारी को राहत दी। सुप्रीम कोर्ट ने 14 अगस्त को ईडी से अंसारी की उस याचिका पर जवाब मांगा था जिसमें इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा उनकी जमानत याचिका खारिज करने के आदेश को चुनौती दी गई थी। हाईकोर्ट ने अंसारी की जमानत याचिका 9 मई को खारिज कर दी थी। ईडी ने 4 नंवबर 2002 को मामला दर्ज किया था।

### जैन को भी मिली बेल

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को दिल्ली के पूर्व कैबिनेट मंत्री सत्येंद्र जैन को धन शोधन के एक मामले में जमानत दे दी। जैन को ईडी ने 30 मई, 2022 को उनसे जुड़ी चार कंपनियों के जरिए धन शोधन के आरोप में गिरफ्तार किया था। वह न्यायिक हिरासत में हैं।

**जीवन की राह** लीची, अमरूद, आंवला, लहसुन, गुलाब की खेती को दिया नया आयाम, बांस, तेज पत्ता, दालचीनी, जिमीकंद के साथ खीरा, ककड़ी, तरबूज, मक्का और अदरक भी उगा रहे

## गैर परंपरागत खेती के जुनून ने यदुनंदन को बनाया प्रगतिशील किसान

धर्मवीर गुप्ता, बांकेगंज (लखीमपुर खीरी)

**अमृत विचार :** उमस भरी गर्मी की जगह खुशगवार गुलाबी सर्दी ने ले ली है। यदुनंदन सिंह पुजारी दर्जनों श्रमिकों के साथ सुबह से शाम तक खेतों में व्यस्त हो गए हैं। हवा का रुख भांप कर किसानी करने वाले यदुनंदन कैश क्रॉप जिमीकंद की खोदाई और बाजार का खाका खींच रहे हैं, वहीं गत वर्ष हुए लाभ को देखकर लहसुन की बुवाई में भी व्यस्त हैं। गैर परंपरागत खेती के जुनून ने उनके खेतों को कृषि अनुसंधान का केन्द्र बना दिया है।

कई सम्मान अर्जित कर चुके यदुनंदन सिंह पुजारी के खेतों की सैर करना मानों किसी कृषि विज्ञान से संबंधित ग्रंथ के पन्ने पलटना जैसा है।



ताइवानी अमरूद की बाग।

एक एकड़ में गुलाबों की बहार है तो दूसरे में गेंदे की पौध रोपी जा चुकी है। अगले खेत में एकड़ भर में ताइवानी अमरूद के पेड़ हैं तो अगले पड़ाव पर अनानास लहलहा रहे हैं। एक खेत में केला फसल दे रहा है तो दूसरे में केले की नई फसल चार फीट की हो चुकी है। उनके बाग में आंवले की टहनियां फलों से लदी हैं। सामने लीची के हरे भरे पेड़ हैं, उनमें कुछ तेज पत्ता और दालचीनी के भी पेड़ हैं। खेतों में लहलहाने को बांस की पौध तैयार है। इतनी विविधता की बाबत पूछे जाने पर वह कहते हैं कि धरती मां हमें उतना आशीर्वाद देती है, जितनी उसकी सेवा की जाए। इन्हीं फसलों के मध्य खीरा, ककड़ी, तरबूज तो कभी मक्के का भुट्टा और अदरक उगाते हैं। इन सभी फसलों से पूरे साल अच्छी आय होती है। वहीं उनकी बगिया को हरा-भरा रखने में सहयोग करने वाले श्रमिकों को भी पर्याप्त धन मिलता है। वह कहते हैं खेती करना उनका व्यवसाय नहीं है, बल्कि उनके जीवन की राह है। उन्हें चीनी मिलों या सरकारी क्रय केंद्रों पर अपनी फसल बेचने को कभी मुंह ताकना नहीं पड़ता है बल्कि लोग आकर फसल खरीदते हैं। उन्हें तब सुकून मिलता है जब शिक्षित युवक उनसे सलाह मांगने आते हैं।

### खेती करना भी एक कला है



यदुनंदन सिंह पुजारी कहते हैं कि खेती करना कला है। खराब मौसम तो कभी बीमारियों से सामना होता है, यही चुनौती है। खेती करना घाटे का सौदा कभी नहीं होता है। हां, इसकी सेहत का ख्याल रखना उतना ही जरूरी है, जितना की अपनी सेहत का। यदि यह बात ध्यान रहे तो न खेती बीमार होगी न ही किसान मायूस होगा।

### वाराणसी और जौनपुर जिमीकंद का बाजार

यदुनंदन सिंह बताते है यूं तो दिवाली पर पूरे देश में जिमीकंद की मांग बढ़ जाती है, किंतु बनारस और जौनपुर जिमीकंद की मंडी है इसलिए दीपावली से करीब एक सप्ताह पूर्व जिमीकंद की खोदाई कराकर जौनपुर तथा बनारस भेजेंगे।

### यह फसलें कर रहे तैयार

यदुनंदन का केले से शुरू सफर शतावर, पपीता, स्ट्राबेरी, प्याज, लहसुन, ताइवानी तरबूज, ताइवानी अमरूद, जिमीकंद, गेंदा, गुलाब, ग्लैडियोलस, अदरक, अनानास से होकर गुजर रहा है। लीची, आंवला, तेज पत्ता, दालचीनी, बारहों मास वाली तुलसी बगीचे की शोभा बढ़ा रहे हैं।

# शाहजहांपुर में होगा भारतीय शैक्षिक फिल्म महोत्सव

- फिल्म के माध्यम से लोगों को किया जाएगा शिक्षा के प्रति जागरूक

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



भारतीय शैक्षिक फिल्म महोत्सव का पोस्टर लांच करते डीआईओएस हरिवंश कुमार।

**अमृत विचार :** फिल्म के माध्यम से शैक्षिक जागरुकता के उद्देश्य को लेकर पहला भारतीय शैक्षिक फिल्म महोत्सव (आईईएफएफ) का आयोजन किया जाएगा। शुक्रवार को महोत्सव का पोस्टर डीआईओएस हरिवंश कुमार ने लांच किया।

डायरेक्टर डॉ. इरफान ह्यूमन ने बताया कि विकसित भारत अभियान की थीम को ध्यान में रखते हुए महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिसकी तिथि शीघ्र ही घोषित की जाएगी। इससे एक ओर जहां नवोदित और पेशेवर फिल्म निर्माता शैक्षिक फिल्म निर्माण की ओर अग्रसर होंगे, वहीं दूसरी ओर विद्यार्थी फिल्म निर्माण से जुड़ कर लेखन, निर्देशन, अभिनय, कैमरा, संपादन, लाइट, कॉपीराइट, संगीत और साउंड इंजीनियर आदि की बारीकियों को समझ कर कॅरियर के लिए प्रोत्साहित होंगे। आईईएफएफ में फिल्म निर्माण से जुड़े विभिन्न विषयों पर कार्यशाला भी आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि 5 से 10 मिनट अवधि की लघु फिल्म, वृतचित्र, फिक्शन या एनीमेशन नैतिक शिक्षा, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, अंतरिक्ष, पुरातत्व, पशुधन, सूचना एवं संचार, स्वच्छता और स्वास्थ्य आदि पर हो सकती है। प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

## महापौर ने ऑनलाइन गृहकर-जलकर जमा कर किया पोर्टल का आरंभ

# अब घर बैठे ऑनलाइन जमा कर सकेंगे गृहकर-जलकर

- एक क्लिक में मिलेगी सुविधा दर-दर नहीं भटकेंगे लोग

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** नगर निगम की ओर से जनपदवासियों को ऑनलाइन माध्यम से गृहकर-जलकर जमा करने का तोहफा दिया गया है। इस मौके पर सर्वप्रथम महापौर अर्चना वर्मा ने रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर से अपने आवास का गृहकर-जलकर ऑनलाइन माध्यम से जमा करके पोर्टल की शुरूआत कर इसे जनता को समर्पित किया।

शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में महापौर अर्चना वर्मा ने अवगत कराया कि नगर निगम शाहजहांपुर की वेबसाइट पर जाकर गृहकर-जलकर का लिंक ओपन करके समस्त प्रविष्टियों को भरकर आप अपना बिल देख सकते हैं व ऑनलाइन ही जमा भी कर सकते हैं। अब जनता को दर-दर भटकने की आवश्यकता नहीं होगी। एक तय समय सीमा में नगर निगम को राजस्व की प्राप्ति होगी।

वित्तीय वर्ष समाप्ति से पूर्व ही लाभार्थी के रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर पर टैक्स जमा करने के लिए संदेश प्राप्त होगा। यदि किसी को टैक्स से संबंधित शिकायत भी करनी हो, तो वह भी ऑनलाइन माध्यम से की जा सकेगी जिसका निस्तारण त्वरित गति से किया जाएगा।

पोर्टल का आरंभ कर जनता को सहूलियत दी गयी है जिससे कहीं भी बैठकर अपना टैक्स नगर निगम में जमा किया जा सके। इस दौरान कार्यकारिणी समिति के सदस्य उप-सभापति वेद प्रकाश मौर्य, दिवाकर मिश्रा, बिपिन कुमार यादव, जीशान अंसारी, रीता राठौर, रामबरन सिंह, नगर आयुक्त डॉ. बिपिन कुमार मिश्र, अपर नगर आयुक्त एसके सिंह, संयुक्त नगर आयुक्त संगीता कुमारी, मुख्य अभियंता एस आंबेडकर, कर निर्धारण अधिकारी विपिन कुलदीप सिंह, कर अधीक्षक विजय पाल, सदानंद आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सुहागिनों का महापर्व करवा चौथ कल, बाजार में बढ़ी रौनक

## श्रृंगार सामग्री की दुकानें फुल, मेहंदी लगवाने को लगी लाइन



त्योहार के लिए साड़ियां और लंहगा-चुनरी खरीदती महिलाएं। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** सुहागिनों का महापर्व करवा चौथ रविवार को मनाया जाएगा। व्रत रखने के लिए उत्साहित महिलाओं ने जमकर त्योहारी खरीदारी की। पूजन सामग्री के रूप में मिट्टी, स्टील, पीतल, गिलट और फूल धातु के करवा (कलश), सींकें, च्यूड़ा, पूजा कैलेंडर की खरीददारी के साथ लहंगा चुनरी, साड़ियां श्रृंगार सामग्री आदि दुकानों पर भी खूब भीड़ उमड़ रही है। खास तौर पर चूड़ियों की दुकानें शुक्रवार को सुबह से देर रात तक फुल देखी गईं। करवा चौथ पर उपवास पर रहने वाली महिलाएं सोलह श्रृंगार करके ही रात को चांद का पूजन करती हैं। सुहाग का जोड़ा और आभूषण पहनकर मेंहदी लगवाकर सभी खुशियां मनाती हैं। सुहागिनें इस दिन निर्जला व्रत रखकर पति के दीर्घायु की कामना करती हैं। इसी महत्ता को देखते हुए इन दिनों बाजार में खासी रौनक दिखाई दे रही है। पूजन सामग्री खरीदने के लिए करवा, सीकें, च्यूड़ा, कैलेंडर की दुकान पर दिखाई दे रहा है, तो कोई लाल-हरी चूड़ियां और फैंसी कंगन, हार आदि खरीदने में मशगूल रहा। लहंगा-चुनरी और साड़ियों की दुकानों के साथ सराफा बाजार भी गुलजार दिखाई दे रहा है। महानगर में चौक, मंडी, जलालनगर, दलेलगंज समेत बहादुरगंज और सदर बाजार क्षेत्र में पूरे दिन गहमागहमी रही। महिलाओं की उमड़ती भीड़ देख दुकानदारों के भी चेहरे खिले रहे। भूख-प्यास भूल सभी दुकानदार देर रात तक व्यस्त दिखाई दिए। खास तौर पर बहादुरगंज मुख्य बाजार व चूड़ी वाली गली में महिलाएं घर के कामकाज निपटाकर त्योहारह की खरीददारी को निकल पड़ीं।



रंग-बिरंगी चूड़ियां और श्रृंगार सामग्री खरीदतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

### रंग-बिरंगे कलश, डिजाइनर छलनी की रही डिमांड



पूजन सामग्री में मुख्य रूप से करवा का ही महत्व होता है। वैसे तो तमाम सुहागिनें पारंपरिक से पहले के ही रखे करवे को साफ कर उसी से पूजन करती हैं, लेकिन इस बार मिट्टी के फैंसी करवा यानि कलश की डिमांड खूब रही। इसी के साथ चांद को देखने के लिए डिजाइनर छलनी, पूजन थाल आदि की डिमांड भी भरपूर रही। मंडी मोड़, छोटा चौक, मंडी, बहादुरगंज, चूड़ी वाली गली समेत मुख्य बाजार में कई दुकानों पर लाल-पीले रंग के मिट्टी के कलश, रंग-बिरंगे पेपर, गोटा आदि से सुसज्जित चलनी और आकर्षक दीपक के साथ सजे पूजा थाल खरीदने को महिलाएं उमड़ती रहीं।

### मेहंदी लगवाने को उत्साहित दिखीं सुहागिनें



करवा चौथ पर श्रृंगार के रूप में मेहंदी का भी बहुत महत्व माना जाता है। चूंकि सुहागिनों को मेहंदी लगवाने का भी बहुत शौक रहता है और करवा चौथ पर श्रृंगार में कोई कमी न रहे, इसलिए दो दिन पहले से ही बड़ी संख्या में महिलाएं खासकर नवविवाहिताएं बाजार में आकर्षक मेहंदी लगवाने के लिए पहुंचती रहीं। तमाम महिलाओं ने ब्यूटी पार्लर में भी मेहंदी लगवाई, वहीं चूड़ी वाली गली बहादुरगंज में फुटपाथ पर बैठे लोगों से मेहंदी लगवाने को महिलाएं अपनी बारी की प्रतीक्षा में भी दिखीं। त्योहार को देखते हुए 500 से 1000 रुपये तक महिलाओं से मेहंदी लगवाने के लिए लिए जा रहे हैं।

# दिवाली मेला में उमड़े ग्राहक चाट बाजार में लिए चटकारे

## ओमर वैश्य महिला परिषद का आयोजन

- एमएलसी, महापौर और पुवायां चेयरमैन ने किया उद्घाटन
- आधी रात तक उमड़ते रहे ग्राहक, बच्चों ने खेले रोचक गेम

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



मेला का दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन करते एमएलसी डॉ. सुधीर गुप्ता व मेयर अर्चना वर्मा।

**अमृत विचार :** ओमर वैश्य महिला परिषद की ओर से शुक्रवार को आर्य समाज मैदान टाउन हाल में दिवाली मेला लगाया गया। आधी रात तक चले दिवाली मेला में उमड़े लोगों ने जमकर खरी दारी की और फूड जोन में खानपान का आनंद लिया।

मेले में कान्हा और राधारानी की आकर्षक पोशाकें, झूला, बिस्तर, दिवाली सजावट के लिए फैंसी मोमबत्तियां, दीये, रंगोली पैक, सूट, लहंगा और साड़ियां, वेस्टर्न और इंडो वेस्टर्न ड्रेस, ब्रांडेड पर्स और हैंड बैग, फैंसी आभूषण, गिफ्ट हैम्पर्स, बेकरी और कन्फेक्शनरी आइटम, हैंडलूम आइटम, बनारस व आसाम की साड़ियां, अचार, सौंदर्य उत्पाद आदि के स्टॉल लगाए गए। चाट बाजार में खूब भीड़ देखी गई।

इससे पहले मेले का उद्घाटन एमएलसी डॉ. सुधीर गुप्ता, महापौर अर्चना वर्मा और पुवायां के चेयरमैन संजय गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर किया। ओमर वैश्य महिला परिषद की अध्यक्ष सोनिया गुप्ता ने वरिष्ठ उपाध्यक्ष नीलम गुप्ता, महामंत्री रीता गुप्ता, कोषाध्यक्ष नीरू गुप्ता के साथ अतिथियों को सम्मानित किया। संगठन की सांस्कृतिक मंत्री शैली गुप्ता, स्वागत मंत्री राधा गुप्ता, पुष्पा गुप्ता, रमन गुप्ता, गीता गुप्ता, सुनीता गुप्ता, नीलम गुप्ता, अमिता गुप्ता, अंजली गुप्ता, रश्मि गुप्ता का योगदान रहा। आयोजन में कृष्ण नंदन सिंह, जसविंदर सिंह बजाज, विनोद कुमार गुप्ता, डॉ. परविंदर सिंह, अमरजीत सिंह, वीरेंद्र गुप्ता, ज्ञानदेव गुप्ता, सुमन चंद गुप्ता, सौरभ गुप्ता, अभय गुप्ता, प्रिंस गुप्ता, यश गुप्ता, अमन गुप्ता समेत बड़ी संख्या में विशिष्टजन मेले का आनंद लेते रहे।

### महिलाओं ने लगवाई मेहंदी



महिलाओं ने करवाचौथ के लिए मेहंदी लगवाई। मेला में बतौर अतिथि पहुंची महापौर अर्चना वर्मा ने भी मेहंदी लगवाई। बच्चों के मनोरंजन के लिए तरह-तरह के रोचक खेलों सिंगिंग का आनंद लिया।




## एक नजर

### वांछित आरोपी को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**खुटार।** क्षेत्र के गांव ढका के रहने वाले पूरनलाल का पुत्र नीलेश एक आपराधिक मामले में वांछित चल रहा था। उस पर पॉक्सो एक्ट की कार्रवाई भी की गई थी। शुक्रवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर खुटार पूरनपुर रोड पर स्थित लौहंगापुर गुरुद्वारा के पास आरोपी को पकड़ लिया। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### 20 लीटर कच्ची शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**खुटार।** थानाध्यक्ष राजेंद्र कुमार ने बताया कि शुक्रवार सुबह तड़के मुखबिर ने सूचना दी कि गांव लड़ती में कच्ची शराब बनाने का कारोबार हो रहा है। पुलिस ने छापेमारी कर कच्ची शराब बनाते समय गांव लड़ती निवासी फूलचंद का पुत्र छोटू को पकड़ लिया। जहां पुलिस ने 20 लीटर कच्ची शराब, बनाने के उपकरण बरामद किया है। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### एसपी ने साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया

**शाहजहांपुर।** एसपी राजेश एस ने शुक्रवार को पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर निरीक्षण किया। जवानों को शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रखने को दौड़ लगवायी। परेड में शामिल जवानों में एकरूपता व अनुशासन बनाए रखने के लिए ड्रिल कराई गई। 112 वाहनों का निरीक्षण कर निर्देश दिए है कि फागिंग व लार्वा का छिड़काव कराया जाए। निरीक्षण के समय सीओ लाइन, प्रतिक्षार निरीक्षक आदि स्टाफ मौजूद रहा।

# लघुशंका करने गए ग्रामीण का पेड़ पर लटका मिला शव

## हत्या का आरोप, बकरे की टांग टूटने पर हुआ था विवाद

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** लघुशंका करने गए ग्रामीण का शव गांव के बाहर पेड़ पर रस्सी से लटका हुआ मिला। उसके दोनों पैर जमीन पर थे और उसका अंगौछा पैरों के बीच में फंसा हुआ था। पुलिस ने शव को उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पत्नी ने हत्या का आरोप लगाया है। बकरा की टांग टूट जाने पर एक व्यक्ति से विवाद हो गया था

कांट थाना क्षेत्र के गांव चकममरेज निवासी लालाराम(50) गुरुवार की शाम आठ बजे खेत पर शौच करने के लिए गया था। वह रात साढ़े दस बजे तक घर वापस नहीं आया तो परिवार वालों की चिंता हुई। परिवार वालों ने उसकी गांव में तलाश की और गांव में पता नहीं चला। परिजन उसकी तलाश में रात में 12 गांव के बाहर तलाश करने के लिए गए। परिजनों ने टॉर्च की रोशनी में लालाराम का शव एक पेड़ से रस्सी से लटका हुआ देखा। शव मिलने की खबर पर गांव वाले एकत्रित हो गए। उसके दोनों पैर जमीन पर थे और अगोछा पैरों में लिपटा हुआ था। मृतक की पत्नी अंगूरा देवी ने थाना पर सूचना दी।


पोस्टमार्टम हाउस पर गुमसुम बैठे परिजन। ● अमृत विचार

> एक व्यक्ति का शव गांव के बाहर खेत पर पेड़ से रस्सी से लटका हुआ मिला है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।
> – **संजय कुमार**, एएसपी सिटी

प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार देर रात मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस लाइन से फोरेंसिक टीम गई और जांच करने के बाद नमूना लिया। मृतक की पत्नी ने हत्या का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि गांव के एक व्यक्ति की बकरी और बकरा उसके खेत में तीन दिन पहले

- **जमीन पर थे लालाराम के पैर पैरों के बीच फंसा था अंगौछा**

चले गए थे। उसके पति ने बकरे के डंडा मार दिया था, जिससे बकरे की एक टांग टूट गई थी। बकरा मालिक ने थाना पर शिकायत देकर तहरीर दी थी। उसके पति ने कहा था कि बकरे के पैसे ले लो और तहरीर वापस ले लो। बकरा मालिक ने उसके पति को जान से मारने की धमकी दी थी। प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार ने बताया कि व्यक्ति का शव पेड़ से लटका मिला था। परिवार वालों की तरफ से तहरीर नहीं आई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा।

## विधवा को धमकाया, हाव-भाव और सादा कपड़ों में होने के चलते हुआ शक

# दरोगा बन भूमि विवाद सुलझाने पहुंच गया युवक

संवाददाता, बंडा

**अमृत विचार :** एक युवक खुद को दरोगा बताकर गांव में जमीनी विवाद सुलझाने पहुंच गया। आरोपी दरोगा होने की धौंस देते हुए विधवा पर प्रकरण सुलझाने के लिए दबाव बनाने लगा। उसके बिना वर्दी होने व हाव-भाव से वृद्धा व उसकी बेटी को शक हो गया। उसने फर्जी दरोगा का फोटो मोबाइल में खींच लिया और पुलिस से शिकायत कर दी। पुलिस ने आरोपी को ढूंढ निकाला और शांतिभंग में चालान कर दिया।

गांव मोहनपुर भीखमपुर निवासी

- **पोल खुली तो वृद्धा की बेटी ने पीटा, बंडा पुलिस ने आरोपी का शांतिभंग में किया चालान**

विधवा इंद्रा देवी(65) ने पुलिस को बताया कि उसका देवर से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। 15 अक्टूबर को एक युवक खुद को दरोगा बताकर उनके घर पहुंचा और हड़काते हुए मामले को सुलझाने की बात करने लगा। उसने वर्दी नहीं पहन रखी थी और उसके बोलने का तरीका आदि संदिग्ध था। इस पर इंद्रा देवी और उनकी बेटी विनीता देवी ने विरोध करना

> एक युवक मोहनपुर गांव में पुलिस बनकर गया था। सूचना आने पर दरोगा को सूचित किया गया था। युवक मोहम्मदी लखीमपुर खीरी का रहने वाला है, उसका शांतिभंग में चालान किया गया है।
> – **सोनी शुक्ला**, थानाध्यक्ष

शुरू कर दिया। विवाद इतना बढ़ गया कि इंद्रा देवी की बेटी ने उस युवक को जमकर पीट दिया और उसका फोटो भी अपने मोबाइल में ले लिया। सूचना पुलिस को दी गई, हालांकि पुलिस के पहुंचने से पहले ही आरोपी भाग गया। इंद्रा देवी ने 17 अक्टूबर की शाम थाने पहुंचकर मामले में आरोपी के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने मामले की जानकारी करने के साथ ही आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया। जांच के बाद यह साफ हो गया कि युवक दरोगा नहीं था और वह अपनी धाक जमाने के लिए वर्दी का नाम इस्तेमाल कर रहा था। यह घटना पूरे गांव में चर्चा का विषय बन गई है। लोग फर्जी दरोगा बनने वाले युवक की हिम्मत पर हैरान हैं। गुरुवार को पुलिस ने उस युवक की पहचान लखीमपुर खीरी के मोहम्मदी कस्बा निवासी एक युवक के रूप में कर ली और उसका शांतिभंग में चालान कर दिया।

## कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल, रेफर

**खुटार, अमृत विचार :** कस्बा सिंधौली के गांव सुहेली निवासी हरदीप सिंह ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार सुबह दस बजे उसकी मां उसके मित्र जिला अमेठी के गांव देवरहा निवासी पंकज पांडेय के साथ बाइक से अपनी रिश्तेदारी में खुटार के गांव मैनिया जा रही थी। गांव मुरादपुर के पास कार ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे दोनों लोग घायल हो गए। हादसे में बाइक भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। एंबुलेंस से घायलों को खुटार सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने घायलों को जिला मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। पीड़ित हरदीप सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है।

# डिवाइडर से टकराकर पलटी कार, दरोगा और साथी घायल


दुर्घटनास्थल पर पुलिस और लोगों की भीड़। ● अमृत विचार

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार :** पूरनपुर रोड पर आशीर्वाद पैलेस के सामने शुक्रवार शाम करीब 7:30 बजे डिवाइडर से कर टकरा गई। कार में सवार पीलीभीत कोतवाली में तैनात दरोगा प्रकाश चंद्र शर्मा और उनके साथी रोहित कुमार (21) घायल हो गए। दोनों स्टेशन रोड, एटा कोतवाली के पास निवासी हैं।

हादसे के बाद आसपास दुकानदार और राहगीरों की भीड़ लग गई। खुटार थाने से पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घायलों को खुटार सीएचसी ले गई। जहां डॉक्टर ने गंभीर घायल दरोगा प्रकाश चंद्र शर्मा को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जबकि साथी रोहित कुमार की मरहम पट्टी करने के बाद छुट्टी दे दी। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। उधर, पुलिस ने घायलों के परिजनों को सूचना दे दी है। पुलिस ने सड़क के बीचो-बीच पलटी कार को क्रेन से हटवा लिया और थाने परिसर में खड़ा करा दिया है। गनीमत रही कि हादसे में दोनों लोग बाल-बाल बच गए।, इधर, घायल रोहित कुमार ने बताया कि वह दरोगा प्रकाश चंद्र शर्मा के साथ हाईकोर्ट इलाहाबाद किसी काम से जा रहे थे। अचानक डिवाइडर से कार टकरा गई और हादसा हो गया।

### हादसे में घायल युवक की मौत

**रोजा।** हरदोई जिले के कोतवाली के नयागांव निवासी सत्येंद्र कुमार(30) शुक्रवार की दोपहर टैंपो से शाहाबाद से शाहजहांपुर आ रहा था। हरदोई रोड पर कनेंग गांव के सामने टैंपो से अचानक गिर गया और घायल हो गया। घायल को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।

- **खुटार पूरनपुर रोड पर एक पैलेस के सामने देर शाम हुआ हादसा**


पलटी कार।

## निगोही के युवक की दिल्ली में हुए हादसे में मौत

**निगोही, अमृत विचार:** दिल्ली में प्राइवेट कंपनी में कार्यरत निगोही के युवक की वहां हुए हादसे में मौत गई। नगर पंचायत निवासी मोहल्ला गांधी नगर निवासी राजीव मिश्रा पुत्र दयानंद मिश्रा 16 अक्टूबर को सूरजमल स्टेडियम के पास रोड पार कर रहा था, तभी ऑटो ने टक्कर मार दी। जिससे राजीव घायल हो गया था। दिल्ली पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। दिल्ली पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। शुक्रवार सुबह राजीव का शव निगोही लाया गया। जहां उसके शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।


मृतक राजीव।

## दुर्घटना में बाइक सवार दंपती घायल

**कलान, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के नरसुया बदायूं फर्रुखाबाद स्टेट हाईवे मिर्जापुर की तरफ से जलालाबाद थाना क्षेत्र की गांव बथुआ मई निवासी धर्मेंद्र अपनी पत्नी रीता को बाइक पर बैठाकर कलान थाना क्षेत्र के गांव जाखिया में बहन के यहां आ रहा था। कलान की तरफ से आ रहे एक बाइक से टकरा गए, जिससे दंपती गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया है, वहीं दूसरा बाइक सवार फरार हो गया।

# बच्चे देने से मना करने पर फंदा लगा युवक ने दी जान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **गांव के बाहर पेड़ के नीचे खड़ी मिली बाइक, पत्नी से चल रहा था आदेश का विवाद**

**अमृत विचार :** पत्नी ने बच्चों को देने से मना कर दिया तो एक युवक ने गांव के बाहर पेड़ पर रस्सी का फंदा गले में डालकर जान दे दी है। उसकी बाइक खेत पर खड़ी मिली। उसकी पत्नी बच्चों को लेकर पानीपत चली गई थी। उसका पत्नी से विवाद को लेकर कोर्ट में मुकदमा चल रहा था।


मृतक आदेश कुमार।

खुदागंज थाना क्षेत्र के गांव म्यूना निवासी आदेश कुमार(32) की शादी तारा देवी निवासी महोलिया थाना बिलसंडा पीलीभीत के साथ हुई थी। गुरुवार की शाम सात बजे वह बाइक लेकर घर से निकला था। वह रात दस बजे तक घर वापस नहीं आया तो परिवार वालों को चिंता हुई। उन्होंने रात ही में उसकी तलाश की तो रात 12 बजे गांव के बाहर उसका शव रस्सी से पेड़ से लटका हुआ देखा। उसकी बाइक पेड़ के नीचे खड़ी थी। मृतक के पिता तौलेराम ने खुदागंज थाने पर सूचना दी। पुलिस ने शव को उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पिता ने बताया कि एक साल पहले उसकी पुत्र वधू तारा देवी दो बच्चों को लेकर मायके पीलीभीत चली गई थी। उसने कोर्ट में एक मुकदमा दर्ज करा दिया था। मायके के बाद परिवार वालों के साथ पानीपत चली गई थी। उसका बेटा आदेश दिल्ली में काम करता था और एक माह पहले आ गया था। उसने गांव में आकर चाय का होटल खोल लिया था। उसके बेटे की पत्नी से फोन पर बात हुआ करती थी। उसने पत्नी से कई बार कहा था कि दोनों बच्चों को हमें दे दो, लेकिन उसने मना कर दिया था। थाना प्रभारी सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि एक युवक ने खेत पर पेड़ से फांसी लगाकर जान दे दी है। उसका पत्नी से विवाद चल रहा था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### युवक ने की आत्महत्या

**शाहजहांपुर।** कलान थाना क्षेत्र के मोहल्ला ब्रहमदेव नगर निवासी रंगीले ने शुक्रवार दिन में गांव के बाहर एक पेड़ पर रस्सी का फंदा गले में डालकर आत्महत्या कर ली। परिवार वालों ने उसका शव उतार लिया और अंतिम संस्कार कर दिया। कलान थाना प्रभारी प्रभाष चंद्र ने बताया कि थाने पर कोई सूचना नहीं है।

# 14 वर्षों से लापता मध्यप्रदेश के व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत, परिजन ले गए शव

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **11 अक्टूबर को जलालाबाद में बीमारी की हालत में मिले विशाल ने बताया था घर का पता**
- **पुलिस ने मेडिकल कॉलेज में कराया था भर्ती, परिजन बोले- ठीक नहीं था मानसिक संतुलन**

**अमृत विचार :** मध्य प्रदेश के रहने वाले एक व्यक्ति की इलाज के दौरान मेडिकल कॉलेज में मौत हो गयी। वह जलालाबाद क्षेत्र में मिला था और 14 साल से लापता था। उसकी गुमशुदगी वहां पर दर्ज थी। उसका मानसिक संतुलन ठीक नहीं रहता था। जलालाबाद पुलिस को 11 अक्टूबर को ककराह गांव के सामने सड़क के किनारे मिला था।


भतीजा छोटू मेहरा।

व्यक्ति ने अपना नाम विशाल सिंह और मध्य प्रदेश का रायसेन जिला बताया था। पुलिस ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया था। जहां से डॉक्टर ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया था। पुलिस ने अज्ञात में भर्ती कराया था। इधर जलालाबाद पुलिस मध्यप्रदेश के रायसेन जिले से जानकारी कर रही थी। इलाज के दौरान उसकी बुधवार को मौत हो गयी थी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद शिनाख्त के लिए मोर्चरी में रखवा दिया था। इधर रायसेन से जलालाबाद पुलिस को फोन आया और कहा कि मृतक का परिवार शाहजहांपुर के लिए निकला है।

शुक्रवार की दोपहर छोटू मेहरा पोस्टमार्टम हाउस पहुंचा और शव की शिनाख्त चाचा विशाल सिंह के रूप में की। उसने बताया कि 2019 से उसका चाचा घर से लापता हो गए थे और थाना सलामतपुर में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। उनकी उम्र 40 साल है।

उसकी पत्नी और दो बच्चे है। उनका मानसिक संतुलन ठीक नहीं रहता था। एक साल पहले पता चला था कि हरिद्वार में है, वहां पर जाकर तलाश किया लेकिन नहीं मिले थे। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि मृतक का मानसिक संतुलन ठीक नहीं रहता था। शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

# वाहन चोरीः पांच आरोपी गिरफ्तार, आठ बाइकें बरामद

संवाददाता, निगोही/शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** एसपी के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत निगोही पुलिस ने वाहन चोर गिरोह का खुलासा करते हुए पांच वाहन चोरों को पकड़ा है। आठ चोरी की बाइकें, स्कूटी बरामद किए है। पकड़े गए चोर निगोही और पीलीभीत जिले है।

निगोही प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह चौहान गुरुवार की शाम पांच बजे सूचना मिली कि गिरगिचा रास्ते नहर की पुलिया के पास वाहन चोर गिरोह खड़ा है। पुलिस ने घेराबंदी करके पांच वाहन चोरों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए वाहन चोर विमल निवासी रामपुर बसंत जिला पीलीभीत, शोभित, राम बहादुर, अभय सिंह निवासी गिरगिचा थाना निगोही व राहुल निवासी कजरीनुरपुर थाना निगोही है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से सात बाइक व एक स्कूटी और पांच मोबाइल बरामद किए है। पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने बताया कि दिल्ली से बाइक चुराकर यहां लाते है। गांव में कम दाम में बाइक बेच देते है। अभियुक्त रामबहादुर और अभय सिंह पर पहले से दो-दो मुकदमे है।


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी और बरामद बाइकें। ● अमृत विचार

- **निगोही पुलिस ने किया वाहन चोर गिरोह का खुलासा, दिल्ली से चुराते थे बाइक**

पुलिस ने अभियुक्तों का चालान कर दिया। उप निरीक्षक रामायण सिंह, अंकित कुमार, सिपाही राहुल कुमार, परीक्षित तेवतिया, ज्ञानेंद्र यादव थे।

### मोबाइल लूटने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**जलालाबाद।** थाना प्रभारी प्रदीप कुमार राय ने बताया कि 26 सितंबर को अंकित निवासी तिकोला थाना जलालाबाद ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि एक बाइक पर सवार दो अज्ञात लोग खंडहर रोड पर उसका मोबाइल छीनकर भाग गए थे। पुलिस ने नंबर को सर्विलांस पर लगा दिया था। बुधवार दिन में कटका बहादुर तिराहे से दोनों लुटेरों को बाइक समेत गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्तों के कब्जे से लूटा गया मोबाइल बरामद कर लिया। पकड़े गए अभियुक्त फारुख व सूरज निवासी रुस्तमपुर थाना जलालाबाद है। पुलिस ने बाइक को सीज कर दिया। टीम में उप निरीक्षक राजकुमार सिंह, सिपाही अतुल कुमार, दिनेश कुमार, अनिल नागर थे।

### युवक गिरफ्तार, चोरी किया मोबाइल बरामद

**जलालाबाद/शाहजहांपुर, अमृत विचार :** एसपी के निर्देश पर चलाए गए अभियान के तहत पुलिस ने शुक्रवार को एक मोबाइल चोर को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार राय ने बताया कि 10 अक्टूबर को रामवीर सिंह निवासी हरेली नेकपुर थाना कलान ने मोबाइल चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसकी बाइक जलालाबाद में एक स्थान पर खड़ी थी और बाइक पर मोबाइल रखा था। किसी अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर ली थी। पुलिस ने नंबर को सर्विलांस पर लगाकर शुक्रवार की सुबह दस बजे थरिया गांव के निकट चोर को पकड़ लिया। पकड़ा गया चोर अनुज कुमार निवासी थरिया थाना मिर्जापुर है। उसके कब्जे से चोरी का मोबाइल बरामद कर लिया है। टीम में उप निरीक्षक राजकुमार, सिपाही आशीष, अनिल नागर थे।

# स्वास्थ्य विभाग का छापा, चेक किए अस्पताल और मेडिकल स्टोर

संवाददाता, खुटार

- **नरौठा देवी में मेडिकल स्टोर में किया जा रहा था उपचार, भरा था किराने का सामान**
- **सीएचसी प्रभारी ने नोटिस चस्पा कर दो दिन में दस्तावेज उपलब्ध कराने को कहा**

**अमृत विचार :** शुक्रवार को खुटार सीएचसी प्रभारी डॉ. संजीव कुमार टीम के साथ गांव खजुरिया पहुंचे। यहां पर श्रद्धा सबूरी मेडिकल स्टोर के पीछे बगैर रजिस्ट्रेशन के अस्पताल संचालित मिला। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मेडिकल स्टोर संचालक सुनील कुमार से बात करने की कोशिश की लेकिन वह टीम के पहुंचने से पहले ही चले गए। यहां पर स्वास्थ्य विभाग की टीम को बच्चों के उपचार के लिए नेबुलाइजर, प्रेगनेंसी जांच किट, ड्रिप और ग्लूकोज की भरी और खाली बोतले आदि भी रखी मिली।

इसके बाद टीम ने मेडिकल स्टोर व अवैध तरीके से संचालित अस्पताल में मिले कर्मचारी से मामले की जानकारी करने के साथ ही अस्पताल में तत्काल ताला डलवा कर उसे नोटिस रिसीव करने के साथ ही अस्पताल गेट पर नोटिस चस्पा कर दिया। साथ ही हिदायत दी कि दो दिन के अंदर यदि अस्पताल और मेडिकल स्टोर से संबंधित कागजात नहीं उपलब्ध कराए गए, तो उनके


मेडिकल स्टोर चेक करते सीएचसी प्रभारी डॉ. संजीव कुमार। ● अमृत विचार

खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई कराई जाएगी। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम नरौठा देवीदास चौराहे पर स्थित जावेद मेडिकल स्टोर और नूरी मेडिकल स्टोर पहुंची। जावेद मेडिकल स्टोर पर कुछ लोगों का उपचार किया जा रहा था। जिस पर टीम ने उपचार कर रहे लोगों से संबंधित कागजात तलब किए लेकिन मेडिकल स्टोर स्वामी कोई भी कागजात उपलब्ध नहीं करा पाए। मेडिकल स्टोर में किराने का सामान रखे जाने पर भी स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कड़ी नाराजगी जताई। इसके बाद टीम ने नूरी मेडिकल स्टोर पर भी जांच पड़ताल की और उनके अभिलेख तलब किए। टीम ने दोनों मेडिकल स्वामियों से दो दिन के अंदर मेडिकल और अस्पताल में किया जा रहा उपचार से संबंधित डिग्री और कागजात तलब किए हैं और डिग्रियां न दिखाने पर कार्रवाई की चेतावनी दी है।

### झोलाछाप ने खुद को मरीज समेत अंदर बंद किया



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सिंधौली प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ने झोलाछापों पर कार्रवाई की। इस दौरान छापामार टीम और झोलाछापों में दिनभर लुकाछिपी चलती रही। शुक्रवार को सिंधौली अस्पताल प्रभारी टीम के साथ झोलाछापों पर कार्रवाई को निकले। सबसे पहले सिंधौली मेन रोड स्थित अपोलो अस्पताल पर छापा मारा गया। यहां दो डॉक्टर व अन्य स्टाफ मौजूद था। कोई भी मरीज यहां भर्ती नहीं मिला। अस्पताल में मौजूद झोलाछाप को नोटिस दिया गया। मूढ़ा हारिस स्थित एसके क्लीनिक पर झोलाछाप ने मरीज सहित खुद को शटर में बंद कर लिया। बमुश्किल शटर खुलवाया तो पता चला कि डॉक्टर मोहम्मदी में रहते हैं। साथ ही तमाम एलोपैथिक दवाएं भी मौजूद मिलीं। मौके पर मौजूद व्यक्ति को नोटिस देकर क्लीनिक बंद करवा दिया। इसके बाद फातिमा क्लीनिक, आरोग्य केंद्र, बाजपुर स्थित कृष्णा पॉली क्लीनिक पर टीम पहुंचने से पहले ही डॉक्टर वहां से अस्पताल बंद करके भाग गए।

### स्वास्थ्य विभाग की छापेमारी में साईं कनक अस्पताल सीज

**पुवायां, अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की ओर से झोलाछाप व फर्जी अस्पतालों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई के चलते तीन अस्पतालों में छापेमारी की गई, जिसमें साईं कनक अस्पताल को सीज कर दिया गया। जबकि अन्य दो अस्पताल के संचालकों को नोटिस दिया गया। शुक्रवार को एसीएमओ डॉ. पीपी श्रीवास्तव ने पुवायां के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. नागेंद्र पाल के साथ अवैध तरीके से चल रहे अस्पतालों व झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कई जगह छापेमारी की। इस दौरान एसडीएम आवास रोड पर अवैध तरीके से चल रहे साईं कनक हॉस्पिटल को सीज कर दिया गया। साथ ही मोहमम्दी रोड स्थित शीतल अस्पताल में छापेमारी के दौरान आवश्यक दस्तावेज व बीएचटी रजिस्टर नहीं मिला। इसके अलावा डाक बंगला रोड पर चल रहे एसएम अस्पताल में डॉक्टर, मरीज और कोई दस्तावेज नहीं मिले, जिसके चलते शीतल अस्पताल व एसएम हॉस्पिटल को नोटिस जारी किया गया।

सत्यमेव जयते
भारत सरकार
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग

**वाइब्रेंट इंडिया हेतु पीएम यंग अचीवर्स स्कॉलरशिप अवार्ड स्कीम (पीएम-यशस्वी)**
**टॉप क्लास स्कूलों में**

**ओबीसी, ईबीसी और डीएनटी छात्रों के लिए 15000 छात्रवृत्तियां**

- **पात्रता:**
  - ओबीसी, ईबीसी और डीएनटी छात्र
  - माता-पिता/अभिभावक जिनकी वार्षिक आय 2.50 लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए
  - कक्षा 9वीं अथवा 11वीं में टॉप क्लास स्कूल में अध्ययनरत छात्र
  - 8वीं अथवा 10वीं कक्षा में 60% अथवा उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र
- **छात्रवृत्ति सहायता:** कक्षा 9 और 10 के लिए 75,000 रुपये प्रति वर्ष तक और कक्षा 11 और 12 के लिए 1,25,000 रुपये प्रति वर्ष तक*
- **चयन प्रक्रिया:** छात्रों का चयन कक्षा 8 और 10 में प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार की गई मेरिट के अनुसार और एनएसपी पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा।
- **राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पंजीकरण और आवेदन के लिए दिनांक 31.10.2024 तक खुला है।**
- **केंद्र सरकार द्वारा छात्रवृत्ति केवल आधार से जुड़े खाते में डीबीटी मोड के माध्यम से लाभार्थी को सीधे ही संवितरित की जाएगी।**

*शिक्षण शुल्क/छात्रावास शुल्क, आदि स्कूल द्वारा अपेक्षित वास्तविक आधार पर हैं।

(टिप्पणी: स्कीम के दिशा-निर्देशों, विस्तृत पात्रता मानदंडों और अन्य विवरणों के लिए, कृपया http://socialjustice.gov.in / schemes/ और https://scholarships.gov.in/ पर जाएं।

cbc 38101/11/0023/2425

## एक नजर

### आफताब ने उर्दू में उत्तीर्ण की नेट परीक्षा



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** बड़ागांव पुवायां के आफताब आलम ने उर्दू में यूजीसी नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है। मुबारक अली और मुनव्वरी के बेटे आफताब ने बताया कि उन्होंने उर्दू विषय में जून में नेट परीक्षा दी थी। सफलता पर परिवार बेहद खुश है, वहीं, जीएफ कॉलेज के डॉ. मोहम्मद साजिद खां, डॉ. मोहम्मद अरशद खां, डॉ. तजम्मुल हुसैन, राशिद हुसैन राही आदि ने भी उन्हें मुबारकबाद दी है। वह वर्तमान में गोला के एक डिग्री कॉलेज में उर्दू के प्राध्यापक हैं।

### शोभायात्रा निकाली

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रोजा स्थित वाल्मीकि मंदिर से शुक्रवार को वाल्मीकि समाज द्वारा शोभा यात्रा निकाली गई, जिसका आरंभ समिति के संरक्षक ने झंडी दिखाकर रवाना किया। यात्रा नगर में मुख्य मार्गों रोजा अड्डा, माल गोदाम से निकाली गई। जिसमें महर्षि वाल्मीकि, राम-सीता और लक्ष्मण की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। संरक्षक संत सोहन लाल पारखी, नत्थू लाल, संजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

# रात में छोड़े पशु तो लगेगा 20 हजार रुपये का जुर्माना

## डेयरी मालिकों के साथ डीएम ने की बैठक, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



डेयरी संचालकों के साथ बैठक करते डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** पशुओं को नदी किनारे ले जाने और लाने और इनसे लगने वाले जाम व रात के समय पशुओं को खुला छोड़ने पर डीएम ने डेयरी संचालकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। रात में पशु छोड़े जाने वाले पर 20 हजार रुपये जुर्माना वसूल करने के निर्देश दिए हैं। इसको लेकर शुक्रवार को डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में नगर के डेयरी मालिकों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई।

डीएम ने डेयरी मालिकों को निर्देश दिए कि सुबह आठ बजे से पहले तथा 11 से 12 बजे के मध्य ही अपने पशुओं को लाना एवं ले जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सुबह आठ बजे से 11 बजे के बीच नगर की सड़कों पर पशु आते-जाते नजर नहीं आना चाहिए। उन्होंने सभी पशु पालकों से कहा कि अपराह्न दो बजे से चार बजे के मध्य ही अपने पशुओं को वापस लाना सुनिश्चित करें। पशुओं को लाते एवं ले जाते समय एक व्यक्ति अवश्य साथ में होना चाहिए, जिससे कि पशु अनियंत्रित होकर इधर उधर न भागे और कोई घटना न घटे। उन्होंने कहा कि कोई भी डेरी संचालक गोबर नाली अथवा नाले में प्रवाहित नहीं करेगा। पशुपालक गोबर स्वयं उठाना सुनिश्चित करें अन्यथा नगर निगम से उठाने के लिए सूचित करें। कोई भी पशुपालक दूध निकालने वाला इंजेक्शन पशुओं के नहीं लगाएगा। उन्होंने कहा कि संज्ञान में आया है कि पशुपालकों द्वारा रात में पशुओं को सड़कों पर छोड़ दिया जाता है। जिलाधिकारी ने कहा कि रात में छोड़े गए पशु पकड़े जाने पर 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। इस अवसर पर नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्रा, एसपी सिटी संजय कुमार, नगर मजिस्ट्रेट प्रवेन्द्र कुमार, अपर नगर आयुक्त एसके सिंह, उपनगर आयुक्त सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

● डेयरी संचालकों द्वारा पशुओं को लाने ले जाने का समय निश्चित

### पशुओं की वजह से लग जाता है जाम

डेयरी संचालकों द्वारा पशुओं को नदी किनारे ले जाने और डेयरी स्थल पर वापस लाने का कोई समय निर्धारित नहीं होने के कारण अक्सर जाम की स्थिति पैदा हो जाती है और कई बार अचानक पशु सड़क पर दौड़ लगा देते हैं, जिस वजह से राहगीर चोटिल हो चुके हैं।

### गोबर से चोक हो जाती हैं नालियां

शहर में जिन स्थानों पर डेयरी हैं वहां आसपास रहने वाले लोगों की शिकायत है कि डेयरी संचालक गोबर नाली में बहा देते हैं, जिस कारण नाली चोक होती है और गोबर की दुर्गंध भी आती रहती है। डेयरी संचालकों से शिकायत करने पर वह एक भी नहीं सुनते हैं। मामला अधिकारियों तक पहुंचने पर डीएम ने इस संबंध में कड़े निर्देश दिए।

### कलान में बस अड्डा बनाने को एसडीएम से मांगी जमीन



रामवीर सिंह।

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** एआरएम रोडवेज ने कलान में बस अड्डा बनाने के लिए एसडीएम से जमीन की मांग की है। अगर सब कुछ ठीक रहा तो जमीन मिलने के बाद कलान में बस अड्डा बनने का रास्ता सुलभ हो जाएगा। अल्लाहगंज के गांव चिलौआ निवासी भारतीय हलधर किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव रामवीर सिंह सोमवंशी लंबे समय से कलान में बस अड्डा बनवाने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने इस संबंध में बीते महीनों में कई अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को मांग पत्र सौंपे। इसी क्रम में उन्होंने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें बताया गया था कि आजादी से लेकर अब तक कलान में बस अड्डा नहीं बनाया गया है। जिसके चलते स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह हाल तब है, जब पूरे प्रदेश के लिए कलान से बसों का आवागमन रहता है। क्षेत्र में पटना देवकली मंदिर पर्यटन स्थल है। जनहित में बस अड्डा बनना आवश्यक है। आईजीआरएस पत्र पर जिलाधिकारी कार्यालय ने एआरएम को लिखा था। जिसके बाद अब एआरएम ने मामले में एसडीएम कलान को पत्र भेजा है और जमीन देने की मांग की है। एआरएम ने एसडीएम को भेजे पत्र में कहा कि अगर वह जमीन उपलब्ध करा देते हैं तो बस अड्डा बनाना आसान होगा।

### एसडीएम ने कलान पीएचसी का किया निरीक्षण



**कलान, अमृत विचार :** एसडीएम चित्रा निर्वाल ने शुक्रवार को कलान पीएचसी का निरीक्षण किया। शाम 4 :50 बजे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी दिनेश सिंह यादव कक्ष में बैठे थे। इस दौरान अचानक उपजिलाधिकारी पहुंच गईं और हाजिरी रजिस्टर देखा। उन्होंने पूछा कि संविदा पर लगे डॉ. दिनेश प्रताप सिंह कहां हैं, तो प्रभारी ने बताया कि वह शाम पांच बजे के बाद अपनी क्लीनिक चलाते हैं। कैंटीन में पहुंची, जहां गर्भवतियों को भोजन आदि दिया जाता है। वहां मौजूद एएनएम अनुपम त्रिपाठी से जानकारी ली। इस अवसर पर फार्मासिस्ट कृष्ण गोपाल सुरेंद्र उपाध्याय आदि कर्मचारी मौजूद थे।

## समिति में किया गया डीएपी का वितरण

**कांट, अमृत विचार :** किसान सेवा सहकारी समिति (कौढ़ा) की इमलिया स्थित गोदाम पर डीएपी के आने पर समिति के सचिव सर्वेश यादव व समिति अध्यक्ष विमलेश त्रिवेदी की ओर से खाद का वितरण किया गया।

शुक्रवार दोपहर से ही किसानों की लंबी-लंबी लाइनें लग गई। सहकारी समिति पर भीड़ को देखते हुए समिति पर पुलिस भी मौजूद रही। ताकि किसानों को खाद आसानी से मुहैया कराई जा सके, लेकिन इसके बाद भी आपा-धापी की स्थिति बनी रही। प्रशासन की सख्ती के बाद अब सहकारी समितियों पर किसानों की खतौनी व आधार के साथ मोबाइल नंबर भी लाने को कहा गया हैं। किसान सेवा सहकारी समिति के सचिव सर्वेश यादव ने बताया कि खाद की कोई किल्लत नहीं है। सभी किसानों को खाद समय पर मिल जाएगी। सभी खतौनी व आधार के साथ मोबाइल नंबर भी लाएं, जो किसान वंचित रह गए हैं उनके लिए एक रैक जल्द ही आने वाली है।

## सिकंदरपुर अफगानान में हुई शिक्षा चौपाल

**जलालाबाद, अमृत विचार:** संविलियन विद्यालय सिकंदरपुर अफगानान में शुक्रवार को शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख लता सिंह उपस्थित रहीं। ब्लॉक प्रमुख ने बताया कि इन शिक्षा चौपाल का आयोजन एक अच्छी पहल है। इनका मुख्य उद्देश्य शिक्षा का उन्मुखीकरण व शिक्षा के प्रति ग्रामीण जन समुदाय का सक्रिय सहयोग और जन जागरण करना है। कार्यक्रम का आरंभ सरस्वती पूजन के साथ हुआ। इसके बाद अतिथियों का बैज लगाकर स्वागत किया गया। स्वागत के क्रम में प्रतिभा मिश्रा ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। बच्चों की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए और निपुण विद्यार्थियों को विद्यालय की ओर से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन माधव शुक्ल ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रसिद्ध, किरण, कल्पना, शिवानी, अंशिका आदि छात्राओं ने प्रतिभा किया। इस अवसर पर जुबैर, गुलाम ख्वाजा, प्रतिभा, आसमा, माधव, ओंकार, सोनी, विनीता, विकास के साथ-साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# दया और करुणा का भाव रखें, बच्चों को बनाएं संस्कारवान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● वर्षावास समापन पर धम्म दीक्षा स्मृति दिवस का आयोजन, बुद्ध के बताएं रास्ते पर चलने का किया आह्वान

**अमृत विचार :** लार्ड बुद्धा एजुकेशनल एंड कल्चरल सोसाइटी के तत्वावधान में तीन माह से चल रहे वर्षावास के समापन एवं धम्म दीक्षा स्मृति दिवस का आयोजन शुक्रवार को पुवायां रोड स्थित बुद्ध विहार में किया गया। सोसाइटी के प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश पाल एडवोकेट की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का आरंभ त्रिसरण एवं पंचशील वंदना से किया गया।

प्रांतीय सदस्य शैलेंद्र गौतम ने कहा कि सम्राट अशोक के द्वारा ली गई बुद्ध धम्म की दीक्षा के दिवस को ही संविधान निर्माता डॉ. आंबेडकर ने 14 अक्टूबर 1956 को विजयादशमी के दिन पांच लाख लोगों के साथ नागपुर के रामलीला मैदान में बौद्ध दीक्षा ग्रहण की थी। मुख्य वक्ता संघप्रिय गौतम ने कहा कि सभी को भगवान बुद्ध के बताए रास्ते पर चलना चाहिए। श्रावस्ती के बिहारधीश भंते डॉ. स्वरूपानंद और बालामऊ, हरदोई के बिहाराधीश भिक्षु करुणानंद ने कहा कि अपनी दिनचर्या में शील का अनुसरण करें, समाज में दया और करुणा का भाव बनाए रखें और बच्चों को संस्कारवान बनाएं।

शाहबाजनगर के प्रधान महेश गौतम ने वर्षावास करने वाले भिक्षुओं को उपहार और अनूप कुमार एडवोकेट ने संविधान की उद्देशिका भेंट की। इसके पश्चात इस दौरान भिक्षुओं को भोजन कराने वाले धम्म अनुयायियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सियाराम दिनकर, ज्ञानेंद्र मोहन ''ज्ञान'', पेरियार राम सागर यादव, एस एल गौतम, मनोज कुमार, जगदीश प्रसाद, बहादुर लाल आजाद, अजय वर्मा, बृजेश कुमार सहित काफी संख्या में धम्म उपासक उपासिकाएं उपस्थित रहे। संचालन वेदपाल सुमन और आभार विनोद छाबला ने व्यक्त किया।



कार्यक्रम को संबोधित करते भंते।



कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मौजूद धम्म उपासक-उपासिकाएं। ● अमृत विचार

### खिरिया के बुद्ध विहार में संपन्न हुई त्रिदिवसीय बोध कथा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** भारतीय बौद्ध महासभा की ओर से धम्म विजयादशमी के उपलक्ष्य में आयोजित त्रिदिवसीय बोध कथा कपास खिरिया में आंबेडकर बुद्ध विहार पर संपन्न हो गई। कार्यक्रम का आरंभ बुद्ध विहार के संस्थापक-अध्यक्ष एवं महासभा के जिला संरक्षक मलिखान सिंह दिनकर एडवोकेट व प्रधान उषा देवी ने किया। इस मौके पर राष्ट्रीय कवि आरएल बौद्ध ने कहा कि समाज में व्याप्त कुरीतियों व अंधविश्वास का परित्याग कर वैज्ञानिक सोच अपनाकर देश के विकास में योगदान दें। राष्ट्रीय मिशन प्राचारिका जूली बौद्ध ने कहा कि सम्राट अशोक के जनहित के कार्यों से प्रेरणा लेकर सभी लोग समतामूलक समाज की स्थापना में अपना योगदान दें। प्रांतीय संयुक्त मंत्री महेंद्र सिंह दिनकर ने आगंतुकों का आभार ज्ञापित किया। अन्य वक्ताओं में जिलाध्यक्ष बलवीर सिंह गौतम, धनिया सिंह टाइगर, खुशीराम, सुनील कुमार, चंद्र मुकुट सुमन, संस्काराचार्य आचार्य गोधन लाल अटल, मेजर वीरेंद्र प्रताप, ग्यारी लाल, डॉ .पवन सिंह दिनकर, मुनेंद्र सिंह, अमर सिंह दिनकर, फूल सिंह दिनकर आदि की उपस्थिति रही।

# खो-खो टीम में जगह पक्की करने को दिखाया दम

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते जीएफ कॉलेज के क्रीड़ा सचिव प्रो. फैयाज अहमद। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जीएफ कॉलेज में विवि स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चल रही चयन ट्रायल श्रंखला की कड़ी में शुक्रवार को महिला-पुरुष खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। टीम में स्थान पाने के लिए छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिता में बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया।

प्राचार्य प्रो. मोहसिन हसन खां ने प्रतियोगिता का आरंभ करते हुए कहा कि छात्र-छात्राओं को शिक्षा के साथ खेलों की ओर भी ध्यान देना चाहिए। खेलों से व्यक्ति का संपूर्ण विकास होता है। खो-खो पुरुष क्लब के अध्यक्ष डॉ. रोशन सिंह और महिला क्लब की अध्यक्ष डॉ. हिना के नेतृत्व में चले ट्रायल में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर महाविद्यालय की टीम गठित की गई।

● जीएफ कॉलेज में ट्रायल आधार पर चुनी गई महिला-पुरुष टीम

पुरुष टीम में रजनीश यादव, मोहम्मद बिलाल, सिद्धार्थ कुमार, सुमित कुमार, आदर्श, निर्देश कुमार, विशाल, कपिल, सिद्धार्थ, दीपेंद्र, अनुराग पाल, रोचक, अकरम और हिमांशु पाल तथा महिला टीम में प्रिंसी, प्रतिमा, मिली मौर्या, नूर शीरी, अलीशा नायाब, दिव्यांशी, अलवीरा, कशिश, कुमुद, बबली, राधा और यामिनी का चयन किया गया।

क्रीड़ा सचिव प्रो. फैयाज अहमद ने बताया कि चयनित पुरुष टीम अंतरमहाविद्यालयीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग के लिए कृष्णा लॉ कॉलेज बिजनौर और महिला खिलाड़ी गोकुलदास गर्ल्स हिंदू कॉलेज, मुरादाबाद जाएंगी। इस मौके पर डॉ. मोहम्मद शोएब, डॉ. परवेज़ मोहम्मद, डॉ. मोहम्मद तुफ़ैल खां, डॉ. जमाल अख्तर सिद्दीकी, डॉ. शाइस्ता खान आदि मौजूद रहे।



मेडिकल कॉलेज में मशाल लेकर दौड़ लगाते प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार। साथ में हैं इंपल्स महोत्सव समिति के सदस्य और प्रतिभागी। ● अमृत विचार

# मेडिकल कॉलेज में इंपल्स नामक खेल महोत्सव शुरू

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● प्राचार्य ने फीता काट और कबूतर उड़ाकर किया आरंभ
● मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ शुरू हुए खेलकूद

**अमृत विचार :** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय (राजकीय मेडिकल कॉलेज) में आठ दिवसीय इंपल्स- 2024 नामक खेलकूद एवं सांस्कृतिक महोत्सव शुरू हुआ। शुक्रवार से शुरू हुआ महोत्सव 25 अक्टूबर तक चलेगा, जिसके अंतर्गत विभिन्न खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी।

इंपल्स महोत्सव का आरंभ प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार ने फीता काटकर और शांति के प्रतीक कबूतर उड़ाकर किया। इसी कड़ी में प्राचार्य ने आयोजन समिति के सदस्यों और प्रतिभागियों के साथ मशाल लेकर मैदान का चक्कर लगाया और महोत्सव शुरू करने की घोषणा की। इसके बाद एमबीबीएस के छात्र-छात्राओं ने मार्च पास्ट किया और मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर तालियां बटोरीं। उद्घाटन समारोह के बाद मैराथन रेस समेत कई अन्य प्रतियोगिताएं कराई गईं, जिनमें मेडिकल छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। स्पोर्ट्स चेयरपर्सन डॉ. अमित कुमार सक्सेना, स्पोर्ट्स सेक्रेटरी डॉ. देवेश कुमार, कल्चरल चेयर पर्सन डॉ. राणा प्रताप सिंह, कल्चर सेक्रेटरी डॉ. किरन मलिक की देख रेख में चले कार्यक्रम में दीपक रस्तोगी, डॉ. नीरा गोयल, डॉ. अनिल कुमार, डॉ. मनीष दिवाकर, डॉ. विनोद कुमार, डॉ. गौरव, डॉ. शशांक गंगवार, डॉ. शिल्पी सिंह, डॉ. बृजेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने ड्रग इंस्पेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**पुवायां, अमृत विचार :** जिला केमिस्ट एसोसिएशन एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को को ड्रग इंस्पेक्टर को शिष्टाचार व उनके सहयोग के लिए ज्ञापन सौंपा। दिए हुए ज्ञापन में जिला अध्यक्ष संचित सिंह ने ड्रग इंस्पेक्टर से कहा कि सभी पदाधिकारियों का उद्देश्य आपके साथ सहयोग करना व सरकार के मानकों को बनाए रखना है। हमारी संस्था हर संभव कार्य करेगी। बताया कि शेड्यूल एच-1 की विस्तृत जानकारी हो, नियमों और विनियमों के पालन में सहयोग, लाइसेंस नवीनीकरण में सहयोग व दवाइयों या दवा विक्रेता पर सरकार की ओर से बनाए गए नियमों की जानकारी चाहते हैं। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष संचित सिंह, महामंत्री लक्ष्मण प्रसाद, कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र सक्सेना, संरक्षक पुरुषोत्तम गुप्ता, चेयरमैन नरेश चंद्र गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरि ओम अग्रवाल, इंद्र जीत सिंह, संदीप चावला आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# महर्षि वाल्मीकि की संस्कृत में लिखी रामायण ही प्रमाणिक

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



कार्यक्रम में विचार रखते प्रांत संगठन मंत्री नरेंद्र भागीरथी।

● संघ कार्यालय पर मनाई गई वाल्मीकि जयंती पर वक्ताओं ने रखे विचार

**अमृत विचार:** संस्कृत भारती के तत्वावधान में शुक्रवार को टाउनहाल स्थित संघ कार्यालय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। संस्कृत के आदिकवि महर्षि वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में हुई गोष्ठी में मथुरा के प्रांत संगठन मंत्री नरेंद्र भागीरथी ने कहा कि भारत को परम वैभवशाली बनाने के लिए संस्कृत का प्रचार आवश्यक है। महर्षि वाल्मीकि ने संस्कृत में रामायण की रचना कर महान कार्य किया है।

नरेंद्र भागीरथी ने कहा कि संस्कृत के ज्ञान से जीवन शुद्ध और पवित्र बनता है। जिला संयोजक आचार्य चंदन शास्त्री ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि द्वारा संस्कृत भाषा में लिखित रामायण ही शुद्ध एवं प्रमाणिक है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम जैसे चरित्रवान व मर्यादित युवाओं के निर्माण के लिए संस्कृत भाषा अत्यधिक उपयोगी है। विभाग संयोजक संत कुमार मिश्र ने कहा कि संस्कृत भारती पत्राचार, संभाषण शिविर, बाल केंद्र, गीता शिक्षक, गोष्ठी आदि के माध्यम से संस्कृत का प्रचार करती है, जिससे लाखों लोग संस्कृत सीखकर लाभान्वित हो रहे हैं।

इस अवसर पर उन्होंने 26 एवं 27 अक्टूबर को अलीगढ़ में होने वाले प्रांत कार्यकर्ता सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करने का आह्वान किया। गोष्ठी में करुणाकांत, अवधेश कुमार, दीक्षांत भोजवाल, सुधाकर मिश्र सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

### बिजली चोरी, बकाया जमा न करने में 14 पर एफआईआर

**जैतीपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के कुलुआबोझ और जल्लापुर गांव में शुक्रवार को अवर अभियंता नरेंद्र कुमार के नेतृत्व में चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान 30 लोगों के कनेक्शनों की जांच की गई। टीम के पहुंचते ही जो लोग बिना कनेक्शन के केबिल फंसाकर बिजली जला रहे थे, वे लोग आनन-फानन में अपने तार उतारने में जुट गए। तमाम लोग घर में ताला लटकाकर इधर-उधर हट गए। अवर अभियंता ने बताया कि कुल 30 घरों में चेकिंग की गई। इस दौरान विद्युत चोरी में और बकाया जमा न करने पर धारा 138 के तहत 14 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई। इसके साथ ही बकाया के 14000 हजार रुपये जमा कराए गए।

अमृत विचार
MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
60000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकॉम की जाँच उपलब्ध
8077344353
समय प्रातः 10 से 4 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक
डॉ. आदित्य त्यागी MBBS, DOMS, DNB MNAMS CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

चरक हैल्थ केयर
चरक पैथलैब
डॉ. राकेश मिश्रा
(MD, Dip Cardiology)
हृदय, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर एवं श्वांस रोग विशेषज्ञ
नियर चाट बाजार रोड़, 39-बी, एकता नगर, बरेली।
समय : प्रातः 9:00 am-10 am एवं सायं 3:00 pm-5:30 PM
मो. 9410200042, 9410200047

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा, ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ताजुश्शरिया हॉस्पिटल के सामने, जगतपुर रोड, निकट बीसलपुर चौराहा, बरेली

# शुद्ध पेयजल से ग्रामीण वंचित... हर घर जल मिशन योजना फेल

## हाल बदहालः ग्राम पंचायत मल्हपुर में दो वर्ष बीत जाने के बाद भी पाइप लाइन डालने का कार्य पूरा नहीं

संवाददाता, कांट

**अमृत विचार :** ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सरकार की महत्वपूर्ण हर घर नल जल योजना का इन दिनों कांट सहित पूरे जनपद में बुरा हाल है। हर घर नल जल योजना के तहत प्रत्येक घर को शुद्ध पीने का पानी उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से जल जीवन मिशन के तहत गांवों में काम चल रहा है। इस योजना का काम लगभग दो से तीन साल पूर्व शुरू हुआ जो अभी भी सैकड़ों पंचायत में पूर्ण नही हुआ है। जिससे लोगो के घरों में नल से जल पहुंचना एक सपना है।

ग्रामीणों व पंचायत प्रतिनिधियों का कहना है कि योजना के तहत पानी टंकी निर्माण से लेकर पाइप लाइन विस्तार के साथ सभी घरों में नल का कनेक्शन किया जाना है। लेकिन, विभागीय अधिकारियों व ठेकेदार की मिलीभगत से निर्माण कार्य में लेटलतीफी, स्तरहीन सामग्री का इस्तेमाल, घटिया निर्माण के खेल चल रहा है। जिससे इस जनकल्याणकारी योजना का लाभ आम लोगों को नहीं मिल पा रहा है। कांट विकासखंड के ग्राम पंचायत मल्हपुर में एनसीसी कंपनी के तहत हर घर नल योजना के अंतर्गत गांव में पाइप लाइन का कार्य प्रारंभ किया गया लेकिन लगभग दो वर्ष बीत जाने के बाद भी कार्य पूर्ण नही सका। ठेकेदारों ने गांव की लगभग सभी गलियों को खोदकर डाल दिया। इनमें से जिन गलियों को बंद किया गया, उनमें सही से इंटरलॉक एवं खड़ंजे को बिछाया तक नहीं गया। ईंट खड़ंजे में सही सेट न होने के कारण गाड़ी एवं बाइक निकालने में दिक्कत होती है और पैदल चलने वाले राहगीर ठोकर के साथ चोटिल हो जाते हैं। इस बीच कार्यदायी संस्था द्वारा सड़क के बीच में खोदाई कर पाइपलाइन बिछाया गया, लेकिन विगत दिनों हुई बारिश के बाद मिट्टी बैठने से रास्ते पूरी तरह से बदहाल हो गए। ऐसे में ग्रामीणों को इन रास्तों से निकलने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए बदहाल हुए ऐसे मार्गों की मरम्मत कराए जाने की मांग की है।



मल्हपुर गांव में बीच से टूटी गली। ● अमृत विचार




गांव की जर्जर हाल सड़क। ● अमृत विचार

### कौन सी सड़क और गली खोद दी जाए पता नहीं

लोगों का कहना है कि पिछले दो वर्षों में इस योजना ने पूरे गांव की सड़कों, गलियों का सत्यानाश कर दिया है। कब कौन सी सड़क और गली खोद दी जाए, लोगों को पता नहीं। इस योजना की कार्य की गति को देख यह कह पाना कठिन है कि यह कब पूर्ण होगी।

- पाइपलाइन के लिए खोदी गईं गलियां उसी हाल छोड़ी
- ग्रामीणों ने की बदहाल मार्गों की मरम्मत कराए जाने की मांग

> पेमेंट के कारण दिक्कत आ रही है, इसलिए काम पूरा नहीं हो पा रहा है, यह समस्या केवल मल्हपुर में ही नहीं ब्लॉक की लगभग सभी गांव में यही हाल है। – **कमलेश वर्मा**, सहायक अभियंता एवं ब्लॉक इंचार्ज, एनसीसी कार्यदायी संस्था



गांव में हर घर तक नल का जल पहुंचाने के लिए लगभग दो वर्ष पूर्व कार्य शुरू कराया गया था लेकिन अभी तक काम पूरा नहीं हो पाया है। गलियों में पाइप बिछाने के लिए गड्ढा खोदकर छोड़ दिया गया है। कई घरों में कनेक्शन भी नहीं दिया गया है। गांव के लगभग दर्जनों घरों में पानी की एक बूंद भी नहीं टपकी।
– **राम प्रताप मिश्रा**, पूर्व प्रधानाध्यापक



ग्राम पंचायत में पाइप लाइन डालने से गांव के कई मुख्य रास्ता बदहाल स्थिति में पहुंच गए हैं। बारिश के बाद खड़ंजे की मिट्टी धंसने से गड्ढा हो गया है। जिससे आवागमन में परेशानी हो रही है। इन रास्ते पर विद्यालय भी स्थित है। प्रतिदिन बच्चे इस मार्ग में उलझकर चोटिल हो रहें हैं। लेकिन विभाग संवेदनहीन बना हुआ है।
–**प्रदीप मिश्रा**, पूर्व प्रधान



गांव के मुख्य मार्ग पर ठेकेदार द्वारा पाइप डालने के नाम पर कई महीने से गांव की गलियां सड़क खोद कर छोड़ दी गई है। जिससे ग्रामीण परेशान हैं। कमोबेश कई ग्रामसभाओं में यही हाल होने से लोग परेशान हैं। समस्या के बाबत शिकायत करने के बावजूद कंपनियां मनमानी कर रही हैं।
–**अनुराग मिश्रा**, प्रधान

## किराना की दुकान पर छापा, विस्फोटक सामग्री मिली



**जलालाबाद/शाहजहांपुर, अमृत विचार :** एसपी के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने कस्बा में एक किराना की दुकान पर छापा मारकर भारी मात्रा में अवैध रूप से विस्फोटक सामग्री बरामद की है। दुकानदार भाग निकला। पुलिस ने दुकानदार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार राय को गुरुवार की शाम सात बजे सूचना मिली कि कस्बा में एक किराना की दुकान के पीछे गोदाम है। गोदाम में अवैध रूप से पटाखे, आतिशबाजी आदि सामग्री पुलिस दुकान पर जैसे पहुंची तो दुकानदार मौका पाकर भाग गया। पुलिस ने किराना की दुकान के पीछे गोदाम चेक किया तो भारी मात्रा में पटाखे, आतिशबाजी बरामद की। फरार दुकानदार सौरभ उर्फ शीटू निवासी गुनारा मोड़ थाना जलालाबाद है। पुलिस ने दुकान के अंदर स्थित गोदाम में 9 अदद गत्ता कार्टून, छह बोरे प्लास्टिक के बरामद किए है। पुलिस ने कार्टून और बोरे में पटाखे, छुरछुरिया, अनार, फुलझड़ी, रॉकेट, बुलेट पटाखा, अनार आदि था। पुलिस ने फरार दुकानदार सौरभ के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर ली है। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार राय ने बताया बरामद पटाखे आदि अवैध रूप से भंडारण था। पुलिस दुकानदार की तलाश कर रही है। पुलिस टीम में निरीक्षक अपराध रवि शंकर यादव, उप निरीक्षक जुगेश कुमार, सुशान्त रावत, सिपाही सुमित कुमार, दिनेश कुमार, विक्रांत, अनिल नागर थे।

## अवैध गैस गोदाम मामले में एरिया मैनेजर करेंगे जांच

**पुवायां, अमृत विचार :** पुवायां के गढ़ी मोहल्ला में गुरुवार को पकड़े गए अवैध गैस सिलेंडर के मामले में कंपनी के एरिया मैनेजर जांच कर एसडीएम को रिपोर्ट देंगे। नगर के मोहल्ला गढ़ी के परशुराम नगर में गुरुवार को राममोहन गुप्ता के यहां पकड़े गए अवैध सिलेंडरों के गोदाम के मामले में एसडीएम संजय पांडे ने एरिया मैनेजर से जांच रिपोर्ट मांगी है। एसडीएम संजय पांडे ने बताया कि पूर्ति निरीक्षक की ओर से रिपोर्ट बनाकर गैस कंपनी के एरिया मैनेजर के पास भेज दी गई है। कंपनी के एरिया मैनेजर बताएंगे कि कौन से सिलेंडर किस एजेंसी से आए थे और क्या मामला था। पूरी रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## कोर्ट के आदेश के बाद भी कब्जा मुक्त नहीं हुई भूमि

**पुवायां, अमृत विचार :** जंगलपुर गांव के भजन सिंह ने एसडीएम को पत्र देकर भूमि को कब्जा मुक्त कराए जाने की मांग की है। भजन सिंह ने बताया कि इस मामले में पूर्व में कोर्ट ने आदेश किया था। जंगलपुर गांव के भजन सिंह एवं उनके भाई सुच्चा सिंह के बीच जमीनी विवाद था। मामले में भजन सिंह ने कोर्ट में बंटवारा का मुकदमा दायर किया था। जिस पर कोर्ट ने आदेश करते हुए दोनों का अलग-अलग बंटवारा कर दिया। कोर्ट द्वारा बंटवारे कस आदेश होने के बाद भी सुच्चा ने भूमि पर कब्जा नहीं छोड़ा। इसके बाद भजन द्वारा एसडीएम से शिकायत करने पर एसडीएम में चार सदस्य टीम गठित करते हुए कार्रवाई की आदेश दिए थे, टीम में राकेश शरन राजस्व निरीक्षक, बिहारी लाल लेखपाल, विजय सिंह लेखपाल, गिरीश त्रिवेदी लेखपाल शामिल थे। टीम ने रिपोर्ट एसडीएम को सौंप दी।

## दुर्घटना में पुवायां के स्कूल की बस क्षतिग्रस्त

**बिलसंडा, अमृत विचार :** बच्चों को घर से लेने जा रही पुवायां के एक निजी स्कूल की बस में ट्रैक्टर के पीछे जुड़े मिक्सर मशीन की साइड लग गई। जिसमें बस क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि उस वक्त बस में बच्चे सवार नहीं थे। बता दें कि पुवायां के एक स्कूल में करेली क्षेत्र से तमाम बच्चे शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रतिदिन सुबह बस में सवार होकर जाते हैं। सुबह बस बच्चों को उनके घर से लेकर जाती है, और विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने के उपरांत उसी बस से बच्चे अपने घर के लिए आते हैं। शुक्रवार सुबह जब स्कूल बस बच्चों को लेने जा रही थी। दूसरी तरफ रोड निर्माण करने वाले उपकरणों को एक ट्रैक्टर में जोड़कर ले जा रहे थे। करेली गांव के समीप जैसे ही बस ने ट्रैक्टर को क्रॉस किया तो ट्रैक्टर में जुड़ी हुई मिक्सर मशीन बस की साइड में लग गई। इससे बस के शीशे क्षतिग्रस्त हो गए।

## पत्रकार रितेश माथुर के पिता का निधन

**शाहजहापुर, अमृत विचार :** मोहल्ला मक्कू बजरिया निवासी पत्रकार रितेश माथुर के पिता राजपाल माथुर(75) का शुक्रवार रात आठ बजे निधन हो गया। वह काफी दिनों से बीमार चल रहे थे। उनकी अंत्येष्टि शनिवार को दोपहर 12 बजे गर्रा पुल मोक्षधाम पर होगी। उनके निधन पर राजनीतिक पार्टी के नेताओं, पत्रकारों और समाजसेवी संगठनों ने गहरा दुख व्यक्त किया है।

# जेसीबी से तालाब की सफाई के दौरान झोपड़ी टूटने पर प्रधानपति को पीटा

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार :** जेसीबी से तालाब की सफाई के दौरान झोपड़ी टूट जाने पर कुछ लोगों ने प्रधान पति की पिटाई कर दी और सफाई कार्य रुकवा दिया। पीड़ित ने मामले की तहरीर दी है।

ग्राम पंचायत नवदिया ओरीलाल के प्रधान पति रणधीर कुमार ने पुलिस को बताया कि वह हरिजन हैं। उसकी ग्राम पंचायत में तालाब में गंदगी की वजह से कई घरों का गंदा पानी गांव के मेन चौराहे से होकर रोजगार सेवक के मकान तक भरता था। जिससे गांव में गंदगी होने की वजह से बच्चों के साथ ही लोगों को आने जाने में काफी परेशानी होती थी, साथ ही बीमारी का खतरा भी था। 14 अक्टूबर को खुटार थाने में समाधान दिवस पर एसडीएम को अवगत कराने के बाद राजस्व विभाग, पंचायत विभाग और पुलिस टीम को गठित किया गया था। 17 अक्टूबर को समस्या का निस्तारण के लिए गठित टीम गांव गई थी। शुक्रवार को जेसीबी से तालाब की सफाई कराई जा रही थी। इस दौरान तालाब के पास में एक झोपड़ी टूट गई। इस पर विवाद होने लगा। आरोप है कि गांव के ही 12 लोग आए और गाली गलौज करने लगे और सफाई अभियान बंद कराकर धमकी दी और लाठी डंडों से पिटाई कर दी। बचाने आए गांव के ही रामबहादुर, केसरी नन्दन, जगदीश प्रसाद को भी उक्त लोगों ने गाली गलौज कर पीटा। जिससे सभी को गुम चोटें आई है। उक्त लोग काफी दबंग किस्म के है। प्रधान पति रणधीर कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं थानाध्यक्ष राजेंद्र कुमार ने बताया कि तहरीर मिली है। मामले की जांचकर कार्रवाई की जाएगी।



तालाब में अधिक पानी भर जाने से गांव की गली में भरा गंदा पानी। ● अमृत विचार

- खुटार की घटना, पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का दिया आश्वासन



जेसीबी से की जा रही सफाई।

# अपहृत किशोरी को बरेली में 20 हजार रुपये में बेचा

संवाददाता, तिलहर/शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** एसपी के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत एक नाबालिग किशोरी का अपहरण करके बेचने के चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों ने दो माह पूर्व अपहरण कर उसे बरेली में एक युवक को 20 हजार रुपये में बेच दिया था। पुलिस ने किशोरी को बरामद कर लिया।

तिलहर के उप निरीक्षक बालक राम ने बताया कि क्षेत्र के एक गांव की 16 वर्षीया किशोरी को दो माह पूर्व अभियुक्त अगवा करके ले गए थे। पुलिस ने आरोपी तिलहर क्षेत्र के सुखदेव, उसकी पत्नी जयंती के खिलाफ दर्ज किया था। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई थी। पुलिस को शुक्रवार की सुबह सात बजे सूचना मिली कि तिलहर रेलवे स्टेशन के पास आरोपी खड़े है। पुलिस ने आरोपी सुखदेव, उसकी पत्नी जयंती व बरेली के मनोज को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान अभियुक्त सुखदेव ने बताया कि दो माह पहले गांव की एक लड़की को अगवा करके ले गया था। उसको भगाने में उसकी पत्नी जयंती का सहयोग था। वह गांव से किशोरी को बरेली ले गया था। आरोपी ने बरेली में मनोज के हाथ 20 हजार रुपये किशोरी को बेच दिया था। अभियुक्त मनोज ने बताया कि उसकी जान पहचान सुखदेव से हो गयी थी। सुखदेव ने उससे कहा था कि तुम्हारी शादी नहीं हुई है और एक लड़की से शादी करवा दूंगा। इसके लिए 20 हजार रुपये देने होगे। उसने सुखदेव को रुपये दे दिए थे और उसकी पत्नी व सुखदेव लड़की को उसके पास बरेली छोड़कर चले गए थे। आरोपी मनोज ने उससे शादी कर ली थी, वह पत्नी के रूप में रखने लगा था। पुलिस ने किशोरी को भी बरामद करके चिकित्सीय परीक्षण कराया। टीम में मुख्य आरक्षी शिव कुमार, महिला सिपाही प्रीति थी।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। ● अमृत विचार

- महिला समेत तीन आरोपी गिरफ्तार, किशोरी का कराया चिकित्सीय परीक्षण

# मेरे सिर पर रख दो हाथ अपना राधा रानी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** कृष्णानगर कॉलोनी स्थित श्री कृष्णा मंदिर की ओर से कार्तिक मास में शुरू की गई प्रभातफेरी में महिलाओं, पुरुषों और युवाओं ने बढ़ चढ़ कर सहभागिता करनी शुरू कर दी है। दूसरे दिन की प्रभातफेरी का स्वागत शुक्रवार को सतीश चंद्र गुप्ता परिवार ने कृष्णानगर मंदिर में किया।

ड़के तमाम श्रद्धालु कृष्णानगर मंदिर से लड्डू गोपाल को गोद में लेकर ढोलक, झांझ, मजीरा बजाते हुए और मंगल गीत गाते हुए हुंडाल खेल स्थित सतीश चंद्र गुप्ता के आवास पर पहुंचे, जहां पुजारी अखिलेश शास्त्री ने लड्डू गोपाल का पूजन कराया। यहां से सभी लोग संकीर्तन करते हुए वापस मंदिर आ गए और यहां भजन कीर्तन का सभी ने आनंद लिया। इस अवसर पर अनिल कक्कड़ ने आओ आओ गजानन आओ, आके भक्तों का मान बढ़ाओ, रविंद्र मिश्रा ने वो छलिया नंद को री जोगनिया बनाय गयो री, पार्थ सचदेवा ने मेरे दिल को छू गयी है मुस्कान तेरी प्यारे, शिवांश गुप्ता ने ओ वृंदावन के जादूगर तूने मेरे मन को मोह लिया, देवेंद्र खुराना ने मेरे रमण बिहारी लाल, हरीश बजाज ने मेरे सिर पर रख दो हाथ अपना राधा रानी और अंकित सचदेवा, नवीन सचदेवा आदि ने भजन सुनाए। भजनों पर झूमते महिलाओं-पुरुषों ने जमकर नृत्य किया और फूलों की होली खेली। प्रधान सुशील नारंग, जगदीश गोगिया, दीप कुमार गुप्ता, अंकुर गुप्ता, सरिता गुप्ता, श्वेता गुप्ता, सचिन गुप्ता, शिखा गुप्ता, विकास गुप्ता, ऋषभ शुक्ला, मनीष गोगिया, दिवाकर मिश्रा, मंजू मिश्रा, कुसुम शर्मा, सुनीता शर्मा आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।



श्री कृष्णा नगर मंदिर में भजनों पर झूमते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

- श्री कृष्णा नगर मंदिर में कार्तिक मास में गूंजे भजन-कीर्तन

## सार-संक्षेप

### रेलवे के जीएम आज करेंगे शाहजहांपुर व रोजा स्टेशन का निरीक्षण

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा आज शाहजहांपुर और रोजा रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करेंगे। निरीक्षण को लेकर स्टेशन पर अधिकारियों ने शुक्रवार को तैयारियां की। इस दौरान मुरादाबाद के डीआरएम आदि मौजूद रहे। महाप्रबंधक शनिवार की सुबह साढ़े चार बजे नई दिल्ली-लखनऊ एसी एक्सप्रेस से यहां रेलवे स्टेशन पर पहुंचेंगे। निरीक्षण को लेकर अधिकारी शाहजहांपुर और रोजा स्टेशन पर तैयारी पर जुटे है।

### सीसीएम ने पार्सल, टिकट घर का किया निरीक्षण

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** नई दिल्ली से मुख्य वाणिज्य प्रबंधक मनीषा गुरुवार की रात एक बजे दिल्ली-फैजाबाद एक्सप्रेस से यहां आई। उन्होंने जनरल टिकट घर का निरीक्षण किया। उन्होंने टिकट घर की आय देखी और स्टाफ के बारे में जानकारी की। अभिलेखों को देखकर पार्सल घर का निरीक्षण किया। प्लेटफार्म एक स्थित द्वितीय श्रेणी प्रतीक्षालय का भी निरीक्षण किया और यात्रियों से बातचीत की। निरीक्षण में सब कुछ ठीक मिला। वाणिज्य प्रबंधक रात दो बजे लखनऊ-नई दिल्ली एसी एक्सप्रेस से दिल्ली वापस चली गयी।

### अधिवक्ता दोदराम निर्विरोध विजयी घोषित



**तिलहर, अमृत विचार :** चीनी मिल उपसभापति के पद पर एकल नामांकन के चलते अधिवक्ता दोदराम कुशवाहा को निर्विरोध विजयी घोषित किया गया। दि किसान सहकारी चीनी मिल में उपसभापति के चुनाव में भाजपा समर्थित प्रत्याशी अधिवक्ता दोदराम कुशवाहा ने कटरा विधायक वीर विक्रम सिंह प्रिंस, ददरौल विधायक अरविंद सिंह, डीसीबी के चेयरमैन डीपीएस राठौर, भाजपा जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा सहित तमाम भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ अपना नामांकन पत्र निर्वाचन अधिकारी एसडीएम जीत सिंह राय के समक्ष जमा किया। दूसरे किसी प्रत्याशी ने नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया। निर्वाचन अधिकारी एसडीएम जीत सिंह राय ने अधिवक्ता दोदराम कुशवाहा को विजय घोषित कर प्रमाण पत्र सौंपा। कटरा खुदागंज के पूर्व चेयरमैन सुधीर सिंह, मुन्ना सिंह कुशवाहा, अधिवक्ता आशुतोष सिंह, पूर्व सभापति सुरेश पाल सिंह, सुशील बाबू गुप्ता, राम लखन कुशवाहा, आशीष, धर्मवीर गंगवार सहित सभी डायरेक्टर मौजूद रहे।

### देवेंद्र निर्विरोध बने चीनी मिल के उपसभापति



**पुवायां, अमृत विचार :** संचालक चुनाव के बाद उपसभापति का निर्विरोध चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें देवेंद्र अवस्थी को निर्विरोध चीनी मिल का उपसभापति चुना गया। गन्ना विकास समिति के चुनाव के बाद किसान सहकारी चीनी मिल करनापुर के उपसभापति का चुनाव शुक्रवार को संपन्न हो गया। चुनाव में सभी संचालक लक्ष्मण प्रसाद, मोहनलाल, कुसुम अवस्थी, नन्ही देवी, जगदीश सिंह, संजय त्रिपाठी, राजेंद्र सिंह, श्रीकांत, सरबजीत सिंह, अनिल कुमार गुप्ता ने सर्वसम्मति से पुवायां के संचालक देवेंद्र अवस्थी को उपसभापति चुना। देवेंद्र के उपसभापति चुने जाने पर भाजपा जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा ने फूलमाला पहनाकर स्वागत किया, साथ ही अन्य सभी कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया।

### शिविर लगाकर सहयोग संस्था ने की समाज सेवा



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** बिना किसी अपेक्षा के निस्वार्थ भाव से सेवा कर कोई भी व्यक्ति या संस्था समाज सेवा में अहम किरदार निभा सकता है। इसी भाव से सहयोग संस्था ने अल्प अवधि में ही अपनी पहचान बनाई है। यह विचार सहयोग संस्था की ओर से ओसीएफ रामलीला मैदान में 2 से 16 अक्टूबर तक आयोजित निःशुल्क प्राथमिक उपचार शिविर के समापन पर आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह यादव ने व्यक्त किए। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्रा, डॉ. विजय प्रताप सिंह, संस्था अध्यक्ष नेहा यादव सक्सेना, संस्था के संरक्षक शाहनवाज खान एडवोकेट, अनिल गुप्ता प्रधान, कार्यक्रम संयोजक निखिल महेंद्रु, सचिव डॉ. पुनीत मनीषी, कोषाध्यक्ष महेंद्र दुबे, निखिल महेंद्रु, विकास सक्सेना आदि रहे।

### राम ने मारा बाण...लंकापति रावण के निकले प्राण

**खुटार, अमृत विचार :** शुक्रवार दोपहर रामलीला मैदान में कलाकारों ने राम-रावण युद्ध का मंचन किया। श्रीराम द्वारा लंकापति रावण पर किए जा रहे बाणों के प्रहारों का कोई असर नहीं हो रहा था, तभी विभीषण के बताने पर भगवान राम ने रावण की नाभि को लक्ष्य बनाकर तीर चलाया। तीर लगते ही रावण की नाभि का अमृत सूख गया और भूमि पर गिर पड़ा। रावण के प्राण छूटने के समय राम-राम का नाम मुख से निकलता रहा। रावण के भूमि पर गिरते ही देवताओं, ऋषियों आदि ने श्रीराम की जयकार कर पुष्प वर्षा की। श्रीराम ने अनुज लक्ष्मण को रावण से शिक्षा लेने को भेजा गया। अंतिम उपदेश के साथ रावण संसार से विदा लेता है। रावण के प्राण निकल जाने के बाद पत्नी मंदोदरी, लंका निवासी पहुंचे। जहां युद्ध मैदान में शोक छाया। रावण के मरने के बाद अधर्म पर सत्य की विजय का परचम लहराया। यह मंचन के बाद रामलीला मैदान में पुतले का दहन हुआ। इस दौरान भीड़ को संभालने में मेला समिति, पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। उधर, मेला समिति के मीडिया प्रभारी विनोद सिंह ने बताया कि 19 अक्टूबर की सुबह श्रीराम-भरत मिलाप होगा। साथ ही रात में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन होगा।

भोग एवं अंतिम अरदास



आप सभी को दुखी हृदय से सूचित किया जाता है कि हमारी माताजी
श्रीमती संतोष बहल
पत्नी स्व. बनारसी दास बहल
का स्वर्गवास
14 October 2024
को हो गया था।
जिनकी अंतिम अरदास
19 October 2024, शनिवार सुबह 11:30 से 1 बजे तक
गुरुद्वारा गुरुनानक आश्रम (कुटिया साहिब)
तेल टंकी रोड, शाहजहांपुर में संपन्न होगी।
शोकाकुल परिवार
समस्त बहल परिवार
गोविंद गंज, शाहजहांपुर
9554449999

डायरेक्ट एडमिशन
VARUN ARJUN UNIVERSITY V.A.U
डायरेक्ट एडमिशन
वरुण अर्जुन यूनिवर्सिटी
वरुण अर्जुन कालेज ऑफ फार्मेसी
बैचलर इन फार्मेसी (B.Pharm)
● कोर्स अवधि : 4 वर्ष
● योग्यता : 10+2 PCB/PCM
सीमित सीटें शेष
सत्र 2024
शीघ्र सम्पर्क करें
24/7 7521001993
website: www.vau.edu.in
कैंपस वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड हॉस्पिटल
एन एच -24, बंथरा, शाहजहांपुर
उ0 प्र0 242307



सही परामर्श सही इलाज



डा. कक्कड़
(बी.एच.एम.एस.)
09897052236
नासमझी या जानबूझ कर की गई गलतियों का पता तब लगता है जब आप अपने अन्दर कुछ कमी सी महसूस करते हैं मेरे नौजवान दोस्तों-यदि आप किसी कारणवश आप बुरी आदतों, स्त्री-पुरूष रोग, पेशाब में जलन, उत्साह, आनन्द, जोश की कमी, सिर में चक्कर आना, मर्दाना कमजोरी, शुक्राणु की कमी एव सन्तान न होने के कारण अपने जीवन की सच्ची खुशियों से वंचित है तो अच्छे इलाज के लिए यहाँ से चिकित्सा लें।
यदि आप
- मर्दाना कमजोरी
- शुक्राणु की कमी
- शीघ्रपतन

का अच्छा इलाज करवाना चाहते हैं तो यहाँ से चिकित्सा लें
- जगह-जगह इलाज करवाकर बिगड़े हुए मरीज, लखनऊ, दिल्ली जाने से पहले परामर्श लें।
- क्वालीफाईड अनुभवी चिकित्सक से मिलकर लाभ प्राप्त करें।

डा.आर.पी. कक्कड़
110-सी, मॉडल टाउन, निकट बड़ा गुरूद्वारा, (इन्द्रापार्क के पास) बरेली
09897052236
www.drpkakkarclinic.com
मिलने का समय
प्रातः 10 से 5 बजे तक

खून के आंसू



हकीम जहीर अहमद (क्लीनिक)
डॉ. एम. अहमद (BUMS)
जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसंतान रोगी (नशा छुड़वाये), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्द्री का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दो का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येक:-
शनिवार रविवार
बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली
मो. 9634499693
9837338306

भगन्दर, बवासीर
सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा
सुश्रुत क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071



डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी (I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ आयुष मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली
भू.पू. वरिष्ठ लेक्चरार एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षो का कुशल अनुभव



डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ
बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग
भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस
गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना
समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश

अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डॉ. आर. एस. सिंह
B.A.M.S.(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरूष रोग विशेषज्ञ
25 वर्षो से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Treadmark Clinic
पतले-दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री-पुरुष मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए परामर्श लें।



चिकित्सा जानकारी
भूख न लगना ● अपच ● कब्ज ● गैस बनना ● खाने के बाद शौचालय जाना ● बच्चों का शारीरिक विकास न होना ● पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना ● बच्चों का बिस्तर गीला करना ● मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना ● कील- मुंहासे ● झाइयां ● सफेद दागो व सावलापन हटाना ● सुन्दर दिखाना ● बालों का समय से पहले झड़ना ● टूटना ● सफेद होना एवं गंजापन होना ● खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।
किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा, बीड़ी सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।
स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना-कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना।

नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनानें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनाने हेतु जानकारी प्राप्त करें



Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें
गलत फिल्में दखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।
डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारन्टी नहीं दे सकते।
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :- 13 अक्टूबर 2024, रविवार
27 अक्टूबर 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076


## वजीरगंज बिजली घर पर जेई के विरोध में धरने पर बैठे संविदा कर्मी

**बदायूं अमृत विचार** : विद्युत वितरण खंड वजीरगंज पर तैनात अवर अभियंता की तानाशाही के विरोध में आज संविदा कर्मियों ने काम बंद कर धरना प्रदर्शन किया। संविदा कर्मियों ने बिल्सी उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। संविदा कर्मियों ने कहा जब तक अवर अभियंता को हटाया नही जाता तब तक वह लोग काम नहीं करेंगे। शुक्रवार को संविदा कर्मियों ने वजीरगंज स्थित बिजली घर पर काम बंद कर धरना प्रदर्शन किया। संविदा कर्मियों ने कहा कि वजीरगंज बिजली घर पर तैनात अवर अभियंता रामस्वरूप संविदा कर्मियों का शोषण कर रहे ळैं। उपस्थिति रजिस्टर को अपने घर ले जाते हैं बिजली चोरी पकड़े जाने पर कोई कार्यवाही नहीं करते हैं। संविदा कर्मियों ने कहा है कि जब तक अवर अभियंता का ट्रांसफर नहीं हो जाता तब तक वह लोग काम नहीं करेंगे। इस मौके पर मो .शकील विपिन कुमार, बृजेश कुमार, विशाल कुमार,आदि संविदा कर्मी मौजूद रहे।

## दो मेडिकल स्टोर का किया निरीक्षण, हड़कंप

बदायूं, अमृत विचार : वजीरगंज क्षेत्र के दो मेडिकल स्टोर पर औषधि निरीक्षक ने छापा मारा। इस दौरान क्रय विक्रय बिलों को देखा गया। साथ ही वहां से दो-दो दवाओं के सैंपल लिए गए। जिन्हें जांच को लखनऊ स्थित सरकारी लैब में भेजा गया है। विभाग की इस कार्रवाई से मेडिकल संचालकों में हड़कंप मचा रहा।

औषधि निरीक्षक लव कुश प्रसाद ने वजीरगंज स्थित संदीप और न्यू संदीप मेडिकल स्टोर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान दोनों मेडिकल स्टोर पर बिक्री के लिए रखी गई दवाइयों की गहनता से जांच की गई। साथ ही दवाओं के क्रय विक्रय बिलों का चेक किया गया। इसके बाद दोनों में मेडिकल स्टोर से एक एक दवा का सैंपल लिया। जिन्हें जांच को भेजा गया। औषधि निरीक्षक ने बताया कि दुकान में दवाइयों की उपलब्धता के अनुसार खरीदी गई दवाओं के बिल और रखरखाव सही मिला। दो दवाइयों के सैंपल लिए गए हैं जिन्हें जांच को सरकारी लैब लखनऊ में जांच को भेजे गए हैं।

## सद्भावना मंच ने दी बेटियों को श्रद्धांजलि

**बदायूं,अमृत विचार** : कोलकाता में रेजिडेंट डॉक्टर के साथ बलात्कार एवं हत्याकांड एवं मुजफ्फरपुर बिहार में नाबालिग दलित बेटी के साथ हुई दरिंदगी व हत्या के विरोध में सद्भावना मंच डा. अंबेडकर पार्क में कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि सभा की । शुक्रवार को डा. भीमराव अम्बेडकर पार्क में सदभावना मंच ने कैंडिल जला कर अपराध की शिकार बेटियों को शोक संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी गयी। वक्ताओं ने कहा कि देश में महिलाओं के साथ यौन हिंसा की घटनायें बढ़ रही हैं। ।पीड़ित परिवारों को जल्द न्याय दिलाए जाए ।

## डीएम ने किया जिला कारागार का निरीक्षण



**बदायूं,अमृत विचार** : जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने शुक्रवार को जिला कारागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाकशाला, स्वास्थ्य केंद्र आदि विभिन्न व्यवस्थाओं का डीएम ने जायजा लिया। साथ ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी के निरीक्षण के दौरान वहां किसी भी आपत्तिजनक वस्तु का मिलना प्रकाश में नहीं आया है। इस दौरान पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

## लंका में अंगद ने जमाया पैर, रावण को दी नसीहत

**बिल्सी ,अमृत विचार** : नगर में गोशाला रामलीला कमेटी के तत्वावधान में चल रही रामलीला में गुरूवार की रात सीता हरण से पहले का मंचन किया गया। मंचन में मंदोदरी का राम से बैर न लेने की बात रावण से कहने का मंचन किया। इसके बाद विभीषण समझाने का प्रयास करता है तो उसे लात मार देता है। युद्ध टालने की गरज से राम एक बार फिर अंगद को दूत बनाकर रावण के पास शांति समझौते के लिए भेजते हैं। अंगद ने रावण के दरबार में पहुंचकर उसे समझाने का प्रयास करता है रावण अंगद के शांति प्रस्ताव को ठुकरा देता है, तब आक्रोशित अंगद ने जमीन पर अपना पैर जमाते हुए घोषणा कर दी कि यदि कोई उनका पैर जमीन से उखाड़ देगा तो रामदल अपनी पराजय स्वीकार कर वापस चला जाएगा। मंचन देखकर दर्शक रोमांचित हुए। इस मौके पर कमेटी के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### सड़क हादसे में बाइक सवार किशोर की मौत

**बदायूं, अमृत विचार** : कोतवाली सहसवान के मोहल्ला रुस्तमटोला निवासी मोहम्मद कलाम (15) पुत्र छोटे बाइक से बिसौली की ओर जा रहा था। रास्ते में डाक बंगला के पास उसकी बाइक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे जाकर जा टकराई। हादसे में किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए। जहां चिकित्सक ने किशोर को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर परिजन चीत्कार करते हुए सीएचसी पहुंचे। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया।

### फंदा लगाकर जान देने की कोशिश

**बदायूं, अमृत विचार** : सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के गांव नगला शर्की निवासी एक ट्रैक्टर मैकेनिक ने गृह कलेश के चलते शुक्रवार सुबह फंदा लगाकर जान देने की कोशिश की। परिजनों ने समय से देख लिया और मैकेनिक को फंदे से नीचे उतारा। परिजनों ने उसे बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह ने बताया कि इस बारे में सूचना नहीं आई है।

### बुखार का कहर, 24 घंटे में मासूम समेत तीन की मौत

**उसहैत, अमृत विचार** : 24 घंटे के अंदर एक तीन साल की बच्ची सहित तीन लोगों की मौत हो गई। क्षेत्र के लोगों में बुखार को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। गांव गढ़िया हरदो पट्टी निवासी आजम की तीन साल की बेटी को तेज बुखार आया था। उसे गुरुवार को स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परंतु आजम पुत्री को जिला अस्पताल के स्थान पर बरेली स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया। जहां गुरुवार की शाम को इलाज के दौरान मौत हो गई। इसी गांव की 55 वर्षीय महिला नूर बानो पत्नी शहजादे की बुखार से मौत हो गई। महिला कई दिनों से बुखार से पीड़ित थी। तीसरी मौत 70 वर्षीय बुजुर्ग की बुखार से हुई है। इसी गांव निवासी 70 वर्षीय बुजुर्ग गोकरन पहले से ही बीमार थे। गुरुवार की शाम उन्हें तेज बुखार आया। शुक्रवार की सुबह तबीयत अधिक खराब हो गई। परिजन उन्हें बदायूं जिला अस्पताल ले जा रहे थे कि रास्ते में बुजुर्ग की मौत हो गई।

# बुखार ने बढ़ाई परेशानी, धक्का मुक्की के बाद मिल रही दवाई

## महिलाओं को हो रही खासी परेशानी, दोपहर तक रहती है लोगों की भीड़

- जिला अस्पताल में मरीजों के साथ होती है धक्का मुक्की।
- कम नहीं हो रहा है बुखार का प्रकोप लग रही मरीजों की लाइन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार** : संक्रामक बीमारियां लोगों को अपना शिकार बना रही हैं। बुखार और मलेरिया के मरीजों की जिला अस्पताल में भरमार है। महिला मरीजों में धक्का मुक्की होने से चीख पुकार मचती है। लेकिन दवा बांटने वाले कर्मचारी आरामपरस्ती के साथ काम करते हैं जिससे मरीजों को बेहद परेशानी होती है।

पिछले कई दिनों से मलेरिया और डेंगू के मरीज निकल रहे हैं। बुखार का प्रकोप कम नहीं हो रहा है। जिला अस्पताल में मरीजों की सुबह नौ बजे से लाइन लग जाती है। महिला मरीजों को पर्चा बनवाने के लिए धक्के खाने पड़ते हैं उसके बाद डाक्टर के पास तक पहुंचने को लाइन में लग कर धक्का मुक्की करनी पड़ती है लेकिन इन सबसे अधिक परेशानी दवा काउंटर पर होती है। जिला अस्पताल में महिलाओं को दूसरे काउंटर पर दवा मिलती है। यहां पर दोहरी लाइन लगती है। एक लाइन में करीब सत्तर से नब्बे महिलाएं होती हैं। इसी तरह दूसरी लाइन में करीब सौ महिलाएं धक्के खाकर दवा काउंटर पर पहुंचे हैं। बीमार महिलाओं को दवा लेने में पसीने छूट जाते हैं।


जिला अस्पताल में लाइन लगा कर दवा लेती महिलाएं। • अमृत विचार

बिनावर के गांव पुठी निवासी राजवती ने बताया कि उसे दस दिन से बुखार आ रहा है। यहां पर कई बार दवा लेने को आ चुकी है। दवा से कोई लाभ नहीं मिलता है। लाइन में लगने से हालत और बिगड़ जाती है। दवा देने वाले कर्मचारी आराम से काम करते हैं। आपस मे बातचीत करने में मशगूल रहते हैं। शोर करने पर वह लोग विंडो बंद कर लेते हैं। अलापुर निवासी मुन्नी ने कहना है कि यहां पर आकर हालत और बिगड़ जाती है। लाइन में लगने से कमजोरी रहती है। धक्का मुक्की के चलते दो घंटे से बैठे हैं। लेकिन दवा नहीं मिल पा रही है। इसी तरह कई अन्य महिला मरीजों ने अपनी व्यथा सुनाई।

महिला व पुरुषों को अलग अलग विंडो से दवा दी जाती है फिर भी महिलाओं की लाइन में धक्का मुक्की होती है। महिलाएं अक्सर जल्दी दवा लेने को आपस में ही लड़ने लगती हैं। जबकि दवा काउंटर पर तीन से चार कर्मचारी दवा देते हैं। दवा देने में हीला हवाली की बात गलत है। लेकिन भीड़ अधिक होने से परेशानी होती है। फिर भी दवा देने वाले कर्मचारियों को हिदायत दी जाएगी।
-डा. कप्तान सिंह – सीएमएस

### पीलिया के मरीज अधिक बढ़ रहे हैं

शुक्रवार को कुछ अधिक भीड़ रहती है। क्योंकि इस दिन पीलिया के मरीज अधिक आते हैं। इसलिए दवा लेने वालों की भीड़ अधिक रहती है। मंगलवार और शुक्रवार को पीलिया के मरीजों को देखा जाता है । पीलिया के मरीजों की संख्या भी करीब दो सौ से अधिक रहती है। आज भी दो सौ से अधिक पीलिया के मरीज देखे गए। इनमें कुछ नए हैं और कुछ पुराने मरीजों को देखा गया।

## झोलाछाप की दुकान पर महिला की मौत परिजनों ने किया हंगामा

**विजय नगला, अमृत विचार** : पांच दिन पूर्व बिनावर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर बच्चे को जन्म देने के बाद गांव बरखेड़ा गोटिया निवासी संतोष (32) पत्नी रामकिशोर की तबीयत खराब हो गई थी। परिजनों ने उसे कई चिकित्सकों को दिखाया लेकिन आराम नहीं मिला। गुरुवार दोपहर लगभग तीन बजे महिला को सांसद लेने में दिक्कत हुई। परिजन उसे झोलाछाप के पास ले गए। झोलाछाप ने नेबुलाइजर लगाकर सिंकाई की। फिर भी आराम नहीं मिला तो झोलाछाप ने महिला को कहीं और ले जाने को कहा और दुकान से चला गया। कुछ समय के बाद ही महिला की मौत हो गई।

महिला के परिजनों ने झोलाछाप की दुकान पर हंगामा किया। वहीं झोलाछाप खुद पुलिस के पास पहुंच गया। परिजन भी शव लेकर घर चले गए। पुलिस ने शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम कराया। परिजनों की ओर से तहरीर नहीं दी गई है। बिनावर के अपराध निरीक्षक सहंसरवीर सिंह ने बताया कि महिला की मौत हुई थी। अभी परिजनों की ओर से तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।

# ससुरालीजनों को नशा देकर जेवर ले गए दामाद और बेटी, रिपोर्ट दर्ज

- महिला ने घर पर रखे थे अपने दो भाइयों के जेवर, दामाद और बेटी ने कर लिए चोरी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार** : दामाद ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर ससुरालीजनों को नशीला पदार्थ मिलाकर पकौड़ी और कोल्ड ड्रिंक पिला दी। जिससे उसकी सास समेत सभी ससुरालीजन बेहोश हो गए। जिसके दामाद और उसकी पत्नी घर पर शादी के लिए रखे जेवर लेकर भाग गए। सास के कहने के बाद भी दामाद और बेटी ने जेवर वापस करने से मना कर दिया। सास ने दामाद और बेटी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

सहसवान कोतवाली क्षेत्र के गांव बसोलिया निवासी नूरवशर पत्नी इबले हसन ने पुलिस को तहरीर दी थी। जिसमें उन्होंने बताया कि उनके भाई मैजाद और अब्दुल सलाम जिले से बाहर रहकर मजदूरी करते हैं। कुछ दिनों के बाद अब्दुल सलाम की शादी होने वाली है। बाहर रहने की वजह से दोनों भाइयों ने शादी के लिए बनवाए गए अपने जेवर एक तोला सोने की मांग पट्टी, 300 ग्राम चांदी का तोड़ा, दो जोड़ी चांदी के हाथ के फूल, चांदी की चेन, एक पैंडल, तीन जोड़ी तौड़िया, चांदी की चार चूड़ियां, सोने की दो लौंग, पैरों के चांदी के चार छल्ले, तीन अंगूठी, सोने की एक अंगूठी नूरवशर के घर पर रख दी थी। नूरवशर का दामाद बुलंदशहर निवासी नासिर पुत्र वाहिद, बेटी सद्दो महिला के घर पर आए हुए थे। 7 अक्टूबर 2024 की शाम लगभग सात बजे दामाद नासिर बाजार गया और पकौड़ी, कोल्ड ड्रिंक लेकर आया। जिसमें उसने नशीला पदार्थ मिलाया था। नूरवशर और उनके परिजनों को पकौड़ी और कोल्ड ड्रिंग खिला-पिला दी। सभी बेहोश हो गए।

आरोप है कि इसका फायदा उठाकर नासिर और बेटी सद्दो महिला के घर पर रखे जेवर लेकर चले गए। दामाद और बेटी को कहा तो वह झगड़ा करने पर आमादा हो गए। वह जेवर वापस करने को राजी नहीं हैं। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी दामाद और बेटे पर रिपोर्ट दर्ज की है।

# किशोर की मौत मामले में तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट

- शुक्रवार को पुलिस ने कराया किशोर के शव का पोस्टमार्टम, परिजनों में मचा है कोहराम

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार** : कोतवाली बिल्सी क्षेत्र के गांव रायपुर बुजुर्ग निवासी किशोर की मौत मामले में तीन आरोपियों के खिलाफ हत्या के लिए हमला करने से विभिन्न धाराओं रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस ने शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

बिल्सी क्षेत्र के गांव रायपुर बुजुर्ग निवासी शिवकुमार पुत्र कल्याण सिंह ने तहरीर देकर बताया कि गुरुवार को उनके भाई श्याम सिंह को कस्बा बिल्सी के मोहल्ला चार निवासी सोनू पुत्र सूरजपाल मजदूरी कराने के लिए अपने गोदाम पर ले गया। श्याम सिंह ने सोनू से मजदूरी के रुपये मांगे। आरोप था कि रुपयों को लेकर कहासुनी हुई। सोनू, अजय, सूरजपाल ने अभय पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। गर्दन पर हथियार लगने से अभय प्रताप की मौत हो गई थी। किशोर के परिजनों ने सीएचसी पर हंगामा किया था। सोनू पर गुस्सा उतारने की कोशिश की तो सोनू ने खुद को सीएचसी के कमरे में बंद कर लिया था। पुलिस ने उसे बचाया। किशोर के परिजनों को आरोपियों पर कार्रवाई का आश्वासन देकर समझाया और गुरुवार रात शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने शिवकुमार की तहरीर पर सोनू, अजय, सूरजपाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। वहीं गांव में चर्चा है कि सोनू के गोदाम पर लोहे की चादर लेकर आई पिकअप ब्रेकर पर पहुंची तो लोहे की चादरें गिर गई थीं। जिससे ई-रिक्शा से गोदाम पर ले जाया जा रहा था। रास्ते में ई-रिक्शा पलट गया और अभय प्रताप की गर्दन में लोहे की चादर घुस गई थी। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

## डेंगू के दो और मलेरिया के निकले 40 मरीज

**बदायूं, अमृत विचार** : बुखार और मलेरिया रोगियों को खंगालने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वार गांव गांव स्वास्थ्य शिविर लगाए जा रहे हैं। शुक्रवार को विभाग ने 11 गांवों में स्वास्थ्य शिविर लगा कर बुखार पीड़ितों का ब्लड सैंपल लेकर जांच की जिसमें डेंगू के दो मरीज, मलेरिया पीवी के 38 और मलेरिया पीएफ के दो मरीज निकले । मलेरिया के 40 मरीज मिलने पर मलेरिया व स्वास्थ्य विभाग ने इन गांवों में मच्छर नाशक दवा का छिड़काव कराया। घरों में फॉगिंग कराई गयी। मरीजों को दवा दी गयी। साथ ही मलेरिया संक्रमितों को भी गांव में दवा दी गयी उन्हे साफ सफाई के बीच रहने की सलाह दी गयी।

ब्लाक अंबियापुर के ग्राम पसगवां में मच्छर नाशक दवा का छिड़काव किया गया। सहसवान के मोहल्ला सैफुल्लागंज में मच्छर नाशक दवा का छिड़काव किया गया।

# कंपनी के दो सह निदेशक ने की 10.50 लाख रुपये की धोखाधड़ी, रिपोर्ट दर्ज

- शिकायत करने के बाद भी पुलिस ने नहीं की कार्रवाई तो कोर्ट की शरण में गए थे कंपनी के प्रबंध निदेशक

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार** : फर्रुखाबाद रोड स्थित एक कंपनी के सह निदेशक ने कंपनी से धोखाधड़ी की। रुपये वापस करने पर उसने त्यागपत्र दे दिया। कंपनी में दूसरा सह निदेशक नियुक्त हुआ। फिर दोनों ने मिलकर कंपनी से लगभग साढ़े 10 लाख रुपये की धोखाधड़ी की। अधिवक्ता के माध्यम से नोटिस भिजवाने के बाद भी दोनों ने कंपनी को रुपये वापस नहीं किए और बाद में रुपये देने से मना कर दिया। कंपनी के प्रबंध निदेशक ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया। कोर्ट के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के गन्ना दफ्तर के पास रहने वाले सुधीर कुमार गुप्ता ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह फर्रुखाबाद मार्ग के एफसीआई गोदाम स्थित ओमकारा एग्रीकेयर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के प्रबंध निदेशक हैं। उन्होंने प्रशांत कुमार के साथ मिलकर कंपनी पंजीकृत कराई। इसमें प्रशांत सह निदेशक थे। प्रशांत को मार्केटिंग की जिम्मेदारी दी गई थी। उनका काम कंपनी के उत्पादों को डिस्ट्रीब्यूटर तक पहुंचवाना व भुगतान प्राप्त करना था। जरूरत होने पर प्रशांत ने कंपनी से रुपये उधार लेने शुरू कर दिए। 4 जुलाई 2022 से 23 मई 2023 तक एक लाख 86 हजार 595 रुपये उधार लिए। बोर्ड की मीटिंग में प्रशांत की उधारी के बारे में पूछा तो वह भड़क गए। 13 जून 2023 को अपने पद से त्यागपत्र दे दिया। जांच की गई तो पता चला कि प्रशांत कुमार ने कंपनी से 8 लाख 62 हजार 988 रुपये धोखाधड़ी करके कंपनी से ले लिए हैं जबकि उस दौरान वह कंपनी के पद पर नहीं थे। कहने पर प्रशांत कुमार ने कंपनी से लिए गए 10 लाख 49 हजार 583 रुपये कंपनी के खाते में जमा करने का आश्वासन दिया।इसके बाद प्रशांत ने नए सहनिदेशक दशरथ सिंह के साथ मिलकर भी वित्तीय अनियमितताएं की। मामला सामने आने के बाद दशरथ ने भी पद से त्यागपत्र दे दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। कोर्ट के आदेश पर दोनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी, विश्वास का हनन और धमकाने की रिपोर्ट दर्ज की है।

### सात महीने बाद दर्ज हुई गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट

**बदायूं, अमृत विचार** : उसावां कस्बा के वार्ड एक निवासी विकास पुत्र रूपराम की मौत हो गई थी। परिजनों ने अमित और मनोज पर शराब में विषाख्त पदार्थ मिलाकर मारने का आरोप लगाया था। पुलिस ने सात महीनों के बाद गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

# फंदे पर मिला युवक का शव परिजनों का हत्या का आरोप

संवाददाता, सहसवान

- महिला से चल रहा था प्रेम प्रसंग, गुरुवार को दोनों पक्ष में हुआ था समझौता

**अमृत विचार** : जरीफनगर थाना क्षेत्र के गांव नाधा में शुक्रवार सुबह एक युवक का शव खेतिहर इलाके में फंदे पर लटका मिला। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए और घटना की जांच शुरू कर दी है। वहीं मृतक के परिजनों ने गांव के ही कुछ लोगों पर हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।।

मामला जरीफनगर थाना क्षेत्र के नाधा का है। जसवीर (20) पुत्र वीरपाल मिठाई की एक दुकान पर काम करता था। युवक शव गांव के ही खेतिहर इलाके में फंदे पर झूलता मिला। जिसकी सूचना जब परिजनों को मिली तो कोहराम मच गया। घटना की सूचना पर थानाध्यक्ष जरीफनगर रविकरन और सीओ सहसवान कर्मवीर सिंह ने पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने गांव के कुछ लोगों पर हत्या का आरोप लगाया। गांव में चर्चा है कि युवक का किसी महिला से प्रेम प्रसंग चल रहा था। वह और उसकी प्रेमिका दो दिन से लापता रहे थे। गुरुवार को दोनों पक्ष में समझौता भी हुआ था। जिसके बाद युवक घर नहीं पहुंचा। शुक्रवार सुबह उसका शव मिला।

### मंदिर के ताले तोड़कर चोरी, पुलिस जांच में जुटी

**बिल्सी, अमृत विचार** : बिजनौर–बदायूं हाईवे पर नगर से करीब आधा किलोमीटर दूर बदायूं मार्ग पर स्थित प्राचीन शिव मंदिर में बुधवार की रात ताले तोड़ कर चोरों ने पीतल के घंटे, इन्वर्टर, दान पात्र समेत अन्य कीमती सामान की चोरी कर ली। मंदिर के पुजारी ने इसकी सूचना थाना पुलिस को दी है। जिसके बाद पुलिस मामले की जांच करने में जुट गई है। मंदिर के पुजारी देवकीनन्दन ने बताया कि मंदिर के मुख्य द्वार पर लगा लोहे के गेट पर ताले तोड़कर चोर मंदिर में घुस गए और सामान चोरी कर ले गये।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज --------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज --------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

# छात्राओं को बनाया एक दिन का पुलिस अफसर

संवाददाता, बिल्सी, सहसवान, उघैती, कुंवरगांव

- विभिन्न थाना क्षेत्रों में मिशन शक्ति अभियान चलाया

**अमृत विचार:** मिशन शक्ति अभियान के तहत विभिन्न स्कूलों की छात्राओं को एक दिन का पुलिस अधिकारी बनाया गया। थाना क्षेत्रों की पुलिस शिक्षण संस्थानों और ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर छात्राओं और महिलाओं को जागरूक रही है।

सहसवानः शुक्रवार को जरीफनगर थाना क्षेत्र के गांव नाधा स्थित न्यू ऑक्सफोर्ड कन्या हाई स्कूल में सीओ सहसवान कर्मवीर सिंह व थानाध्यक्ष जरीफनगर रविकरन तथा महिला पुलिसकर्मियों ने छात्राओं को महिला हेल्पलाइन नंबरों के बारे में तथा महिला अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान स्कूल संचालक उमेशपाल सिंह समेत तमाम पुलिसकर्मी व शिक्षकगण मौजूद रहे। सहसवान स्थित के आर. के. एम. जूनियर हाई स्कूल में कोतवाली सहसवान की महिला सिपाही स्वाति सिसोदिया ने छात्राओं को शासन की योजनाओं को बताया।

इस मौके पर संस्थापक रामा कृष्ण उर्फ राय साहब, उपनिरीक्षक विष्णु दत्त प्रबंधक आदर्श सक्सेना, प्रधानाचार्य अनिल सैनी आदि मौजूद रहे बिल्सी के बाबा इन्टरनेशनल स्कूल में कक्षा 12 की छात्रा वैष्णवी यादव को एक दिन का सीओ. बनाया गया। छात्रा ने सीओ के साथ महिलाओं की समस्याओं को सुना। साथ ही उनका निस्तारण भी किया। वैष्णवी यादव ने बताया कि उसके लिए यह बेहद खास पल है। पढ़ाई पूरी करने के बाद वह आईपीएस अफसर बनकर सपना पूरा करेंगी।


गांव नाधा स्थित स्कूल में छात्राओं को जागरूक करते पुलिस अफसर।


सीओ की कुर्सी पर बैठी वैष्णवी। • अमृत विचार


सहसवान के स्कूल में छात्राओं का मिशन की जानकारी देती पुलिस कर्मी। • अमृत विचार

**उघैती:** थानाध्यक्ष राजेश कौशिक व बीडीओ ने ग्राम खुशहालपुर में जन चौपाल का आयोजन कर महिलाओं को मिशन शक्ति से अवगत कराया। कार्यक्रम में मौजूद आशा, आंगनबाड़ी तथा अन्य महिलाओं को शासन की योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी।

**कुंवर गांव:** कमल समूह की महिलाओं को थाना प्रभारी ने मिशन शक्ति के संबध में जानकारी दी। साथ ही अपने-अपने गांव में मिशन के संबंध में प्रचार प्रसार के लिए जागरूक किया।


कुंवरगांव थाने में समूह की महिलाओं को मिशन की जानकारी देते थाना प्रभारी। • अमृत विचार



गांव खुशहालपुर में महिलाओं को जागरूक करती पुलिस। • अमृत विचार

अमृत विचार
क्लासीफाइड

**Notice**
This is to be notify that I have lost my UP Additional Qualification (DOMS) Registration No. 8379 Dated 23.02.2017 Certificate Original Copy. **Dr. Anirban Tarafdar, A.K. Eye Hospital, Stadium Road, Delapeer, Bareilly. Mob.: 9359103550**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी भारतीय जीवन बीमा निगम की एक पॉलिसी क्रमांक 562407795 में मेरा नाम भूलवश बाबू सिंह अंकित हो गया है जोकि मेरा मुंह बोला नाम है जबकि मेरा वास्तविक नाम सौरव सिंह है। सभी दस्तावेजों में भी मेरा नाम सौरव सिंह ही अंकित है। अगर इसमें कुछ गलत पाया जाता है तो इसकी जिम्मेदारी स्वयं प्रार्थी की होगी। **सौरव सिंह उर्फ बाबू सिंह पुत्र श्री कर्मवीर सिंह निवासी म.नं. 88, गनेशपुरम् कालोनी औरंगाबाद निकट औरंगाबाद खादर जिला मथुरा।**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र रामसेवक व उसकी पत्नी शान्ति देवी को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **बुद्धपाल पुत्र मलखान निवासी 139, बसावनपुर, शिवपुरी, थाना फतेहगंज पूर्वी तहसील फरीदपुर जिला बरेली।**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र राजेन्द्र उर्फ भोला व उसकी पत्नी राजवती को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। **रमेश पुत्र श्री मैकू लाल निवासी जज साहब का अहाता, निकट स्टेट बैंक, सुभाष नगर, बरेली।**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आधार कार्ड में मेरा नाम भूलवश आरिफ दर्ज हो गया है जोकि गलत है जबकि मेरा वास्तविक नाम आरिफ बेग है। भविष्य में मुझे आरिफ बेग के नाम से ही जाना व पहचाना जाये। **आरिफ बेग पुत्र जाबिर बेग निवासी ग्राम पदारथपुर वि.खं. बिथरी चैनपुर तह. सदर जिला बरेली।**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र की जन्मतिथि 22.11.2016 जिसका नाम ओम रखा गया था जिसे बदलकर अब मैंने आयुष मिश्रा कर दिया है। भविष्य में मेरे पुत्र को आयुष मिश्रा के नाम से ही जाना व पहचाना जाये। **लक्ष्मी देवी पत्नी आकाश कुमार निवासी मौ. जोशी नवादा, बरेली।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## एक नजर

### समस्याओं का समाधान होने तक जारी रहेगा धरना

ककराला, अमृत विचार : कस्बे जन समस्याओं को लेकर कांग्रेस द्वारा शुरू किया गया धरना बारहवें दिन भी जारी रहा। धरना स्थल पर आसपास के गांव के तमाम लोगों ने समर्थन दिया। कांग्रेस के प्रदेश सचिव अजीत यादव ने कहा कि जब तक कस्बे में सभी समस्याओं का समाधान नहीं हो जाता तब तक धरना जारी रहेगा। शुक्रवार को जारी धरने पर कांग्रेस प्रदेश सचिव ने कहा कि कस्बे की एक लाख की आबादी पर आधार कार्ड बनाने को कोई केंद्र नहीं बनाया गया है। लोग इधर उधर चक्कर काट रहे हैं। शुक्रवार को पूर्व चेयरमैन महबूब सकलैनी, रफिकुज्जमा खान, मौलाना नजीरुल खान, मुगीश खान, सभासद छोटू ठेकेदार, लाल मुहम्मद अंसारी, डॉ. सोहराब खान, नुरुल हसन, फ़ैजियाब खान, अनीस खान, वसीम खान, तजम्मुल अंसारी, शाबान खान समेत दर्जनों लोगों ने समर्थन दिया।

### वन स्टाप सेंटर पीड़िताओं की रवानगी में विधिक सचिव को मिली गड़बड़ी

बदायूं, अमृत विचार : महिला अस्पताल में संचालित वन स्टाप सेंटर किसी न किसी बात को लेकर सुर्खियों में रहता है। इस बार फिर से नया मामला सामने आया है। पीड़ित महिलाओं की रवानगी का विवरण रजिस्टर मे मनमाने ढंग से अंकित किया जा रहा है। यह गड़बड़ी विधिक सचिव ने पकड़ी है। जिस पर उन्होंने सेंटर की संचालिका को चेतावनी दी है। विधिक सचिव शिव कुमारी ने महिला अस्पताल में संचालित वन स्टाप सेंटर का दोपहर के समय और निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पीड़ित महिलाओं की रवानगी संबंधी रजिस्टर देख तो उसमैं विवरण त्रुटिपूर्ण पाया। कर्मचारी से सवाल पूछातो वह संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। उन्होंने सेंटर संचालिका प्रतीक्षा मिश्रा के प्रति नाराजगी जताई। साथ ही चेतावनी दी कि अगर आगे से ऐसा पाया गया तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई कर दी जाएगी। इसके बाद उनके द्वारा पीड़ित महिलाओं से वार्ता की गई। महिलाओं ने भी सेंटर के बारे में ऐसी बाते बताई जिसे सुनकर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की है। साथ ही रसोईघर और कक्षों का निरीक्षण किया। जिस पर उन्होंने रसोई की साफ सफाई रखने के आदेश दिए गए। निरीक्षण के दौरान उनके साथ राजेश कुमार, संजीव कुमार, ब्रह्मानन्दन गौतम, राकेश कुमार यादव, कशिश सक्सेना आदि मौजूद रहीं।

# संस्कृति ,परंपरा व आस्था का प्रतीक है रामलीला

## राज्य सूचना आयुक्त स्वतंत्र प्रकाश गुप्ता ने फीता काटकर किया उसहैत की रामलीला का उद्घाटन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : कस्बा उसहैत की रामलीला का शुक्रवार से शुभारंभ हो गया। मुख्य अतिथि राज्य सूचना आयुक्त स्वतंत्र प्रकाश गुप्ता, डॉ. अरविंद कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि उसहैत नगर पंचायत चेयरमैन नवाब हसन ने भगवान श्रीराम का पूजन करके और फीता काटकर शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि उसहैत के ग्रामीण आंचल में मेला के साथ होने वाली रामलीला के मंचन की परंपरा कई साल पुरानी है। यह बुजुर्गों द्वारा डाली गई परंपरा और आस्था का प्रतीक है।

विशिष्ट अतिथि डॉ. अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि उसहैत की रामलीला मेला महोत्सव कई साल से चल रही परंपरा का हिस्सा है। इस आयोजन से उसहैत क्षेत्र में सुख, शांति, खुशहाली आएगी। चेयरमैन ने


उसहैत की रामलीला का फीता काटकर उद्घाटन करते राज्य सूचना आयुक्त स्वतंत्र प्रकाश गुप्ता। साथ में मौजूद अन्य अतिथि व कमेटी के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कहा कि उसहैत के रामलीला मेला महोत्सव मे सभी जाति-धर्म के लोगों का सहयोग रहता है। गंगा, जमुनी तहजीब की मिसाल पैदा होती है।

भाईचारा बना रहता है। रामलीला महोत्सव के महामंत्री अनुज गुप्ता और कोषाध्यक्ष नरेश चंद्र गुप्ता ने बताया कि रामलीला में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। 23 को राम बारात निकाली जाएगी। 27 को रावण दहन, राजतिलक होगा।

युवा मंच संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व मेला कमेटी के अध्यक्ष ध्रुव देव गुप्ता ने बताया कि अंतिम दिन 28 को युवा मंच संगठन की ओर से राष्ट्रीय मैजेशियन अंकुश गुप्ता अपने जादू की कला दिखाएंगे। शाम 7 बजे नेशनल फिटनेस ट्रेनर विक्की कुमार द्वारा बॉडी बिल्डिंग व फिटनेस शो आयोजित होगा। मंच का संचालन पवन मिश्रा ने किया।

विश्व हिन्दू महासंघ एवं युवा मंच संगठन के पदाधिकारी एवं रामलीला लीला कमेटी के मोती लाल गुप्ता, आच्छु गुप्ता, पावन गुप्ता, अमरजीत, अजय गुप्ता, सुनील वर्मा, अनुज गुप्ता, पूरन लाल गुप्ता, पप्पू सागर, मुकेश गुप्ता, वेद प्रकाश सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

### गंगा पर हुई महाआरती, सूचना आयुक्त बने यजमान



कछला, अमृत विचार : भागीरथी घाट कछला पर शुक्रवार पर राज्य सूचना आयुक्त स्वतंत्र प्रकाश गुप्ता द्वारा गंगा महाआरती कराई गई। कुछ दिनों पहले उन्होंने 18 तारीख को गंगा की महाआरती कराने की घोषणा की थी। शुक्रवार को वह गंगा महाआरती के मुख्य यजमान बने और उन्होने गंगा आरती कराई। इस मौके पर बिल्सी विधायक हरीश शाक्य, पूर्व एमएलसी जितेंद्र यादव, गंगा सभा के अध्यक्ष प्रेम स्वरुप पाठक, दीपमाला गोयल के अलावा एसडीएम सदर वैभव कुमार, नायब तहसीलदार अमित कुमार आदि उपस्थित रहे।

# जल्द आएंगे स्वास्थ्य सचिव तैयारी में जुटे अफसर

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- दो ब्लॉकों का करेंगे निरीक्षण, कायाकल्प के देखेंगे काम
- सीएमओ ने ली बैठक, व्यवस्था सुधारने के दिए निर्देश

अमृत विचार : स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्थाओं को परखने को स्वास्थ्य सचिव जल्द यहां आएंगे। उनके आगमन को लेकर विभाग ने बैठक कर तैयारी करने के निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य सचिव जनपद के दो ब्लॉकों का निरीक्षण करेंगे और कायाकल्प के तहत किए गए कार्यों का अवलोकन करेंगे।

स्वास्थ्य सचिव रंजन कुमार 22 या 23 अक्टूबर को यहां पहुंच रहे हैं। शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. रामेश्वर मिश्र ने सचिव के आने को लेकर बैठक की। उन्होंने सभी सीएचसी और पीएचसी पर स्टाफ की मौजूदगी के निर्देश दिये। अस्पतालों में साफ सफाई के साथ ब्लाकों में अभी से छूटे हुए काम शुरु कर दिये जाएं। बताया कि सचिव संभवता ब्लॉक आसफपुर या फिर ब्लॉक दहगवां का निरीक्षण कर सकते हैं। इसलिए इन दोनो ब्लॉकों के एमओआईसी को तैयारियां करनी होंगी। अस्पताल में सभी वार्ड साफ कराए जाएं। मरीजों को अच्छे बेड पर भर्ती किया जाए। तीमारदारों को भी सुविधाएं मुहैया कराई जाएं। दवाओं का स्टॉक होना चाहिए।

सीएमओ ने कहा कि सचिव के आगमन को लेकर जिला प्रशासन भी तैयारी कर रहा है। इसलिए स्वास्थ्य विभाग को आज से ही काम पर लग जाना चाहिए। कायाकल्प के तहत कराये गये कार्यों का पूरा लेखा जोखा तैयार रखें। बैठक में डॉ. कमलेश कुमार, डिप्टी सीएमओ डा. सनोज मिश्रा, एसीएमओ डॉ. मनोज झा, एसीएमओ डॉ. अब्दुल सलाम, डा. असलम, डा. जावेद आदि मौजूद रहे।

# जिम्नास्टिक में बदायूं और कबड्डी में अमरोहा ने जीता मुकाबला

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : रिजर्व पुलिस लाइन में चल रही पुलिस विभाग की पुरुष व महिला वर्ग की तीन दिवसीय अंतरजनपदीय कलस्टर कबड्डी, जिम्नास्टिक, फेंसिंग और खो-खो प्रतियोगिता के दूसरे दिन विभिन्न खेल हुए। कबड्डी और खो-खो की प्रतियोगिताएं हुईं। जोन के नौ जिलों की टीमों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। महिला वर्ग का कबड्डी का फाइनल मैच खेला गया। अमरोहा ने बरेली की टीम को 30-13 अंकों से हराया। महिला वर्ग की खो-खो प्रतियोगिता के फाइनल मैच में अमरोहा की टीम ने बदायूं को 11-7 अंकों से हराया। पुरुष वर्ग की जिम्नास्टिक की प्रतियोगिता के फाइनल मैच में बदायूं ने 31-11 अंकों से बिजनौर को हराया मुकाबला जीता।

पुरुष वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता में पहला सेमीफाइनल मैच


खिलाड़ी को उसके पाले में जाने से रोकती टीम। ● अमृत विचार


कबड्डी के फाइनल मुकाबले में प्रतिभाग करतीं खिलाड़ी।

- पुलिस लाइन में हुई पुलिस विभाग की प्रतियोगिताएं

पीलीभीत और शाहजहांपुर के बीच हुआ। जिसमें पीलीभीत ने 36-3 अंकों से मुकाबला जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे सेमीफाइनल मैच में बदायूं ने बिजनौर से 27-14 अंकों से प्रतियोगिता जीतकर फाइनल में जगह बनाई। महिला वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल मैच बरेली और बिजनौर के बीच हुआ। बरेली ने 20-7 अंकों से जीत हासिल करके फाइनल में प्रवेश कर लिया। दूसरे सेमीफाइनल मैच में अमरोहा की टीम ने रामपुर की टीम से 24-16 अंकों से मैच जीतकर फाइनल में स्थान बनाया। जिसके बाद अमरोहा और बरेली के बीच फाइनल मैच हुआ।

महिला वर्ग की खो-खो प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल मैच बदायूं और पीलीभीत के बीच हुआ। बदायूं की टीम ने 4-2 अंकों से जीती। दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में अमरोहा की टीम ने बरेली की टीम को 2-1 अंकों से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। पुरुष वर्ग की खो-खो प्रतियोगिता के पहले सेमीफाइनल मैच में पीलीभीत ने शाहजहांपुर की टीम पर 11-5 अंकों से जीत हासिल की। दूसरे सेमीफाइनल मैच में बदायूं की टीम ने रामपुर की टीम को 12-5 अंकों से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। निर्णायक मंडल में जिला कीड़ाधिकारी अमित रिछारिया, बेसिक शिक्षा विभाग के जिला पीटीआई रामदास यादव, दीपेश कुमार, रामअवतार का योगदान रहा।

## सार-संक्षेप

### खाद्यान्न आपूर्ति करने वाले वाहनों पर लगेगा जीपीएस



बदायूं, अमृत विचार : जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में राशन वितरण को लेकर समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन वाहनों से दुकानों तक राशन पहुंचाया जा रहा है। उनमें जीपीएस सिस्टम लगाया जाए। रुट चार्ट के अनुसार ही वाहनों को चलाया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि खाद्यान्न का उठान समय से किया जाए। डीएसओ को कहा कि ठेकेदार व खाद्यान्न आपूर्ति करने वाले वाहन चालक निर्धारित रूट चार्ट का पालन करें। ट्रांसपोर्टेशन कम डिलीवरी चालान (टीसीडीसी) के माध्यम से खाद्यान्न की आपूर्ति की जाए। गोदाम से खाद्यान्न का डिस्पैच रियल टाइम आधार पर किया जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन अरुण कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी रमन मिश्रा सहित अन्य अधिकारी, ठेकेदार व पूर्ति निरीक्षक आदि मौजूद रहे।

### शिक्षण संस्थानों में होंगे स्वीप कार्यक्रम, तैयार हुई रूपरेखा



बदायूं, अमृत विचार : चुनाव से पूर्व नए मतदाताओं के नाम सूची में शामिल करने के लिए सभी विधानसभा क्षेत्रों में अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए लोगों को स्वीप कार्यक्रमों के माध्यम से जागरूक किया जाएगा। शिक्षण संस्थानों में स्वीप कार्यक्रमों का आयोजन करने के लिए तिथियों को निर्धारित कर दिया गया है। एडीएम वित्त एवं राजस्व ने शिक्षा अधिकारियों के साथ बैठक कर स्वीप कार्यक्रम आयोजित कराने के निर्देश दिए हैं। जिले की सभी विधानसभाओं में 18 से 19 आयु वर्ग के मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए नौ से 24 नवंबर के बीच अभियान चलाया जाएगा। शुक्रवार को निर्वाचन कार्यालय में हुई बैठक के दौरान शिक्षा अधिकारियों को स्वीप कार्यक्रमों की रूपरेखा से अवगत कराया। कहा कि तिथि वार मतदाता सूची में पंजीकरण हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। शिक्षण संस्थानों में नुक्कड़ नाटक, स्लोगन, क्विज, निबंध, रंगोली आदि प्रतियोगिता तथा रैली, मैराथन इत्यादि कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए।

### कछला-शाहाबाद हाईवे पर जाम से घंटों तक यातायात ठप



बिल्सी, अमृत विचार : कछला-शाहाबाद हाईवे पर गल्ला मंडी रोड के पास शुक्रवार सुबह शुरू हुआ भीषण जाम दोपहर तक बढ़ता रहा। जिससे हाईवे पर कई किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। जाम का आलम यह था कि छोटे-बड़े वाहन, बसें और ट्रैक्टर ट्रॉलियां कई घंटे तक सड़क पर अटके रहे। पुलिस व्यवस्था पूरी तरह विफल रही। जाम लगने से आस पास के लोग भी परेशान रहे। मंडी में धान की आवक से जाम की स्थिति पैदा हो गयी। शुक्रवार को गल्ला मंडी में धान की भारी आवक हुई, और ट्रैक्टर ट्रॉलियों की संख्या बढ़ गई। ट्रैक्टर ट्रॉलियां हाईवे पर फंस गईं, जिससे चार पहिया वाहन, बाइक रोडवेज बसें भी जाम में फंसी रहीं। इससे यात्रियों के साथ साथ स्थानीय लोगों को भी जाम से परेशानी का सामना करना पड़ा।

### धूमधाम से निकाली बरात, झांकियों ने मन मोहा



उघैती, अमृत विचार : कस्बा खितौरा में भगवान श्री राम की बारात बड़े ही धूमधाम से निकाली गई। ठाकुर प्रदीप कुमार सिंह ने भगवान श्रीराम की आरती उतारी तिलक कर बारात की अगवानी की। बारात में शामिल झाकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। राम बारात रामलीला स्थल से शुरू होकर भारद्वाज मार्केट, सहसवान बिसौली रोड, महलोली रोड, होली चौक, डाकखाना रोड, रियोनाई रोड, प्राचीन देवी मंदिर होते हुए मेला ग्राउंड पर समाप्त हुई। बारात में विभिन्न स्थानों से आई भगवान राम, सीता, राधा कृष्ण, मां दुर्गा, भारत माता का रथ, गणेश जी शिव पार्वती, समेत दर्जनों देवी देवताओं की आकर्षक झांकियों को शोभायात्रा में शामिल किया गया। जो लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। रामलीला कमेटी अध्यक्ष रूपकिशोर गुप्ता महाराज सिंह, नरेंद्र भारद्वाज, सुरेंद्र भारद्वाज, रिंकू भारद्वाज, सतेंद्र सिंह, लोकेश पाल, अंकित दीक्षित, योगेश गिरी, सुरेंद्र सिंह, बलराम पाठक, तेजेंद्र ठाकुर, अमन ठाकुर, आदि रहे।

### सर सैयद डे पर सम्मानित किए गए छात्र

ककराला। अमृत विचार : ओल्ड बॉयज एसोसिएशन बदायूं की ओर से आसिम सिद्दीकी डिग्री कॉलेज में सर सैयद डे मनाया गया। इस मौके पर सर सैयद द्वारा किए गए कार्यों पर चर्चा हुई। कार्यक्रम में छात्रों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में अधिवक्ता अनवर आलम ने सर सैयद की शैक्षिक दृष्टि को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया, उन्होंने कहा कि सर सय्यद अहमद खान ने शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक क्रांति लाने का काम किया। विशिष्ट अतिथि जिला महिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. कप्तान सिंह यादव ने छात्र जीवन की यादों को साझा किया, जिसमें उन्होंने अलीगढ़ में शिक्षा के साथ-साथ व्यक्तित्व विकास पर जोर दिया। मुख्य अतिथि प्रोफेसर अलीम ने इस आयोजन को सर सैयद के विचारों को युवा पीढ़ी तक पहुँचाने का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। हुम्मी सर ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि सर सैय्यद अहमद खान ने अंग्रेजों की गुलामी के समय मुस्लिमों में शिक्षा की अलख जगाने की मुहिम चलाई। शाजिया कय्यूम और. अमने आलम ने भी विचार रखे। संचालन अहमद मुज्तबा ने किया। इस दौरान डॉ. हस्सान आलम, डॉ. इल्तफात हुसैन, शहंशाह मियां, एडवोकेट सलीम उद्दीन, एडवोकेट उमर सैफी, डॉ शारिक हनीफ आदि रहे।

खबर पेज 12 पर भी...

# युवती को 10 लाख रुपये देगा विद्युत वितरण निगम

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष और सदस्यों ने शुक्रवार को सुनाया फैसला

अमृत विचार : स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष कालीचरण ने चार साल पहले दायर की गई याचिका को स्वीकार किया है। मध्यांचल विद्युत निगम लिमिटेड को याचिनी को 10 लाख रुपए सात प्रतिशत सालाना ब्याज के साथ रुपये एक महीने में देने का आदेश दिया है।

दातागंज तहसील क्षेत्र के गांव साबित गंज निवासी पूजा पुत्री महेंद्र पाल ने न्यायालय में याचिका दायर करते हुए बताया कि 19 जुलाई 2014 को उनके पिता खेत पर कार्य कर रहे थे। सुबह आठ बजे के करीब वह खाना देने खेत पर गई थीं। खेत के रास्ते में विद्युत विभाग की 11000 की हाई बोल्टेज के तार जमीन तक झूल रहे थे। वह तारों के संपर्क में आ गईं। उसे करंट लग गया। जिससे पूजा का दाहिना हाथ पूरी तरह से झुलस गया। साथ ही बांया हाथ भी जला। उन्हें चिकित्सक के पास ले जाया गया। जीवन बचाने के लिए इलाज के दौरान कंधे से नीचे दाहिना हाथ काटना पड़ा। जिससे याचिनी अस्सी प्रतिशत दिव्यांग हो गई। याचिनी ने जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष फोरम पीठ बरेली में याचिका दायर की। साल 2016 में 10 लाख रुपए 8 प्रतिशत ब्याज की दर से देने का आदेश पारित हुआ। जिसके विरोध में मध्यांचल वितरण निगम ने लखनऊ में अपील दायर कर आदेश को साल 2018 में पलटवा दिया। शुक्रवार को स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष कालीचरण व सदस्य राकेश कुमार रस्तोगी और स्वदेश कुमारी ने उक्त आदेश दिया है।

# मेला ककोड़ा तक बनने लगी सड़क, लगेंगे 450 हैंडपंप

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- मेला ककोड़ा के मद्देनजर सभी विभागों की ओर से तेजी से की जा रही है तैयारी
- बिजली की लाइन डालने को बिजली विभाग को लिखा गया पत्र

अमृत विचार : मेला ककोड़ा के अंदर वाहनों के पहुंचने के लिए कच्ची सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। हर क्षेत्र में सड़क बनायी जा रही है। सड़क निर्माण का कार्य पूरा होते ही हैंडपंप लगाने का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। जिला पंचायत प्रशासन मेला स्थल तक बिजली पहुंचाने के लिए विद्युत विभाग को पत्र लिखने की बात कह रहा है। इस समय मेला स्थल पर रात को जनरेटर चला कर मजदूर काम कर रहे हैं।

मिनी महाकुंभ मेला ककोड़ा की तैयारियां जोरों पर हैं। जिला पंचायत प्रशासन द्वारा लगाए जाने वाले इस मेले में कई दिनों से कच्ची सड़क बनायीं जा रहीं हैं। कच्ची सड़कों से होकर ही श्रद्धालुओं के वाहन मेला के अंदर तक पहुंचेंगे। अधिकारी कर्मचारी और अतिथियों को


मेला ककोड़ा में कच्ची सड़क तैयार करते मजदूर। ● अमृत विचार

आने जाने के लिए इन्हीं सड़कों का प्रयोग किया जाएगा। इन्हीं सड़कों के दाएं बाएं बिजली के लिए खंभे लगाए जाएंगे उन पर बिजली की लाइनें डाल कर मेले को जगमग किया जाएगा। मेला स्थल पर सड़कों का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद करीब साढ़े चार सौ हैंडपम्प लगाए जाएंगे। इन्ही हैंडपंप से श्रद्धालु गला तर करेंगे। मेला परिसर में जिन स्थानों पर हैंडपम्प लगाए जाने हैं उन स्थानों को चिन्हित कर लिया गया है। जिला पंचायत के ठेकेदार चिन्हित स्थानों पर ही हैंडपंप लगाएंगे। मेला प्रशासन का कहना है कि फिलहाल साढ़े चार सौ हैंडपंप लगाने का ठेका दिया गया है यदि जरूरत होगी तो कुछ और हैंडपम्प भी लगाए जाएंगे।

### गंगा किनारे सफाई अभियान चलाया

गंगा के किनारे कई दिनों से सफाई अभियान चलाया जा रहा है। फसलों के अवशेष हटाए जा रहे हैं गन्ना की खेती करने वाले किसानों को हिदायत दी गयी है कि मेला परिसर के आस पास गन्ना काट लिया जाए जिससे किसानों को क्षति न हो। जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी मासूम रजा ने बताया कि सड़क और हैंडपम्प लगने के बाद मेला स्थल पर सुरक्षा के लिए पुलिस की तैनाती कर दी जाएगी। मेला की तैयारियों का जायजा जिला प्रशासन हर रोज ले रहा है। मेला स्थल तक बिजली पहुंचाने के लिए बिजली विभाग को पत्र लिखा गया है।। यदि संभव हुआ तो मेला स्थल तक बिजली व्यवस्था भी की जाएगी। मेला स्थल पर जनरेटर चला कर काम किया जा रहा है।

# शेखूपुर चीनी मिल पहुंचा गन्ने का नया बीज

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- मिल के महाप्रबंधक ने किसानों को किया वितरण
- लखनऊ अनुसंधान केन्द्र में तैयार किया है उन्नत किस्म का बीज

अमृत विचार : भारतीय अनुसंधान केंद्र लखनऊ द्वारा तैयार किया गया गन्ना की नई प्रजाति की पहली खेप यहां पहुंची। शेखूपुर चीनी मिल के महाप्रबंधक ने किसानों को नई प्रजाति का बीज बांटा। नई प्रजाति के गन्ने की दूसरी खेप 22 अक्टूबर को यहां पहुंचेगी।

भारतीय अनुसंधान केंद्र लखनऊ के कृषि वैज्ञानिकों ने गन्ना किसानों को एक नई प्रजाति को-लख 16202 प्रजाति का नाम दिया गया है।

दावा किया है कि इस गन्ने की पैदावार अन्य प्रजातियों से बेहतर है। इस प्रजाति में बीमारी बहुत कम लगती है। इसलिए किसानों को इस प्रजाति से दो गुना लाभ होने की संभावना है। को-लख प्रजाति का गन्ना फिलहाल


शेखूपुर चीनी मिल के महाप्रबंधक गन्ने की नई प्रजाति का बीज बांटते हुए

बिसौली की यदु शुगर मिल और शेखूपुर की सहकारी चीनी मिल ने अपने कुछ किसानों को उपलब्ध कराने को धनराशि भेजी थी जिसकी पहली खेप शुक्रवार को लखनऊ से यहां पहुंच गयी। करीब 25 हजार वड की खेप बिसौली के गन्ना किसानों को दी गयी है।

नई प्रजाति के गन्ना बीज के वितरण के समय शेखूपुर चीनी मिल के महाप्रबंधक गुलशन कुमार गन्ना विकास निरीक्षक हरिओम यादव ज्येष्ठ विकास निरीक्षक डा. प्रदीप कुमार वर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षण डा. प्रदीप कुमार वर्मा ने कहा कि इस प्रजाति के गन्ने को जिले में पहली बार लगाया गया है। कुछ किसान इस साल गन्ना लगा रहे हैं। इसका सुखद परिणाम सामने आने पर अन्य किसान भी इसी प्रजाति को अपनाएंगे।

# ट्रालियों में नहीं लगेंगे हिचकोले चीनी मिल ने बनवाई सड़कें

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : शेखूपुर चीनी मिल परिसर में गन्ना लेकर आने वाले ट्रैक्टर ट्रालियां हिचकोले खाते थे। लेकिन अब मिल प्रांगण में तीन सौ मीटर सड़क का निर्माण कराया गया है जिससे गन्ना किसानों को मिल परिसर में आने में कोई दिक्कत नहीं होगी। गन्ना किसान अब अपने वाहन मुख्य सड़क से मिल परिसर तक आराम से पहुंच जाएंगे।

शेखूपुर चीनी मिल में गन्ना लेकर आने वाले ट्रैक्टर ट्रालियों को परेशानी होती थी। मिल प्रांगण में सड़क नहीं होने से गड्ढे में ट्रैक्टर फंस जाते थे, कई बार ट्रैक्टर ट्रालियां पलट चुकी हैं। करीब दो सौ हेक्टेयर में बने मैदान में बारिश का पानी भर जाने से किसानों को परेशानी होती थी। इसी समस्या को देखते हुए मिल परिसर में करीब तीन सौ मीटर की सड़क का निर्माण किया गया है। जिसके बाद सीजन में गन्ना लेकर आने वाले किसानों को किसी तरह की दिक्कत नहीं होगी। शेखूपुर चीनी मिल परिसर में गन्ना लदे ट्रक और ट्रैक्टर, डनलप आते हैं। मिल परिसर में सड़क निर्माण होने से गन्ना किसानों में खुशी है।

### शेखूपुर चीनी मिल की सफाई

कराई जा रही है। मशीनों को दुरूस्त करने का काम तीन महीने से चल रहा है हालांकि इस बार अधिक मरम्मत का कार्य नहीं किया गया है। पिछले साल सात महीने तक हुई मरम्मत के बाद मशीनें ठीक ठाक चलती रहीं। इस साल कुछ काम किया गया है। जहां पर मिल प्रशासन को कुछ तकनीकी खराबी दिखी वहां पर काम कराया गया है।

## शहर में आज

- सहावर तहसील परिसर में संपूर्ण समाधान दिवस सुबह दस बजे से।
- पटियाली के जिनौल में रामलीला का मंचन रात आठ बजे से ।
- सोरों के लहरा में रामलीला का मंचन रात आठ बजे से।
- सुन्नगढी के गांव सिद्वनगर में बौद्ध कथा का आयोजन दोपहर दो बजे से।

## एक नजर

### पटियाली में रोजगार मेला 23 अक्टूबर को

**कासगंज, अमृत विचार :** पंडित दीनदयाल टेक्नीकल इंस्टीटयूट पटियाली में रोजगार मेले का आयोजन 23 अक्टूबर को प्रात : 10 :00 बजे से किया जाएगा। जिसमें विभिन्न कंपनियां लगभग 285 रिक्त पदों पर 18 से 26 वर्ष आयु के हाईस्कूल, इंटर, आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को रोजगार के लिए चयनित करेंगी। प्रभारी जिला रोजगार सहायता अधिकारी एस मित्तल ने अवगत कराया है कि मेले में प्रतिभाग करने के लिए अभ्यर्थी पोर्टल पर अपना पंजीकरण कर उक्त तिथि स्थान पर अपने साथ रिज्यूम, पंजीयन कार्ड एक्स 10 समस्त शैक्षिक प्रमाणपत्रों की छायाप्रति व मूल प्रति, आधार कार्ड एवं दो फोटो साथ लेकर पहुंचे।

### संपूर्ण समाधान दिवस आज, डीएम सहावर में

**कासगंज, अमृत विचार :** जिलाधिकारी मेधा रूपम की अध्यक्षता में आज माह के तृतीय शनिवार 19 अक्टूबर को तहसील सहावर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे। तहसील कासगंज एवं पटियाली में आयोजित होने वाले समाधान दिवस में समस्त क्षेत्रीय अधिकारी उपस्थित रहकर जनता की समस्याओं व शिकायतों के निस्तारण में सहयोग करेंगे।

### गैर इरादतन हत्या का वांछित गिरफ्तार

**कासगंज, अमृत विचार :** सिढपुरा थाना पुलिस ने पत्नी की गैर इरादतन हत्या के मामले में वांछित चले आ रहे आरोपी को सूचना के आधार पर धुमरी रोड राधा स्वामी सत्संग भवन से गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर राधेश्याम ने बताया कि शुक्रवार को आरोपी सोनू गुप्ता निवासी मेन मार्केट धुमरी, एटा हाल निवासी सिढपुरा को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को पूछताछ के बाद न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेजा गया है।

# कबड्डी फाइनल में मथुरा ने आगरा को हराया

## तीन दिवसीय अंतर्जनपदीय पुलिस कबड्डी प्रतियोगिता का समापन



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते डीआईजी प्रभाकर चौधरी। ● अमृत विचार



समापन पर खो खो टीम की विजेता कासगंज महिला पुलिस टीम को शील्ड प्रदान करते डीआईजी प्रभाकर चौधरी, मौजूद एसपी अपर्णा रजत कौशिक। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- डीआईजी ने विजेताओं को पुरस्कृत कर बढ़ाया उत्साह

**अमृत विचार :** सोरों के खेल स्टेडियम में चल रही तीन दिवसीय आगरा जोन की पहली अंतर्जनपदीय पुलिस कबड्डी क्लस्टर प्रतियोगिता का शुक्रवार को समापन हुआ। कबड्डी के फाइनल मुकाबले में मथुरा की टीम ने आगरा को हराकर विजय हासिल की। खो खो में कासगंज की टीम विजेता रही। अलीगढ़ परिक्षेत्र के डीआईजी ने विजेताओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साह बढ़ाया।

शुक्रवार को स्टेडियम में हुए समापन मैचों का आरंभ अलीगढ़ परिक्षेत्र के डीआईजी प्रभाकर चौधरी ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। डीआईजी ने कहा कि खेल शारीरिक और मानसिक विकास का घोतक होते हैं। इनसे आपसी सद्भाव को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। महिला वर्ग में मथुरा व आगरा के मध्य फाइनल कबड्डी मैच खेला गया। जिसमें मथुरा 45-32 से विजयी रहा, मैनपुरी व कासगंज की महिला टीमों के मध्य फाइनल खो-खो मैच में जनपद कासगंज 15-12 से विजयी रहा। वहीं पुरुष वर्ग में कासगंज व मैनपुरी के मध्य हुए खो-खो फाइनल मैच में मैनपुरी 11-02 से विजयी रहा। मैनपुरी व मथुरा के मध्य हुए कबड्डी फाइनल मैच में मथुरा 46-26 विजयी रहा है । विजेता टीमों के ट्राफी प्रदान की गई । सभी खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र देकर उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक राजेश भारती, क्षेत्राधिकारी नगर आंचल चौहान, क्षेत्राधिकारी सहावर सुश्री शाहिदा नसरीन, क्षेत्राधिकारी पटियाली राजकुमार पांडेए, रविन्द्र कुमार मलिक, निर्णायक मंडल में राजेंद्र सिंह, अजय यादव, मुकेश राजपूत, दीनदयाल सिंह, यादराम, नीलेश चौहान, देवेंद्र कुमार, भरतेंद्र सिंह एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# अवैध शराब के कारोबारियों पर पुलिस का शिकंजा

**कासगंज, अमृत विचार :** अवैध शराब के कारोबारियों के विरुद्ध पुलिस अभियान चला कर कार्रवाई की जा रही है। इस क्रम में थाना सहावर और सिढपुरा पुलिस ने अवैध शराब के दो कारोबारियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। जिनके कब्जे से 55 अवैध शराब के क्वार्टर बरामद हुए हैं। एसपी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर जिले में अवैध शराब के कारोबारियों के विरुद्ध अभियान चला रही है। शुक्रवार को सिढपुरा थाना पुलिस ने मिली सूचना के आधार पर एक व्यक्ति श्यामवीर सिंह निवासी धनसिंह पुर को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 35 क्वार्टर अवैध देशी शराब के बरामद किए। वहीं, सहावर के इंस्पेक्टर प्रवेश राणा ने मिली सूचना पर दिनेश निवासी ग्राम खाता थाना सहावर को गिरफ्तार किया। जामा तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 20 क्वार्टर अवैध देशी शराब के बरामद किए। एएसपी राजेश भारती ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध संबंधित थानों में मुकदमा दर्ज करने के बाद न्यायालय में पेश किया गया है। जहां से आरोपियों के विरुद्ध अग्रिम कार्रवाई की गई है।

# धरने पर बैठे दिव्यांगजनों को एसडीएम ने दिया आश्वासन



कलेक्ट्रेट परिसर में धरना देते दिव्यांग जन। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** मांगों को लेकर शुक्रवार को श्री वराह जन सेवा दिव्यांग समिति के बैनर तले कलेक्ट्रेट पर दिव्यांगजनों ने धरना दिया। उन्होंने सामूहिक मुंडन संस्कार कराने की धमकी दी थी। धरना स्थल पर पहुंच कर एसडीएम सदर ने मांगों के प्रति उन्हें आश्वस्त किया, जिसके बाद धरना समाप्त हुआ। साथ ही मुंडन संस्कार स्थगित कर दिया।

धरना दे रहे दिव्यांगजनों को संबोधित करते हुए समिति के अध्यक्ष कुलदीप निर्भय ने कहा कि अपनी मांगों को लेकर तीन माह से दिव्यांगजन निरंतर जिला प्रशासन से गुहार लगा रहे थे, लेकिन सुनवाई नहीं हुई थी। जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर भी अनुरोध किया गया था, लेकिन समस्याएं जस की तस बनी हुई है। मजबूरन दिव्यांग जन धरना प्रदर्शन और सामूहिक मुंडन संस्कार के लिए बाध्य हुए हैं। प्रदर्शनकारियों से धरना स्थल पर पहुंच कर एसडीएम संजीव कुमार ने मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। मांगों के प्रति आश्वस्त कर धरना प्रदर्शन समाप्त करने का अनुरोध किया। उनके समझाने के बाद धरना समाप्त हुआ। दिव्यांगजनों ने चेतावनी दी है, यदि उनकी मांगे पूरी न हुई तो दस दिन बाद पुनः धरना प्रदर्शन करेंगे और सामूहिक मुंडन संस्कार कराएंगे। इस मौके पर समिति के पदाधिकारी और दिव्यांगजन मौजूद रहे।

# एसपी ने साप्ताहिक परेड का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



आरआई को दिशा निर्देश देतीं एसपी अपर्णा रजत कौशिक। ● अमृत विचार

- पुलिस लाइन का निरीक्षण कर आरआई को दिए निर्देश

**अमृत विचार :** शुक्रवार को एसपी ने सोरों अस्थाई पुलिस लाइन में साप्ताहिक ड्रिल परेड का निरीक्षण कर सलामी ली। इसके बाद उन्होंने पुलिस लाइन का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के निर्देश आरआई को दिए। परेड में शामिल चौकी प्रभारियों को अपने अपने क्षेत्रों में रात्रि गश्त को प्रभावी बनाने को कहा।

परेड में सम्मिलित पुलिस कर्मियों के टर्नआउट को चेक करते हुए एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने कहा कि सभी अधिकारी-कर्मचारी ड्यूटी के दौरान जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करें। चौकी प्रभारियों को आगामी त्यौहारो के दृष्टिगत निर्देशित किया कि वह अपने अपने क्षेत्रों में रात्रि गश्त को प्रभावी बनाएं। अभिलेख, चौकी क्षेत्र का नक्शा एव चौकी के अपराध रजिस्टर को व्यवस्थित किया जाए। स्कूल, कॉलेजो, बाजारों व भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में गश्त व पैट्रोलिंग बढ़ाए जाने एवं धार्मिक स्थलों पर विशेष निगरानी व संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनो की चैकिंग किए जाने के साथ ही महिलाओं, युवतियों की शिकायतों पर तत्परता से कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए। इसके बाद एसपी ने क्वार्टर गार्द, परिवहन शाखा, यूपी 112 पीआरवी, भोजनालय, बैरेक आदि का निरीक्षण किया गया । यूपी 112 पीआरवी में मौजूद दंगा नियंत्रण उपकरणों, फर्स्ट ऐड किट आदि का निरीक्षण कर उपकरणों की नियमित साफ-सफाई व देखरेख व कुशल संचालन हेतु निर्देश दिए गए।

# डॉ प्रदीप बने सीएचसी पटियाली के चिकित्साधीक्षक

**कासगंज, अमृत विचार:** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पटियाली का नया प्रभार डॉ. प्रदीप गौतम को सौंपा गया है। शुक्रवार को उन्होंने पदभार ग्रहण कर अधीनस्थों के साथ बैठक की।



डॉ. प्रदीप गौतम।

उन्होंने कहा कि स्टाफ के साथ मिलकर टीम भावना के साथ काम करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को और बेहतर बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केंद्र पर सभी प्रकार की सुविधाएं मौजूद हैं। उन्होंने अपील की कि किसी भी रोग के लक्षण पाए जाने पर पहुंच कर परीक्षण करा दवाएं लें और झोलाछापों से बचे।

# अव्यवस्था : डेंगू वार्ड में स्वास्थ्य कर्मियों और तीमारदार में हाथापाई

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- डॉक्टर ने दी तहरीर, पुलिस ने तीमारदार को कोर्ट में पेश किया
- एक दिन पूर्व नर्स ने मरीज को वार्ड से भगाने की दी थी धमकी

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में अव्यवस्था और स्टाफ की मनमानी और दुर्व्यवहार से मरीज परेशान हैं। शुक्रवार को एक मरीज के तीमारदार और स्वास्थ्य कर्मियों में विवाद के बाद हाथापाई हो गई। पुलिस ने तीमारदार को गिरफ्तार कर लिया। एक दिन पहले सोरों के मरीज और स्टाफ से कहासुनी हो गई थी। तब नर्स ने मरीजों को भगाने की धमकी दे डाली। बाद में मरीज को डिस्चार्ज कर दिया गया।

जिला अस्पताल में मरीजों की भरमार है। डेंगू वार्ड खचाखच भरा हुआ है। शुक्रवार की सुबह अव्यवस्था को लेकर टोंकने पर तीमारदार और चिकित्सकों में कहासुनी हो गई। इसी बात को लेकर तीमारदार विशाल यादव और स्वास्थ्य कर्मियों के बीच हाथापाई हो गई। डॉक्टर से भी कहासुनी हुई। स्वास्थ्य कर्मी तीमारदार विशाल यादव को लेकर जिला अस्पताल की पुलिस चौकी ले गए। डॉ. वीर बहादुर सिंह ने हाथापाई करने की तहरीर दी। इसी तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी युवक को सदर कोतवाली में ले जाकर हवालात में बंद कर दिया। इसके बाद युवक को न्यायालय में पेश किया।

### गुरुवार को दी वार्ड से निकालने की धमकी

गुरुवार को सोरों कस्बा का मरीज गोपाल दूबे और एक अन्य मरीज डेंगू वार्ड में भर्ती था। नर्स से ड्रिप बदलने की कहने पर वह भड़क गई। उसने मरीज को वार्ड से भगाने तक की धमकी दे डाली। मरीज के तीमारदार ने वीडियो बनाकर वायरल कर दी। वीडियो में नर्स साफ कह रही है जिससे जो कराना हो वो करा लेना। मेरा कुछ नहीं बिगड़ेगा। बाद में गोपाल दूबे को डिस्चार्ज कर दिया। वह अब निजी चिकित्सक से उपचार करा रहा है।

> शुक्रवार की सुबह स्वास्थ्य कर्मियों और तीमारदार के बीच हाथापाई का मामला सामने आया था। युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। उसके खिलाफ तहरीर दी गई है।
>
> **-डा. संजीव सक्सेना**, सीएमएस जिला अस्पताल

# 113 वाहनों के काटे चालान, तीन सीज किए

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- यातायात पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान
- चालकों को यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

**अमृत विचार :** यातायात पुलिस द्वारा शहर में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। सड़क नियमों का उल्लंघन करने पर 113 वाहनों के चालान काटे गए और तीन वाहनों को सीज किया गया। पुलिस ने चालकों को यातायात का पालन करने के लिए जागरूक किया।

एसपी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर यातायात प्रभारी लक्ष्मण सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को यातायात पुलिस ने शहर के मालगोदाम चौराहा, मंडी तिराहा, बस स्टैंड अवंतीबाई गेट, राज कोल्ड स्टोर चौराहा सहित शहर के कई स्थानों पर वाहन चेकिंग की। वाहन चेकिंग के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस ने चालकों को जागरूक किया।

दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने और वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करने की हिदायत दी गई। वहीं चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। यातायात प्रभारी लक्ष्मण सिंह ने बताया कि अभियान के दौरान 113 वाहनों के चालान काटे गए हैं। तीन वाहनों को सीज किया है। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की है। अप्रिय कार्रवाई से बचने के लिए यातायात नियमों का पालन करें।

# टमाटर के बाद अब प्याज दिखा रहा है तेवर

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** अभी हाल फिलहाल कुछ दिन पहले ही टमाटर के दाम रुला चुके हैं। उसकी सुर्खी में कुछ कमी आई तो प्याज के तीखेपन ने आंसू निकालने शुरू कर दिए। अचानक प्याज की कीमतों में तेजी देखने को मिल रही है। प्याज 50 से 65 रुपये किलो तक बिक रही है। यदि यही हाल रहा तो प्याज जल्द ही शतक पार करेगी।

प्याज की कीमतें बढ़ने से रसोई का बजट बिगड़ रहा है। लोग परेशान दिखाई दे रहे है। मंडी से घर तक पहुंचते-पहुंचते प्याज के और बढ़ जाते है। ऐसे में लोग सीमित मात्रा में ही प्याज खरीद रहे है। हालांकि कुछ दिनों में भाव में गिरावट आने की उम्मीद है।

**रिटेल में अधिक मार:** होलसेल में प्याज के भाव 50-65 के बीच बने हुए हैं, लेकिन रिटेल में कस्टमर पर अधिक मार पड़ रही है। मंडी से कॉलोनी तक प्याज पहुंचने में इसके भाव में 15 से 25 रुपये किलो की बढ़ोत्तरी हो जाती है।



शहर के नदरई गेट बाजार में प्याज बेचता सब्जी विक्रेता। ● अमृत विचार

- पहले टमाटर ने दिखाई सुर्खी, अब प्याज के भाव बढ़ा रहे हैं लोगों की धड़कन
- 15 दिन में 50 से 65 रुपये पहुंची प्याज की कीमतें

### पहले लेते थे पांच किलो, अब एक किलो

प्याज के दाम बढ़ने पर लोगों ने इसकी खरीदारी की मात्रा में कमी कर दी है। मोहल्ला जय-जयराम के रहने वाले राजेश कुमार बताते हैं कि मंडी से प्याज और आलू हफ्ते में एकबार पांच-पांच किलो खरीद लाते हैं, लेकिन प्याज के महंगे होने से एक किलो ही ला रहे है। इसका इस्तेमाल तो बंद नहीं किया जा सकता, लेकिन जब तक महंगी है कम से ही काम चलाना पड़ेगा।

### तेजी के साथ बढ़ रहे दाम

प्याज विक्रेता मोहम्मद जाकिर बताते हैं कि पिछले 10 दिन में प्याज के भाव तेजी से बढ़े हैं। 15 दिन पहले जो प्याज 20 से 24 रुपये किलो थी, वह प्याज अब 50 से 65 रुपये किलो आढ़त से बिक रही है। अगले 15-20 दिन में प्याज के भाव में गिरावट आने की उम्मीद है। नई प्याज बाजार में आ जाएगी, जिसके प्याज के भाव में गिरावट आएगी। सबसे पहले नई फसल अलवर से आना शुरू होगी। जो लाल प्याज होती है, जिसे गीली प्याज भी कहा जाता है। इसके बाजार में आने से भाव कंट्रोल होना शुरू हो जाएंगे। इसके बाद महाराष्ट्र, कर्नाटक , गुजरात आदि क्षेत्रों में से भी नई फसल की प्याज आने लगेंगी।

# स्वयं सेवकों ने बताया शरद पूर्णिमा का महत्व



दीन दयाल उपाध्याय एवं हेंडगेवार के चित्र पर पुष्प अर्पित करते अतिथि। ● अमृत विचार

संवाददाता, सोरों जी,

**अमृत विचार :** भगवान वराह की तीर्थनगरी सोरों के नगर पालिका गेस्ट हाउस में स्वयंसेवकों ने शुक्रवार को शरद पूर्णिमा पर्व मनाया। इस मौके पर सहप्रांत कार्यवाह राजपाल सिंह और प्रांत संयोजक गंगा समग्र रविशरण ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए शरद पूर्णिमा पर्व का महत्व बताया। कार्यकर्ताओं ने अतिथियों को श्रीमद् भागवत ग्रंथ भेंट किया। समापन पर प्रसाद के रूप में खीर का वितरण किया गया। इस मौके पर नगर संघ चालक डॉ. एनपी सिंह हल्दिया, जिला कारवां शिवांशु दुबे, नगर कार्यवाह अमित अग्रवाल, सह नगर कार्यवाह जय किशन तिवारी, संजय सक्सेना, केशव महेरे, सुधांशु भारद्वाज, दिवाकर शर्मा, महेश चंद्र त्रिवेदी, सतीश, जय सिंह, सत्यम चतुर्वेदी सहित अन्य स्वयंसेवक मौजूद रहे।

### अप्रेंटिस मेला 22 को

**कासगंज, अमृत विचार :** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य जहीर आलम ने अवगत कराया है कि 22 अक्टूबर 2024 को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कासगंज के सहयोग से किरन प्राइवेट आईटीआई हिम्मतपुर सई में रोजगार अप्रेंटिस मेले का आयोजन किया जायेगा। मेले में अशोका लीलेन्ड प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी पंत नगर उत्तराखंड से प्रतिभाग कर रही है। कंपनी द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से इंजीनियरिंग ग्रुप के समस्त व्यवसायों से आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यार्थियों का चयन किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी समय से अपने समस्त मूल प्रमाण पत्र एवं छाया प्रति साथ लेकर उठाएं।

### मारपीट के दो दोषियों को सजा व जुर्माना

**कासगंज, अमृत विचार :** मारपीट के मामले में न्यायालय ने आरोपी प्रेमसिंह, राम खिलाड़ी निवासी इतवारपुर थाना सहावर को दोषी माना है। न्यायालय उठने तक की सजा और एक एक हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। जुर्माना अदा न करने पर दोषियों को दस दिन का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा।

**अनदेखी** स्टेशन पर यात्री तो पार्क में बच्चे और बुजुर्ग रहते हैं दहशतजदा, लोगों ने की दोनों परिसरों को बंदरों से मुक्त कराने की मांग

# प्रभु पार्क, रेलवे स्टेशन पर बंदरों का आतंक

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** शहर के एक मात्र प्रभुपार्क और रेलवे स्टेशन में बंदरों का आतंक है। पार्क में खेलने जाने वाले बच्चे, बुजुर्ग और टहलने जाने-वाले लोग दहशतजदा रहते हैं। रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को बंदरों के आतंक का शिकार होना पड़ता है। नागरिकों ने दोनों परिसरों को बंदरों के आतंक से मुक्त कराए जाने की मांग जिला प्रशासन से की है।

शहर में एक मात्र पार्क प्रभु पार्क है। जहां प्रतिदिन सुबह और शाम महिला पुरुष, बच्चे टहलने, योगा करने और खेलने के लिए पहुंचते हैं। पार्क में सुबह से ही बंदरों के झुंड विचरण करते रहते हैं। इनके आतंक से सभी भयभीत रहते हैं। कभी-कभी तो बंदर इन पर हमला भी कर देते हैं। प्रभुपार्क के अलावा बच्चों के खेलने के लिए शहर में कोई मैदान नहीं है। ये पार्क पालिका प्रशासन के अधीन है। पालिका भी आमजन की समस्या की ओर ध्यान नहीं दे रही है। वहीं, शहर का रेलवे स्टेशन पूर्वोत्तर रेलवे का महत्वपूर्ण स्टेशन है। जहां से लंबी दूरी की रेल गाड़ियां गुजरती है। हजारों की संख्या में यात्रियों का आना-जाना बना रहता है। बंदरों के आतंक से यात्री स्टेशन पर स्वच्छंद होकर खा पी भी नहीं सकते हैं। यहां खाद्य सामग्री बेचने वाले भी इनके आतंक से परेशान है। रेल प्रशासन भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। लोगों ने जिलाधिकारी मेधा रूपम से दोनों परिसरों को बंदरों के आतंक से मुक्त कराने की मांग की है।





रेलवे स्टेशन पर समूह में विचरण करते बंदर। ● अमृत विचार

### शहर की बस्तियों में भी बंदरों का डेरा

शहर के मुहल्ला मोहन गली करारी बाली, तेलियान चौक, मुहल्ला नाथुराम, गली छप्टी, बैंक कॉलोनी, रेलवे कॉलोनी सहित शहर की कई बस्तियों में भी बंदरों का आतंक व्याप्त है। लोगों का रहना और निकलना मुश्किल है।



प्रभु पार्क में कतारबद्ध बैठे बंदर। ● अमृत विचार

**हो चुके हैं कई हादसे:** बीते वर्ष शहर के रेलवे स्टेशन पर एक महिला की चप्पल बंदर ले गया था। जिसे छुडाने के लिए एक वैंडर ट्रेन की छत पर चढ़ गया। इसी दौरान विद्युत लाइन से छू गया। उसकी दर्दनाक मौत हो गई। मोहल्ला नवाब में बीते माह छत पर सूख रहे कपडे.लेने गई शकीला बानो( 55 ) को बंदर ने घुड़की दी तो नीचे गिरने से उनकी मौत हो गई। इस तरह के कई हादसे शहर में हो चुके हैं।



कई बस्तियों में बंदरों का आतंक है। आए दिन हादसे होते हैं। जिम्मेदारों को चाहिए कि बंदरों को पकड़वाकर जंगलों में छुड़वाया जाए। जिससे लोगों को इनके आतंक से मुक्ति मिल सके।

**- सोनू बिंदल**



शहर का एकमात्र प्रभु पार्क एक ऐसा स्थान है जहां महिलाए, बुजुर्ग सभी टहलने जाते हैं। बच्चों के खेलने की भी एकलौती जगह है, लेकिन प्रभु पार्क में बंदरों का आतंक है। इससे निजात मिलनी चाहिए।

**- मनोज तोसीवाल**



स्टेशन और प्रभु पार्क सार्वजनिक स्थल है। दोनों ही स्थानों पर बंदरों का इस कदर आतंक है। यहां जाने में लोग सकुचाते हैं। कई बार बंदरों के हमले से लोग घायल हो चुके हैं।

**- विपिन कुमार वाष्णेय**



जिम्मेदारों को चाहिए कि इस समस्या से शहर के लोगों को मुक्ति दिलाए। बंदरों को पकडवाने के लिए अभियान चलाया जाए। जिससे शहर की बस्तियां रेलवे स्टेशन और प्रभुपार्क आतंक से मुक्त हो सके।

**- पवन शर्मा।**

> शहर में बंदरों के पकडवाने के लिए योजना तैयार की जा रही है। बंदर पकड़ने वाले मथुरा एवं अन्य स्थानों के लोगों से बात हुई है। शीघ्र ही बंदरों को पकड़वाकर जंगल में छुड़वाने का काम किया जाएगा।
>
> **- मेधा रूपम**, डीएम।

असम्यगुपयुक्तं हि ज्ञानं सुकुशलैरपि।
उपलभ्यं चाविदितं विदितं चाननुष्ठितम्॥

वह ज्ञान बेकार है जिससे कर्तव्य का बोध न हो और वह कर्तव्य भी बेकार है जिसकी कोई सार्थकता न हो।

## संपादकीय

# ब्रिक्स की राह

ब्रिक्स (ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका) के नेता संगठन के शिखर सम्मेलन के लिए 22-24 अक्टूबर को रूस के कजान में मिलेंगे। ब्रिक्स अपने पांच नए सदस्यों (मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात) का स्वागत करेगा। साथ ही कम से कम 24 अन्य संभावित सदस्य शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे। सम्मेलन को काफी अहम माना जा रहा है क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच जुलाई में हुई बैठक के बाद सम्मेलन के दौरान दोबारा द्विपक्षीय बातचीत तय हुई है। इसके अलावा ब्रिक्स सम्मेलन में भाग लेने आ रहे चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बातचीत की संभावना है। वर्ष 2020 में गलवान मुद्दे के बाद पहली बार मोदी-जिनपिंग मुलाकात की संभावना जताई जा रही है। रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद यह पहला मौका है, जब रूस में इतना बड़ा आयोजन हो रहा है। पुतिन दिखाना चाहेंगे कि यूक्रेन युद्ध के लिए मास्को को अलग-थलग करने के पश्चिमी प्रयास सफल नहीं हुए हैं और रूस के दुनिया भर में मित्र हैं। संगठन में पांच नए सदस्य देश जुड़े हैं। इनमें मिस्र, इथोपिया, ईरान, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात शामिल हैं। जैसे-जैसे ब्रिक्स का विस्तार हो रहा है यह विश्व मामलों में अधिक प्रभावशाली खिलाड़ी बनने की ओर अग्रसर है। इस समूह के सदस्य देशों की जनसंख्या विश्व की 45 प्रतिशत है।

सऊदी अरब और ईरान जैसे पश्चिम एशियाई देशों का नए सदस्यों के रूप में शामिल होना उनके पर्याप्त ऊर्जा संसाधनों के कारण अत्यंत महत्वपूर्ण है। सऊदी अरब एक प्रमुख तेल उत्पादक देश है और इसके तेल उत्पादन का एक बड़ा हिस्सा चीन व भारत को जाता है। सामूहिक रूप से इसके सदस्यों की अर्थव्यवस्थाओं का कुल मूल्य लगभग 28.5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर (वैश्विक अर्थव्यवस्था का लगभग 28 प्रतिशत) है। इस समूह के सदस्यों (ईरान, सऊदी अरब तथा यूएई) की वैश्विक कच्चे तेल उत्पादन में लगभग 44 प्रतिशत की भागीदारी है। मिस्र और इथियोपिया की 'हॉर्न ऑफ अफ्रीका' तथा लाल सागर क्षेत्र में रणनीतिक अवस्थिति है, जो महत्वपूर्ण समुद्री व्यापार मार्गों के निकट होने के कारण अत्यधिक भू-राजनीतिक महत्व के क्षेत्र हैं। उनकी उपस्थिति इस क्षेत्र में ब्रिक्स के भू-राजनीतिक महत्व को बढ़ाती है। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि रूस-यूक्रेन युद्ध और इजराइल-मध्य पूर्व संघर्ष को देखते हुए ब्रिक्स सम्मेलन में लिए गए फैसलों के दूरगामी असर होंगे। दुनिया के प्रमुख मुद्दों पर चर्चा करने के लिए यह सम्मेलन एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगा।

# कृत्रिम तंत्रिका जाल और मशीन लर्निंग



डॉ.राजीव अग्रवाल
चिकित्सक, शाहजहांपुर

इन नोबेल पुरस्कार विजेताओं के कार्यों से आर्टिफिशियल न्यूरल नेटवर्क का एक बहुत बड़े क्षेत्र में उपयोग किया जा सकता है। इससे अनेक नए गुणों वाले पदार्थ बनाए जा सकते हैं। मशीन लर्निंग एक ऐसा वैज्ञानिक क्षेत्र है, जो दिखाता है कि कैसे कंप्यूटर तथ्यों और विवरणों से सीख सकते हैं।

सन 2024 का भौतिकी का नोबेल पुरस्कार अमेरिकन वैज्ञानिक जॉन जे. हॉपफील्ड और ब्रिटिश कनाडियन वैज्ञानिक जेफ्री हिंटन को दिया गया है। उनको यह पुरस्कार कृत्रिम न्यूरल नेटवर्क के साथ मशीन लर्निंग को संभव बनाने में आधारभूत खोजों और आविष्कारों के लिए दिया गया है। 1933 में जन्मे हॉपफील्ड भौतिक शास्त्री और प्रिंसटन यूनिवर्सिटी में एमेरिटस प्रोफेसर हैं। 1947 में जन्मे हिंटन कम्प्यूटर वैज्ञानिक और कॉग्निटिव वैज्ञानिक व मनोवैज्ञानिक हैं। ये कृत्रिम बुद्धि के धर्म पिता भी कहे जाते हैं। ये टोरंटो विश्वविद्यालय में एमेरिटस प्रोफेसर हैं।

इन दोनों नोबेल पुरस्कार विजेताओं ने भौतिक शास्त्र की ऐसी विधियों की खोज की जो आज की शक्तिशाली मशीन लर्निंग की आधार हैं। जॉन हॉपफील्ड ने एक ऐसी कृत्रिम स्मृति बनाई जो आकृतियों, चित्रों और अन्य प्रकार के डाटा को भंडारित कर सकती थी और पुनः बना सकती थी। जेफ्री हिंटन ने एक ऐसी विधि की खोज की, जो डाटा की प्रॉपर्टीज को अपने आप देख सकती थी और जो तस्वीरों में विशेष तत्वों को पहचानने का काम अपने आप कर सकती थी। जब हम कृत्रिम बुद्धि अर्थात आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की बात करते हैं तो अक्सर हमारा अर्थ होता है-कृत्रिम न्यूरल नेटवर्क का प्रयोग करते हुए मशीन लर्निंग को प्राप्त करना। यह तकनीक हमारे मस्तिष्क की बनावट से प्रेरित है। एक कृत्रिम न्यूरल नेटवर्क में मस्तिष्क के न्यूरॉन्स के स्थान पर विभिन्न मान वाले नोड्स रखे जाते हैं। ये नोड्स एक-दूसरे को उसी प्रकार के जोड़ों से प्रभावित करते हैं जैसे मस्तिष्क के न्यूरॉन्स साइनैप्सेज के माध्यम से करते हैं। कृत्रिम न्यूरल नेटवर्क के इन जोड़ों को कमजोर या मजबूत बनाया जा सकता है। इस कृत्रिम न्यूरल नेटवर्क को प्रशिक्षण भी दिया जा सकता है। वह बातों को सीख सकता है। इसके लिए नोड्स के बीच के कनेक्शंस को मजबूत बनाया जाता है और उन्हें उच्च मान दिया जाता है। इस वर्ष के नोबेल पुरस्कार विजेताओं ने कृत्रिम न्यूरल नेटवर्क के क्षेत्र में सन 1980 से अब तक महत्वपूर्ण कार्य किया था। जॉन हॉपफील्ड ने एक ऐसे नेटवर्क का आविष्कार किया, जो पैटर्न्स को सुरक्षित रखने और उन्हें पुनः सामने लाने का कार्य कर सकता था। हम उन नोड्स को पिक्सेल्स के रूप में समझ सकते हैं। हॉपफील्ड का नेटवर्क ऐसी भौतिकी का प्रयोग करता है, जो किसी पदार्थ के गुणों को उसके एटॉमिक स्पिन के अनुसार समझाती है। इस स्पिन के कारण हर परमाणु एक छोटे से चुंबक के समान कार्य करता है। यह नेटवर्क इस प्रकार समझाया जाता है, जिसमें यह परमाणु के स्पिन की ऊर्जा के तुल्य होता है और यह अपने जोड़ों के मान के अनुसार प्रशिक्षित किया जा सकता है। यही कार्य हमारा मस्तिष्क भी करता है। कोई नई बात सीखने पर उसमें न्यूरॉन्स के कुछ साइनैप्सेज मजबूत बनते हंत और कुछ कमजोर हो जाते हैं।

इस कृत्रिम न्यूरल नेटवर्क में सुरक्षित की गई तस्वीरें निम्न ऊर्जा की होती हैं। जब इस हॉपफील्ड नेटवर्क को एक विकृत या अधूरी तस्वीर दी जाती है तो यह अपने नोड्स के माध्यम से कार्य करता है और उसके मान को अद्यतन करता है, जिससे नेटवर्क की ऊर्जा कम होती जाती है। इस प्रकार यह कृत्रिम न्यूरल नेटवर्क टुकड़ों में कार्य करके ऐसी तस्वीर सामने लाता है, जो इसे दी गई अधूरी तस्वीर के समान होती है। यह उस अधूरी और विकृत तस्वीर को ठीक भी कर सकता है। जेफ्री हिंटन ने हॉपफील्ड नेटवर्क को एक नए नेटवर्क के आधार के रूप में इस्तेमाल किया। इसके लिए उन्होंने बोल्ट्ज़मैन मशीन के रूप में एक नया तरीका इस्तेमाल किया। यह तरीका किसी दिए गए डाटा में उसके गुणों को बताने वाले तत्वों को पहचान सकता था। हिंटन ने सांख्यिकी भौतिकी के टूल्स का प्रयोग किया। इस विज्ञान में बहुत छोटे-छोटे घटकों से एक तंत्र बनाया जाता है। इसमें मशीन को अनेक प्रकार के उदाहरण देकर प्रशिक्षित किया जाता है। बोल्ट्ज़मैन मशीन का उपयोग चित्रों को वर्गीकृत करने और ऐसे पैटर्न्स के नए उदाहरण बनने के लिए किया जा सकता है जिन पर यह प्रशिक्षित की गई थी। हिंटन ने अपने कार्यों से मशीन लर्निंग में विस्फोट के समान होने वाले ज्ञान के विकास की नींव रखी।

इन नोबेल पुरस्कार विजेताओं के कार्यों से आर्टिफिशियल न्यूरल नेटवर्क का एक बहुत बड़े क्षेत्र में उपयोग किया जा सकता है। इससे अनेक नए गुणों वाले पदार्थ बनाए जा सकते हैं। मशीन लर्निंग एक ऐसा वैज्ञानिक क्षेत्र है, जो दिखाता है कि कैसे कम्प्यूटर तथ्यों और विवरणों से सीख सकते हैं। यदि हम स्वास्थ्य के क्षेत्र का उदाहरण लें तो हम पाएंगे कि इस क्षेत्र में बहुत अधिक मात्रा में उपलब्ध इलेक्ट्रॉनिक डाटा के आधार पर मशीन लर्निंग एल्गोरिथम्स बनाती है। यह एल्गोरिथम कार्य दक्षता, क्षमता और व्यक्तिकरण को बहुत बढ़ा देती है। इसमें ऐसे क्षेत्र विकसित किया जा सकते हैं, जिनसे किसी रोगी को व्यक्तिगत रूप से मॉनीटर किया जा सकता है, उसे स्वास्थ्य के उपकरणों से जोड़ा जा सकता है, उस रोगी के स्वास्थ्य का पूरा रिकॉर्ड रखा जा सकता है, वह संसार में कहीं भी जाए, कंप्यूटर माउस के एक क्लिक पर उसका पूरा रिकॉर्ड सामने आ सकता है, कृत्रिम बुद्धि उसको जांचें और दवाएं भी सुझा सकती हैं। मशीन लर्निंग रोगियों के डाटा का अध्ययन करके उस पर रिसर्च कर सकती है और दवाओं के दुष्प्रभाव भी समझ सकती है। इससे रोगी की केयर और नई दवाओं की खोज और मेडिकल प्रोसीजर्स की सेफ्टी और इफेक्टिवेनेस बहुत बढ़ाई जा सकती है।

डीप लर्निंग मशीन लर्निंग का एक ऐसा भाग है, जो न्यूरल नेटवर्क की विभिन्न तहों को समाहित करता है। इससे डाटा के जटिल पैटर्न्स सामने आते हैं। इस डीप लर्निंग से मेडिकल इमेजेज-जैसे एक्स-रे, एमआरआई, पैथोलॉजिकल स्लाइड्स आदि को बहुत दक्षता और बिल्कुल सही रूप से समझने में मदद मिलती है। मशीन लर्निंग एल्गोरिथम हमारी आंखों की रेटिना के चित्रों को समझ सकती है और हमें बता सकती है कि हमें डायबिटिक रेटिनोपैथी तो नहीं है, वह यह बता सकती है कि हमें हृदयाघात का डर तो नहीं है या हमें कैंसर की संभावना तो नहीं है। कृत्रिम बुद्धि और मशीन लर्निंग के ये तमाम कार्य संभव होने के पीछे इन दोनों वैज्ञानिकों और इन जैसे अनेक अन्य वैज्ञानिकों के कार्य का आधार है। इनके ये कार्य कृत्रिम बुद्धि को बनाने और उसको आगे बढ़ाने में बहुत सहायक हैं।



जब हम कृत्रिम बुद्धि-अर्थात आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की बात करते हैं तो अक्सर हमारा अर्थ होता है-कृत्रिम न्यूरल नेटवर्क का प्रयोग करते हुए मशीन लर्निंग को प्राप्त करना। यह तकनीक हमारे मस्तिष्क की बनावट से प्रेरित है। एक कृत्रिम न्यूरल नेटवर्क में मस्तिष्क के न्यूरॉन्स के स्थान पर विभिन्न मान वाले नोड्स रखे जाते हैं। ये नोड्स एक-दूसरे को उसी प्रकार के जोड़ों से प्रभावित करते हैं जैसे मस्तिष्क के न्यूरॉन्स साइनैप्सेज के माध्यम से करते हैं। कृत्रिम न्यूरल नेटवर्क के इन जोड़ों को कमजोर या मजबूत बनाया जा सकता है। इस कृत्रिम न्यूरल नेटवर्क को प्रशिक्षण भी दिया जा सकता है। वह बातों को सीख सकता है। इसके लिए नोड्स के बीच के कनेक्शंस को मजबूत बनाया जाता है और उन्हें उच्च मान दिया जाता है।

## प्रसंगवश

# पर्यावरण संरक्षण को बड़ा कदम



साहिल अहमद
अधिवक्ता हाईकोर्ट, नई दिल्ली

भारत में औद्योगिकीकरण, शहरीकरण और बुनियादी ढांचे का विकास प्राकृतिक संसाधनों पर बढ़ते दबाव का कारण बना है। इसके परिणामस्वरूप, पर्यावरण से संबंधित विवादों की संख्या में भी वृद्धि हुई है। सर्वोच्च न्यायालय ने इन मामलों के निपटारे के लिए विशेष अदालतों की आवश्यकता पर बल दिया था, जिससे राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) की स्थापना हुई, जो पर्यावरण संरक्षण और वन्य संसाधनों के संरक्षण के लिए त्वरित और प्रभावी समाधान प्रदान करता है।

एनजीटी का गठन उन अंतर्राष्ट्रीय संधियों के अनुरूप किया गया है, जिनका भारत सदस्य है। एनजीटी को संविधान के अनुच्छेद-21 के तहत स्वस्थ पर्यावरण के अधिकार की मान्यता मिली है, जो जीवन के अधिकार का हिस्सा है। यह न केवल मूल अधिकारों की रक्षा करती है, बल्कि पर्यावरणीय नुकसान के शिकार लोगों को राहत और मुआवजा भी प्रदान करती है। एनजीटी ने कई महत्वपूर्ण निर्णय लेकर प्रदूषण और वन संरक्षण के मामलों में कड़े आदेश जारी किए हैं। एनजीटी के समक्ष चुनौतियां भी व्याप्त हैं। हालांकि एनजीटी ने कई सफलताएं हासिल की हैं, फिर भी इसे कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

कुछ महत्वपूर्ण अधिनियम, जैसे वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 और आदिवासी अधिकार अधिनियम 2006, एनजीटी की न्यायाधिकार से बाहर रखे गए हैं। यह न केवल एनजीटी की प्रभावशीलता को बाधित करता है, बल्कि इसके कार्यक्षेत्र को भी सीमित करता है। अतिरिक्त रूप से एनजीटी के निर्णयों को उच्च न्यायालयों में चुनौती दी जा रही है, जिससे यह स्पष्ट नहीं हो पाता कि किन निर्णयों को चुनौती दी जा सकती है। इसके साथ ही एनजीटी के सामने वित्तीय और मानव संसाधनों की कमी भी एक बड़ी समस्या है, जिससे मामलों की लंबित संख्या बढ़ रही है।

भविष्य में यदि एनजीटी को दी गई चुनौतियों का सामना करने के लिए आवश्यक संसाधनों और अधिकारों से सुसज्जित किया जाए, तो यह पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में और अधिक प्रभावी सिद्ध हो सकता है। जब पूरी दुनिया पर्यावरण की रक्षा के लिए संघर्ष कर रही है, एनजीटी की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है।

# तंत्र की अरुचि से कमजोर हो रहा अधिकार



प्रदीप मिश्र
वरिष्ठ पत्रकार

माना जाता है कि गोपनीयता से अनिश्चितता को बढ़ावा मिलता है और अनिश्चितता व्यवस्था को कमजोर बनाती है।

किसी भी काम को अंजाम तक पहुंचाने का मंतव्य इससे स्पष्ट होता है कि इसके लिए नीति, नियम और अधिनियम क्या बनाए जाते हैं और उनका क्रियान्वयन व निगरानी कैसे की जाती है। 12 अक्तूबर 2005 को लागू किए गए सूचना का अधिकार अधिनियम (आरटीआई एक्ट) के हालात बताते हैं कि कड़ी मशक्कत से तैयार जनहित के कानून को कमतर करने की कोशिश की जा रही है।

18 वर्ष पहले जनसामान्य को मिले इस अभूतपूर्व मौलिक अधिकार की प्रासंगिकता और उपयोगिता पर यद्यपि कोई सवाल नहीं है, लेकिन केंद्र और राज्य सरकारों के स्तर पर गरिमा के लिए प्रयास और जागरूकता की पहल का अभाव है। अधिनियम में किए गए संशोधनों और सतर्क समूहों के सुझावों की अनदेखी भी इस बारे में चिंताएं बढ़ाती हैं। आंध्र प्रदेश, झारखंड, मणिपुर, नागालैंड, सिक्किम, पश्चिम बंगाल, अंडमान और निकोबार, दमन-दीव और दादरा-नगर हवेली, जम्मू-कश्मीर, लक्षद्वीप और अरुणाचल प्रदेश ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के डेढ़ वर्ष बाद भी आरटीआई पोर्टल शुरू नहीं किया है। इनसे 21 अक्तूबर तक जवाब मांगा गया है। यहां यह जानना जरूरी है कि शीर्ष अदालत आरटीआई आवेदनों के लिए पोर्टल बना चुकी है।

आरटीआई कानून केंद्र-राज्य सरकार को ही नहीं, इनके सभी उपक्रमों को नियमों का पालन करने के साथ नियमानुसार काम करने की नसीहत देता है। अन्य कानून जहां आम जनता के लिए बनाए जाते हैं, वहीं यह कानून संसद और विधानसभाओं द्वारा मान्य संस्थाओं की जिम्मेदारी और जवाबदेही सुनिश्चिति करता है। माना जाता है कि गोपनीयता से अनिश्चितता को बढ़ावा मिलता है और अनिश्चितता व्यवस्था को कमजोर बनाती है। सूचना अधिकार के कानून को लागू करने में सरकारों की अरुचि रही है। यह हाल तब है, जब दुनिया में सबसे ज्यादा सूचना के अधिकार का इस्तेमाल भारत में होता है। आंकड़े बताते हैं कि देश में हर साल लगभग 60 लाख आरटीआई डाली जाती हैं। केंद्रीय सूचना आयोग की रिपोर्ट भी बताती है कि 2005-06 में उसके यहां आरटीआई आवेदनों की संख्या 24,436 थी। 2021-22 तक यह आंकड़ा 18,32,133 तक पहुंच गया।

भारतीय संविधान की धारा 19 (1) (क) और धारा 21 में नागरिकों को लोक प्राधिकारियों द्वारा किए गए सभी कार्यों को जानने के अधिकार की गारंटी प्रदान करता है। यह परिकल्पना 2005 में कांग्रेस के डॉ. मनमोहन सिंह की सरकार में साकार हुई। पारदर्शिता के परिदृश्य में बने कानून को भ्रष्टाचार से लड़ाई का सशक्त हथियार माना गया, पर सरकारी पेंचीदगियों ने इसकी पहुंच आसान नहीं रहने देने के प्रयत्न किए। यही कारण है कि सूचनाओं की शुचिता बनाए रखने के बजाय संशोधन की आड़ लेकर संकोच को सार्वजनिक किया गया। संवेदनशीलता के नाम पर सूचनाएं छिपाने का पुरजोर प्रयत्न किया जा रहा है। जन सूचना अधिकारी जानकारी देने में अनावश्यक विलंब के साथ बचने का रास्ता निकालते हैं। कई बार निर्धारित अवधि 30 दिन के भीतर सूचनाएं या तो दी नहीं जा रही हैं या फिर आधी-अधूरी देकर आवेदक को उलझाया जा रहा है।

भारतीय गणतंत्र के इस महत्वपूर्ण कानून पर जागरूकता का अभाव और अनदेखी इससे स्पष्ट होती है कि 12 अक्टूबर गुजर जाता है और पता नहीं चलता कि जनता को एक मौलिक अधिकार इसी तारीख में मिला था। तंत्र की इसमें दिलचस्पी नहीं है कि इस तारीख को हिंदी दिवस, शिक्षक दिवस, साक्षरता दिवस, योग दिवस और मजदूर दिवस की तरह सूचना या जानकारी दिवस का स्वरूप दिया जाए। दिन और दिनांक विशेष पर दलीय सीमाओं और निष्ठाओं से अलग हटकर केंद्रीय सूचना आयोग और राज्य सूचना आयोगों को अपनी उपलब्धियां ही बतानी चाहिए। सूचना मंत्री भी इस दिशा में किए जा रहे उपायों, बाधाओं और निष्कर्षों से परिचित कराएं। तथ्यों को लेकर संजीदगी बरतने के बहाने सूचनाओं का प्रवाह रोकने के लिए प्रयासरत समूचा तंत्र सूचनाओं की स्वतंत्रता को लेकर सामंतशाही की मानसिकता में है। केंद्र सरकार विह्सिल ब्लोअर संरक्षण एक्ट लागू नहीं कर रही है। उदासीनता का परिणाम है कि सूचनाएं और दस्तावेज लेने में कई आरटीआई एक्टिविस्ट जान गंवा चुके हैं। धमकियां, रिपोर्ट, हमले और प्रलोभन आम बात हो गई हैं।

## सोशल फोरम

# औपनिवेशिक चिन्हों का हटाना



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

देश को चिन्हों और प्रतीकों से खुश मत करो, ठोस वस्तुएं और भ्रष्टाचार मुक्त पारदर्शी सेवाएं दो।

देश से औपनिवेशिक चिह्नों का हटाया जाना अच्छा है, पर यह भी क्या हटाया जाना कि महानगरों के नाम बदल दिए जाएं, पर उनकी आत्मा औपनिवेशिक धारणाओं को ढोती रहे। जरूरत भारतीय मानस को डी-कोलोनाइज करने की है।

यदि औपनिवेशिक चिह्नों को हटाना है तो छोटे-छोटे चिन्हों पर हाथ डालने से कुछ नहीं बदलेगा। शक्ति है तो बड़े चिह्नों को हटाइए। सबसे बड़ा चिह्न है, अंग्रेज उपनिवेशकों की 'फूट डालो और राज करो' की नीति, जिसका आज पहले से ज्यादा नंगे ढंग से इस्तेमाल किया जा रहा है।

दूसरा बड़ा औपनिवेशिक चिह्न है, सत्ता से जुड़े प्रतिष्ठानों और व्यक्तित्वों का, लग्जरी की अत्यधिक कीमती वस्तुओं का इस्तेमाल, जरूरत से बड़े भवनों का उपयोग। अंग्रेज ऐसा गरीबों की बड़ी आबादी को अपनी समृद्धि से आतंकित करने के लिए करते थे। तीसरा बड़ा चिह्न है, देश के बड़े उद्यमों और प्रतिष्ठानों को ईस्ट इंडिया कंपनी से भी भयंकर आजकल की बहुराष्ट्रीय कंपनियों के हाथों में सौंपकर, देश का धन विदेश और विदेशी बैंकों में भेजने के अनियंत्रित अवसर देना और उनसे गुपचुप निजी राजनीतिक लाभ (धन आदि) लेते रहना।

चौथा बड़ा चिह्न है अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों और हिंदी सहित भारतीय भाषाओं के माध्यम वाले स्कूलों के स्तर में जमीन-आसमान का फर्क। 'एक देश-एक शिक्षा स्तर' का नारा क्यों नहीं दिया जा रहा है? क्या न्याय की देवी की आंखों से पट्टी खोल देने से छोटी अदालतों में जो लाखों मुकदमें दशकों से झूल रहे हैं और अदालतों में न्याय के लिए बड़े धन की जरूरत होती है, यहां कदम-कदम पर लूट है, क्या ये समस्याएं खत्म हो जाएंगी?

देश को चिन्हों और प्रतीकों से खुश मत करो, ठोस वस्तुएं और भ्रष्टाचार मुक्त पारदर्शी सेवाएं दो।

-फेसबुक वॉल से

# धार्मिक त्योहार और जुलूस



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

समकालीन परिस्थितियों के चलते प्रमुख धार्मिक आयोजनों का प्रबंधन शांति व्यवस्था की दृष्टि से पुलिस एवं प्रशासन के लिए सदैव से चुनौतीपूर्ण रहा है। इस प्रकार के आयोजनों को मुख्यतः तीन श्रेणियां मे विभक्त किया जा सकता है, विवाद रहित पारंपरिक आयोजन, पारंपरिक परंतु पूर्व विवाद से युक्त तथा तीसरा सर्वथा नए आयोजन।

सामान्यतया पारंपरिक आयोजन भीड़ एवं यातायात प्रबंधन के अतिरिक्त कोई अन्य समस्या उत्पन्न नहीं करते थे, परंतु आजकल विवाद रहित पारंपरिक धार्मिक आयोजन भी संवेदनशीलता से परे नहीं रह गए हैं। रक्षाबंधन, नागपंचमी, कृष्ण जन्माष्टमी, मिलादुल-नबी, क्रिसमस आदि जैसे त्योहार पहले निरापद माने जाते थे, परंतु अब इन अवसरों पर भी सतर्क दृष्टि रखना आवश्यक हो गया है। बहुत से ऐसे धार्मिक आयोजन होते हैं, जिनमें पहले लंबा विवाद रह चुका है। विवादों के चलते ऐसे आयोजनों को भविष्य के लिए निरापद बनाने हेतु एक स्थायी व्यवस्था स्थापित की जाती है, जिसका अनुपालन सभी पक्षों के लिए अनिवार्य होता है। जैसे लखनऊ में मुहर्रम त्योहार को लेकर शिया-सुन्नी विवाद। इसके बावजूद ठेसरा प्रेमी-विघ्नसंतोषी लोग अपनी आदतों से बाज नहीं आते। रामचरितमानस के चल रहे अखंड पाठ स्थल पर मुहर्रम के जुलूस का मातम या नमाज के अवसर पर मस्जिद के सामने डीजे पर हुड़दंग तो व्यवस्था को खुली चुनौती है। विभिन्न स्थानीय दबावों के चलते जहां पुलिस एवं प्रशासन इसकी जरा भी अनदेखी करेगी, बवाल सुनिश्चित है। उसके बाद तो आरोप- प्रत्यारोप का अंतहीन सिलसिला ही बचता है। ऐसे भी अवसर आते हैं, जब होली का पर्व व मुहर्रम का जुलूस एक ही दिन पड़ते हैं, लेकिन आपसी समझ एवं दबाव रहित व्यवस्था के चलते ये त्योहार सकुशल संपन्न हो जाते हैं। ऐसी ही व्यवस्था का सुदृढ़ीकरण समस्या का एकमात्र हल है।

# ए लव लेटर टू स्विटजरलैंड



स्नेह रंजन
वरिष्ठ पत्रकार

डियर, एक पर्यटक बनकर जब तुम्हारे यहां पहुंचा तो लगा कि बस यूं ही घूम फिर कर लौट आऊंगा, लेकिन वहां इंटरलॉकेन पहुंचा ही था कि रोमन फिल्मों में दिखने वाले एंटीक स्टेशन, आसपास का सुंदर बाजार, मरमरी सड़कें, चारों ओर रंग-बिरंगे पहाड़ ने एक कत्थई समा का रूप लेकर मेरे दिल पर दस्तक दी। साहित्य में मैंने सौंदर्य बहुत पढ़े, लेकिन तूने प्रकृति को रिझा कर सप्तरंग और सप्तसुर का एक नाजनीन वजूद कहां से हासिल कर लिया। कई दिन गुजारे तेरे पहलू में। हर दिन हर पल के एहसास की चासनी कभी शहद जैसी लगी तो कभी मिसरी की डली जैसी। कितनी जगहें गिनाऊं। विल्डर्सविल, शाइनीज प्लाटे, ग्लाइंडर्सविल, जंग फ्राऊ,( टॉप ऑफ यूरोप), हार्डर कुल्म, मैंने सैकड़ों मील लंबी लंबी पशमीना की दूधिया चादरों में तुमको लिपटे पाया। कौन कहता है कि यह बर्फ है। यह तो सूरज की रोशनी पकड़े कहीं पीतांबरी तो कहीं सुनहरी चुनर जैसा लगा और यह बताओ इसमें दूर नीचे गहरी धानी रंग के गोटे किसने टांके। प्रकृति क्या इतनी कार साज है कि अपनी रंगत में विज्ञान को भी शामिल कर अल्पाइन रेंज के शीर्ष पर्वतों पर जादुई नजारा नुमाया कर गई है। विल्डर्सविल के शीर्ष पर खड़े होकर जब नीचे देखा तो अंतहीन वादी, शाइनीज प्लटें पर हमारे कदमों के नीचे उड़ते चापर। वाह तुम्हारा रूप निहारने को आदमी क्या-क्या जोखिम नहीं उठाता।

सच बताना यह कौन चित्रकार है, जिसने तुम्हारे हजारों लाखों चीड़ और चिनार के पत्तों पर कहीं चंपई तो कहीं सुरमई कसीदा कारी कर दी है। यह कौन रंग साज है, जिसने पहाड़ों पर कहीं गहरे तो कहीं हल्के रंग छिड़क दिए हैं। पहाड़ों के बीच चलती छोटी माउंटेन ट्रेनों के मध्यम स्वर तुम्हारा शोख कदमों की आहट लगे। हार्डरकुलम पर 60 डिग्री की सीध में ऊंची चढ़ती रेलगाड़ी विज्ञान के साथ तुम्हारे युगल जोड़ी का सौंदर्य नहीं तो क्या है! जंगफ्राऊ जाने वाली केबल कार तुम्हें देखने आने वालों को एक तोहफा सा लगती है। 1500 झीलों पर थिरकते तुम्हारे पांव पर्यटकों को सम्मोहित कर लेते हैं। भारत से किसी उस्ताद ने आकर तुम्हें भरतनाट्यम सिखाया था क्या?

मैं हैरान हूं कि तुम्हें आखिर क्या नाम दूं? गालिब का इश्क कहूं। मीर का एक दिलकश मरहला। उमर खय्याम की रुबाई कहूं या बच्चन की मधुशाला का साकी। गुलजार का रोमांस कहूं या फिर डॉ. बशीर बद्र की गजल का नया लहजा। खैर, क्या बताऊं दरअसल यह सब कुछ हमारे पास भी है। जिसे हम कश्मीर कहते हैं, लेकिन जब से वहां बारूद की खेती होने लगी मानो गुल ने खुदकुशी कर ली हो। तुम्हें कैसा लगता है जब सूरज थोड़ा सा तुम्हें निहार कर बादलों में भाग जाता है। चांद चोरी से आकर पहाड़ों की मुंडेर पर बैठ जाता है। तुम्हें कैसा लगता है जब पर्यटन से प्रतिवर्ष आने वाले पांच बिलियन डॉलर से तुम्हारी दोनों मुट्ठी भर जाती हैं। तुम्हें कैसा लगा था तब, जब दिग्गज फिल्म मेकर राजकपूर और यश चोपड़ा जैसी हस्तियां तुम्हारा मूड ठीक होने के इंतजार में महीनों यहां डेरा डाले रहते थे। मैंने पंडित नेहरू की एक पुस्तक में तुम्हारा जिक्र पढ़ा था, लेकिन बस केवल पढ़ गया था। देखा तो लगा कि सरस सौंदर्य का मरकज क्या होता है? तुम्हें भर्तृहरि के श्रृंगार से देखूं या फिर बुल्ले शाह के सूफियाना नजरिये से। कहीं से भी देखूं हम प्रकृति के साहचर्य में ईश्वर के और करीब हो जाते हैं। राहुल सांकृत्यायन भी यही कह गए हैं कि भ्रमण और प्रकृति के सौंदर्य को कथ्य और रूपक की तरह देखना चाहिए। कभी तुम भारत आओ तो राजनीतिक कहर के बावजूद हमारे यहां कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक जो कुछ भी बचा हुआ है तुम्हें दिखाएंगे। हम तुम्हें अल्मोड़ा का वसंत भी ले चलेंगे, जहां तुम्हारी थोड़ी झलक है और तुम्हें देंगे दुनिया का सबसे कीमती उपहार "भारतीय दर्शन" का ज्ञान। गुड बाय स्विटजरलैंड, टेक केयर।

# त्योहारों में महंगाई की मार



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

खाद्य पदार्थों की ऊंची कीमतों ने फेस्टिवल सीजन में तगड़ा झटका दिया है। खाद्य वस्तुओं के दाम में उछाल पिछले नौ माह के उच्च स्तर पर पहुंच गया है।

बढ़ती महंगाई आजकल अखबारों की सुर्खियां बनी हुई है। वहीं दूसरी बड़ी खबर गरीब की प्रतिदिन कमाई 181 रुपये से भी कम होना है। दोनों ही खबरें आमजन के लिहाज से महत्वपूर्ण हैं। विश्व बैंक की हाल की रिपोर्ट के अनुसार करीब 12.9 करोड़ भारतीय 2024 में अत्यधिक गरीबी में जीवनयापन कर रहे हैं। अनुमान के अनुसार दुनिया से गरीबी खत्म करने में एक सदी से ज्यादा समय लग सकता है।

बड़ी संख्या में गरीबी में जी रहे लोगों पर महंगाई की मार भी बढ़ रही है। गरीब और मध्य वर्गीय समाज इस बार के त्योहारी सीजन में कुछ ज्यादा ही महंगाई की मार झेल रहा है। अरहर की दाल जो उत्तर भारत में सबसे ज्यादा उपयोग की जाती है, ने 200 का आंकड़ा छू लिया है। वहीं सब्जियों के दाम भी बेहतशा बढ़े हुए हैं। प्याज, आलू, टमाटर और पत्तेदार साग ने न केवल बजट बिगाड़ा है, बल्कि एक सर्वे के अनुसार लोगों ने उनका उपयोग ही कम कर दिया है, जिससे इनकी खपत कम हो गई है। खाद्य पदार्थों की ऊंची कीमतों ने फेस्टिवल सीजन में तगड़ा झटका दिया है। खाद्य वस्तुओं के दाम में उछाल पिछले नौ माह के उच्च स्तर पर पहुंच गया है।

राष्ट्रीय सांख्यिकी विभाग के आंकड़ों के अनुसार खाद्य वस्तुओं की महंगाई सितंबर माह में बढ़ कर 9.26 प्रतिशत पहुंच चुकी है। भारतीय रिजर्व बैंक ने महंगाई को लक्ष्य के अनुरूप रखने के लिए मौद्रिक नीति समीक्षा में लगातार 10 वीं बार रेपो रेट में कोई चेंज नहीं किया है। त्योहारों पर महंगाई की मार से बचाने के लिए क्या केंद्र सरकार जल्द कोई ठोस उपाय करेगी?

# दंगाइयों से निपटने को पुलिस परेड ग्राउंड में हुआ रिहर्सल

## शुक्रवार को पुलिस लाइन में जवानों ने दिखाई सतर्कता

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** शुक्रवार दोपहर पुलिस परेड ग्राउंड में दर्जनों युवाओं की भीड़। एक तरफ से नारेबाजी तो दूसरी ओर से युवाओं का पत्थर फेंकना। वर्दी में पुलिस का दौड़कर उनकी ओर आना। परेड ग्राउंड की चाहरदीवारी के बाहर सड़क पर जा रहे लोगों ने यह नजारा देखा तो वह रुककर देखने को विवश हो गए। देखा वहां पुलिस की दंगा नियंत्रण संबंधी रिहर्सल चल रही थी। एसएसपी के निर्देश पर दंगाइयों से निपटने का रिहर्सल कराया गया।

पुलिस परेड ग्राउंड में शुक्रवार सुबह पुलिस की प्रतियोगिताएं हुईं। उत्साह के साथ खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। दोपहर में दर्जनों युवा गुट बनाकर मैदान में मौजूद थे। एक तरफ के युवा नारेबाजी कर रहे थे। जोर-जोर से चिल्ला रहे थे। जिससे सड़क से गुजर रहे लोग रुक गए।

कुछ देर के बाद दोनों गुटों ने एक-दूसरे पर पत्थर फेंके। पुलिस मौके पर पहुंची। दंगाईयों को तितर-बितर किया। रिहर्सल के दौरान आपातकालीन समस्या से निपटने का तरीका बताया गया। साथ ही आपदा के दौरान अपने साथी पुलिसकर्मी के अलावा आमजन की सुरक्षा के बारे में जानकारी दी गई। दंगा में घायल हुए लोगों एंबुलेंस से इलाज के लिए ले जाया गया। तकरीबन आधा घंटे के रिहर्सल के बाद पुलिसकर्मी लौट गए।



दंगा में घायल होने वालों को इलाज के लिए ले जाने का बताया गया तरीका।

# आपने मुझे पुकारा न होता, तो मैने ये दामन संवारा न होता

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** महर्षि वाल्मीकि जयंती पर हिन्दी काव्य मंच के तत्वावधान में कवि सम्मेलन का आयोजन स्काउट भवन में किया गया। गोष्ठी में मुख्य अतिथि सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता रहे। उनके द्वारा काव्य पाठ करने वाले कवियों को सम्मानित किया गया।

**युवा कवि सुब्रत द्विवेदी ने पढ़ा**

इस पल पल घटते जीवन से, जीने से उचटती इस मन से

**राम कुमार अफरोज** ने पढ़ा कि

चैटिंग को अंतर्मन का प्यार समझ बैठी, छल करने वाले को दिलदार समझ बैठी।

**शैलेन्द्र मिश्र देव** ने पढ़ा कि

आदि कवि वाल्मीकि का ही तो काम है, आज जन जन के आराध्य श्री राम हैं।

**सत्यवती ने पढ़ा** कि

आपने मुझे पुकारा न होता, तो मैने ये दामन संवारा न होता।

रिठौरा से आए **राजेश शर्मा** ने अपनी रचना कुछ यूं कही।

करे तन मन को जो पवन वो गंगा जल बना देना, बुझा दे प्यास धरती की वही बादल बना देना।

अलीगढ़ से आए **अभय सिंह अभय** ने पढ़ा कि

हैं बनाई आज सबने दूरियां, हँस रहे सब देख कर मजबूरियां।

**एटा से आए कृष्ण मुरारी लाल** मानव ने पढ़ा कि

शमां पर जल के मर जाए उसे परवाना कहते हैं, जो समझाने पर न समझे उसे अनजाना कहते हैं।

हाथरस के **संजीव वार्ष्णेय** ने वो ही श्याम महाभारत में,अर्जुन के बाण में। वो ही श्याम केशव हैं, गीता के ज्ञान में।।

इनके अलावा अहमद अमज़दी,विनय जायसवाल, महेश यादव संघर्षी, आतिश सोलंकी, कामेश पाठक, आकाश उज्ज्वल वशिष्ठ, भुवनेश चिंतन ने भी काव्य पाठ किया।

## पूर्ति निरीक्षक पर लगाया रूपए मांगने का आरोप

**विजय नगला, अमृत विचार :** पूर्ति निरीक्षक पर गंभीर आरोप लगाते हुए कोटेदार ने जिला अधिकारी और मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजते हुए कार्रवाई की मांग की है।

ब्लाक सलारपुर क्षेत्र के गांव रसूलपुर निवासी कोटेदार अजय पाल सिंह ने जिला अधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए 21 अक्टूबर को बताया कि गांव के खुशीराम ने उसके खिलाफ तहसील सदर में उपजिलाधिकारी से शिकायत की थी। कोटेदार ने बताया कि पूर्ति निरीक्षक ने उससे पचास हजार की मांग की। रुपए न देने पर उसके खिलाफ कार्यवाही करने की धमकी दी गयी। धमकी से डरे कोटेदार ने 20 हजार रुपए दे दिए। शेष रुपयों को फिर फोन किया जा रहा है। रूपए नहीं देने पर उसे गाली गलौज की गयी। पीड़ित कोटेदार ने जिलाधिकारी से उक्त पूर्ति निरीक्षक के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है।

## चकमार्ग से नहीं काटे पेड़, लेखपाल ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**बदायूं, अमृत विचार :** मुजरिया क्षेत्र में लेखपाल पद पर तैनात श्याम कुमार ने तहरीर देकर बताया कि उन्होंने 13 सितंबर 2024 को चकमार्ग संख्या 229 का सीमांकन किया था। जिसमें मुजरिया निवासी रामप्रकाश पुत्र रामपाल के यूकेलिप्टिस के 98 पेड़ खड़े थे। लेखपाल ने रामप्रकाश को 15 दिनों के भीतर पेड़ खुद ही काटने का समय दिया था। निर्धारित अवधि बीतने के बाद भी रामप्रकाश को मौखिक रूप से पेड़ काटने को बोला लेकिन उन्होंने पेड़ नहीं काटे।



## कार्यालय ग्राम पंचायत सरकड़ा विकास खंड बिथरी चैनपुर, बरेली

### निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2024–25 में स्वीकृत मनरेगा/ग्राम निधि योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सरकड़ा को आवंटित/उपलब्ध धनराशि से कराये जाने हेतु निम्नांकित विवरण अनुसार कार्यो के लिये शासकीय विभाग में पंजीकृत सामग्री आपूर्तिदाताओं/फर्मो से निविदायें आमंत्रित की जाती है। कार्यो का विवरण निम्न अनुसार है :–

| क्र.सं. | कार्य का नाम | कार्य की माप | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | सरकड़ा में नत्थू लाल की जगह से लालाराम के मकान तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य। | 48X3 | 1.81 लाख |
| 2. | डोरी लाल के मकान से पप्पू के मकान तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य। | 35X4 | 1.50 लाख |
| 3. | सी.सी. रोड से टोड़ी लाल के मकान तक सी. सी. व नाली निर्माण कार्य। | 50X2 | 1.00 लाख |

इच्छुक पंजीकृत सप्यालर/फर्म निविदा प्रपत्र कार्य दिवस में ग्राम पंचायत सचिव से प्राप्त कर सकता है। पंजीकृत सप्लायर/फर्म मोहरबंद लिफाफे में प्राप्त निविदायें अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में 19.10.2024 को दोपहर 12:00 बजे तक जमा कर सकते हैं। प्राप्त निविदायें दिनांक 19.10.2024 को सायं 4:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेंगी। प्राप्त निविदाओं की समीक्षा उपरान्त सर्वथा कम दरों के अन्तर्गत आने वाली निविदाओं को स्वीकृति प्रदान की जायेगी।

बिभा–ग्राम प्रधान कान्ता–ग्राम विकास अधिकारी



# मुठभेड़ में पकड़े शूटर योगेश पर निकले तीन मामले

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** दिल्ली निवासी जिम संचालक नादिर शाह की हत्या का आरोपी शूटर योगेश उर्फ राजू को मथुरा पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गुरुवार को गिरफ्तार किया है। वह बदायूं का रहने वाला है। शहर के मोहल्ला कटरा ब्राह्मपुर के रजी चौक के पास उसका मकान खंडहर पड़ा है। बदायूं पुलिस उसकी कुंडली खंगालने में जुटी है। लगातार दूसरे दिन पुलिस ने जांच की। मोहल्ला ब्राह्मपुर में उसके पड़ोसियों से जानकारी की। शुक्रवार को पुलिस ने उसके बारे में पूरी जानकारी जुटाई है।

कोतवाली पुलिस को जांच के दौरान पता चला है कि योगेश उर्फ राजू पुत्र प्रेम बाबू उर्फ बड़ा ने 14 साल की उम्र में पड़ोसियों से झगड़ा शुरू कर दिया था। वह सभी पर रौब झाड़ता घूमता था। लगभग 10 साल पहले हत्या के एक मामले में उसका नाम सामने आया था। वह और उसका परिवार बदायूं छोड़कर चला गया। मोहल्ला ब्राह्मपुर में उसका घर खंडहर हो गया है। छत गिरताऊ है। उसका रिकार्ड देखने पर पता चला कि योगेश उर्फ राजू पर पहली रिपोर्ट कोतवाली सिविल लाइन में साल 2014 में हत्या की दर्ज हुई थी। अमन हत्याकांड में उसका नाम सामने आया था। जिसमें उसे षड्यंत्र करने का आरोप बनाया गया था। जिसमें वह जेल भी गया। उसे जमानत मिल गई थी। वादी महेश चंद्र गुप्ता के अनुसार यह मामला कोर्ट में विचाराधीन है। इसके अलावा साल 2017 में सदर कोतवाली में उसके खिलाफ बलवा, मारपीट, धमकाने के आरोप में सतीश साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें 11 नवंबर 2017 को फाइनल रिपोर्ट लगी थी। उसके खिलाफ कासगंज और दिल्ली के थाना ग्रेटर कैलाश में भी रिपोर्ट दर्ज हो चुकी हैं।



आरोपी योगेश का खंडहर बन चुका मकान। ● अमृत विचार

> शहर के मोहल्ला कटरा ब्राह्मपुर निवासी योगेश उर्फ राजू पर जिले में तीन मामले दर्ज हैं। जिसमें से एक मामले में फाइनल रिपोर्ट लगी थी। योगेश के वीडियो की जानकारी हुई है। वह अपराधी है। उसकी बातों पर भरोसा नहीं किया जा सकता। मथुरा पुलिस बदायूं नहीं आई। आगे और जानकारी की जा रही है।
>
> – डॉ. बृजेश कुमार सिंह, एसएसपी

### योगेश के परिवार की स्थिति

योगेश के पिता प्रेम बाबू दो भाई थे। दूसरे भाई जयगोपाल पुत्र प्यारे लाल बाटमाप विभाग में काम करते हैं और बरेली के थाना भोजीपुरा रेलवे स्टेशन के पास मय परिवार रहते हैं। योगेश के माता-पिता की मौत लगभग 10 साल पहले हो गई थी। योगेश, उसका छोटा भाई मोहित उर्फ चिरकी, बहन आंचल, पलक बदायूं छोड़कर चले गए थे। मोहित उर्फ चिरकी जिला फरीदाबाद में रहने लगा जबकि बहन आंचल अपनी ससुराल जिला कासगंज के थाना सोरों क्षेत्र में रहती है। दूसरी 14 साल की बहन पलक कस्बा उझानी में अपनी बुआ के पास रहती है।

## पुलिस पर वसूली का आरोप टैंपो चालकों ने लगाया जाम



**उझानी, अमृत विचार :** ट्रैफिक पुलिस द्वारा गालियां देने व आरटीओ आफिस द्वारा चालान काटने से परेशान टेम्पो चालकों का गुस्सा फूट पडा। सैकड़ों चालकों ने शुक्रवार को कल्याण सिंह चौक पर जाम लगाकर प्रदर्शन किया। जाम लगने से हाईवे पर वाहनों की कतार लग गई। टैम्पो चालको ने डीएम के नाम एक ज्ञापन दिया। शुक्रवार को ऑटो चालको ने कहा कि पुलिस उन्हे गालियां देती है। उन्हें कहीं भी खड़ा नहीं होने देती है। इस समस्या से उनकी रोजी रोटी पर असर पड़ता है। शुक्रवार सुबह 8 बजे टेम्पो चालकों ने आरटीओ आफिस व ट्रैफिक पुलिस के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। कहा कि 16 किलोमीटर का लाइसेंस पास होने के बाद भी ट्रैफिक पुलिस के सिपाही अवैध वसूली करते हैं। बताया कि बदायूं जाने पर ही टेम्पो का चालान कर दिया जाता है। ज्यादातर चालक की महीने की किश्त नहीं दे पा रहे हैं। इस समस्या को लेकर सैकड़ों चालकों ने हाइवे पर टेम्पो खडा कर जाम लगा दिया व आरटीओ ऑफिस व ट्रैफिक पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की, हाईवे पर जाम की सूचना पर पहुंची पुलिस ने ऑटो चालकों को समझाने का प्रयास किया मगर चालक नहीं माने। कस्बा इंचार्ज मनोज कुमार ने काफी देर तक टेम्पो चालकों को समझाया तो कहीं दो घंटे बाद जाम खुल सका। ऑटो चालको ने ज्ञापन दिया है।

## 2.56 करोड़ से बनेगा अकबरपुर नगासी मार्ग,

**उसावां , अमृत विचार:** 2. 56 करोड़ की लागत से अकबरपुर नगासी से बरैनिया तक तीन किलोमीटर संपर्क मार्ग बनाया जाएगा। जिसका विधायक राजीव कुमार सिंह ने शिलान्य किया। शुक्रवार को भाजपा विधायक ने 2 करोड़ 56 लाख रुपये की लागत से बनने वाले अकबरपुर नगासी से बरैनिया तक 2-3 किलोमीटर संपर्क मार्ग का शिलान्यास किया। विधायक ने कहा कि संपर्क मार्ग बनने से दर्जनों गांवों को लाभ मिलेगा। इस मौके पर अधिशासी अभियंता नरेश कुमार, जेई प्रमोद कुमार, अभिषेक कुमार, आशीष दुबे, सार्थक दुबे, अनुराग दुबे आदि मौजूद रहे।



### सम्मन बनाम प्रतिवादी
### न्यायालय श्रीमान असिस्टेंट कलेक्टर /परगनाधिकारी, बीसलपुर

वाद सं. T202012560202704
रामबेटी बनाम लक्ष्मन प्रसाद आदि
धारा– 116 यू.पी.आर.सी.
ग्राम– कर्रखेड़ा

**बनामः**– लक्ष्मन प्रसाद पुत्र मूलचन्द्र नि. ग्राम कर्रखेड़ा पर. व तह. बीसलपुर जिला पीलीभीत व रामबेटी पत्नी जमुना प्रसाद व मुकेश कुमार व दिलीप कुमार व सर्वेश कुमार पुत्रगण जमुना प्रसाद नि. मो. पकड़िया काशीराम आवास कॉलोनी तह. व जिला पीलीभीत व ओम प्रकाश पुत्र सियाराम नि. ग्राम गंझाड़ा पर. व तह. बीसलपुर जिला पीलीभीत व भगवान पुत्र सियाराम नि. ग्राम गंगपुर थाना भुता तह. फरीदपुर जिला बरेली व शान्ती स्वरूप पुत्र सियाराम नि. ग्राम ढुकसी तह. बीसलपुर जिला पीलीभीत व ग्राम सभा कर्रखेड़ा तह. बीसलपुर जिला पीलीभीत द्वारा श्रीमान जिलाधिकारी पीलीभीत।

बाजे हो कि आप खिलाफ नालिश दफा 116 यू.पी.आर. सी. 2006 दायर की गई है। आप बतारीख 29 माह 10 सन् 2024 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या अन्य कोई शख्स जो वाकिफ हाल मुकदमा हो उक्त तारीख पर अपना जवाब देही पेश करो। यह आपको लाजिम है कि उसी रोज अपने जुमला गवाहों की व निजी दस्तावेज जिसकी शहादत पर आप या ताईद अपनी जवाब देही इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करो। अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो उवसकी समात आपकी गैर हाजिरी में आपके मसमूअ फैसला होगा। तारीख 08 माह 10 सन् 2024 मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल हिन्दुजा हाउसिंग फाइनेंस लि. शाखा द्वितीय तल बालाजी ईएनटी क्लीनिक कच्चा कटरा रोड शाहजहांपुर से मोहम्मद अजीम पुत्र जलालुददीन व मो. नदीम पुत्र जलालुददीन निवासीगण मो. बंगसान पर. व कस्बा कटरा तहसील तिलहर जिला शाहजहांपुर एक किता मकान तादादी 125.55 वर्गमी. जो वाकै मो. बंगसान पर. व कस्बा कटरा तहसील तिलहर जिला शाहजहांपुर जिसकी चौहददी पूरब में गली 10 फिट चौडी, पश्चिम में मकान शरीफ अहमद, उत्तर में गली 12 फिट चौडी व दक्षिण में प्लाट चौधरी है को बंधक रखकर मेरे मुवक्किल से ऋण ले रहे है उक्त मकान मोहम्मद अजीम आदि को जलालुददीन से द्वारा दानपत्र प्राप्त हुआ है जिसकी रजिस्ट्री दिनांक 13.08.2024 को श्रीमान स.र. तिलहर शाहजहांपुर में बही सं. 1 जिल्द 10976 के पृष्ठ 239 से 256 तक क्रमांक 11615 पर हुई है ।

अत: सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी अन्य व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सामान्य कार्य दिवस के 07 दिन के अन्दर मेरे मुवक्किल हिन्दुजा हाउसिंग फाइनेंस लि. शाखा शाहजहांपुर पर या मेरे कार्यालय पर व्यक्गित रूप से उपस्थित होकर दर्ज करा सकता है उक्त समयावधि बीत जाने के उपरान्त मेरे मुवक्किल द्वारा मोहम्मद अजीम आदि के पक्ष में ऋण जारी कर दिया जायेगा ।

**मुनीश कुमार सक्सेना**
**चैम्बर न. 27, न्यू बिल्डिंग**
**बंगलिया सिविल कोर्ट, बरेली।**
**सूचीबद्ध अधिवक्ता**
**हिन्दुजा हाउसिंग फाईनेन्स लि. बरेली**
**मो. 9997389012**

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल हिन्दुजा हाउसिंग फाइनेंस लि. शाखा प्रथम तल एस.आर.पी. काम्पलेक्स कर्मचारी नगर मिनी बाईपास रोड इलाहाबाद बैंक के सामने बरेली से श्रीमती सावित्री देवी पत्नी श्री ओमकार नि. 74 गणेश नगर बरेली एक किता मकान तादादी 80.44 वर्गमी. जो खेत नं. 368/ 2, 374, 375, 376, 370, 372, 397, 398 के जुज पर तामीर है वाकै नेकपुर मढ़ीनाथ तह. व जिला बरेली जिसकी चौहददी पूरब में आराजी विक्रेता, पश्चिम में रास्ता 10 फिट चौड़ा बादहू मुन्ना लाल, उत्तर में मकान यादराम व दक्षिण में आराजी धारा है उक्त सम्पत्ति को बंधक रखकर ऋण ले रही है तथा श्रीमती किरन ने उक्त सम्पत्ति द्वारा बैनामा जिसकी रजिस्ट्री दिनांक 02.03.2019 को श्रीमान स.र. बरेली में बही सं. 1 जिल्द सं. 10939 के पृष्ठ 195 से 226 तक क्रमांक 2657 पर हुई है इकरारी श्रीमती रामबेटी से बशक्ल प्लाट क्रय किया था।

अत: सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी अन्य व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सामान्य कार्य दिवस के 07 दिन के अन्दर मेरे मुवक्किल हिन्दुजा हाउसिंग फाइनेंस लि. शाखा बरेली पर या मेरे कार्यालय पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर दर्ज करा सकता है उक्त समयावधि बीत जाने के उपरान्त मेरे मुवक्किल द्वारा श्रीमती सावित्री देवी के पक्ष में ऋण जारी कर दिया जायेगा ।

**मुनीश कुमार सक्सेना**
**चैम्बर न. 27, न्यू बिल्डिंग**
**बंगलिया सिविल कोर्ट, बरेली।**
**सूचीबद्ध अधिवक्ता**
**हिन्दुजा हाउसिंग फाईनेन्स लि. बरेली**
**मो. 9997389012**

## कार्यालय नगर पंचायत कलीनगर- पीलीभीत

पत्रांक: 269/न.पं.क./2024–25 दिनांक: 18.10.2024

### आवश्यक सूचना

समस्त इच्छुक ठेकेदार/फर्मो को सूचित किया जाता है कि राज्य मिशन निदेशक, स्वच्छ भारत मिशन–नगरीय, राज्य मिशन निदेशालय सेक्टर–7 गोमती नगर विस्तार लखनऊ के निर्देशानुसार नगर पंचायत कलीनगर में वेस्ट–टू–वंडर पार्क तैयार किया जाना है जिसके लिए दिनांक 23.10.2024 तक कार्यालय नगर पंचायत कलीनगर पर कुटेशन आमंत्रित किये जाते हैं जो दिनांक 23.10.2024 को समय 4:00 बजे खोले जायेंगे। अत: इच्छुक ठेकेदार/फर्म निर्धारित अवधि तक अपना कुटेशन दे सकते हं। अन्य शर्तें कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है। निर्धारित अवधि के उपरान्त निविदा / कुटेशन स्वीकार नहीं होगी।

(एजाज अहमद) अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत कलीनगर पीलीभीत

(माया देवी) अध्यक्ष नगर पंचायत कलीनगर पीलीभीत

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, लघु सिंचाई खण्ड–शाहजहाँपुर।

पत्रांक 588 /ल0सिं0/लेखा/उथले बो0छिद्रण/पंजी0/2024–25 दिनांक :–10.10.2024
अल्पकालीन पंजीकरण सूचना सं0–13/2024–25

समस्त अधिकृत फर्मो को सूचित किया जाता है, कि लघु सिंचाई खण्ड, शाहजहाँपुर के अधीन जनपद पीलीभीत में विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना के अन्तर्गत सीमान्त कृषकों का 110 एम0एम0 व्यास के उथले बोरिंग (अधिकतम गहराई 30 मीटर तक) के छिद्रण कार्य हेतु ड्रिलिंग फर्मो से तकनीकी विशिष्टियाँ आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म निम्न प्रपत्र कम सं0–1 एफ0डी0आर0 रू0 25000.00 (पच्चीस हजार) जो अधोहस्ताक्षरी के पदनाम से बन्धक हों कम सं0–2 110 एम0एम0 बोरिंग छिद्रण कार्य हेतु आवेदक कर्ता फर्मो के पास समस्त उपकरण होने एवं उपलब्ध बोरिंग सैट की संख्या तथा सम्बन्धित विवरण का शपथ पत्र (रू0 100.00 के स्टाम्प पर) कम सं0–3 जी0एस0टी0 प्रमाण पत्र की छायाप्रति कम सं0–4 आधार कार्ड एवं पैन कार्ड की छायाप्रति कम सं0–5 ड्रिलिंग एजेन्सी/फर्म का पंजीकरण भू–गर्भ जल विभाग के पोर्टल/वेबसाइट पर होना अनिवार्य अथवा उक्त पोर्टल पर पंजीकरण हेतु आवेदन की छायाप्रति उपलब्ध करायी जा सकती है। कम सं0–6 पंजीकरण आवेदन प्रपत्र शुल्क नकद रू0 300.00 का मूल्य देकर कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। कम सं0–7 आई0टी0आर0 की प्रति अद्यतन प्रति संलग्न करे। कम सं0–08 जिलाधिकारी द्वारा प्रदत्त वैध चरित्र प्रमाण–पत्र एवं हैसियत प्रमाण–पत्र की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करे। उक्त प्रपत्र एवं आवश्यक शर्ते दिनांक 21.10.2024 को प्रात: 10:00 बजे से दिनांक 22.10.2024 को सायं 05:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है एवं मुहर बन्द लिफाफे दिनांक 23.10.2024 को 03:00 तक खण्डीय कार्यालय के टेण्डर बॉक्स में डाले जायेंगे तथा दिनांक 23.10.2024 को अपरान्ह 03:30 बजे उपस्थित अधिकृत फर्मो अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में खोले जायेंगे, उक्त तिथि को अवकाश घोषित होने पर कार्यवाही अगले दिन होगी, जिसके परीक्षणोंपरान्त पजींकरण की कार्यवाही पूर्ण की जायेगी। जिसकी वैधता दिनांक 30.06. 2025 तक रहेगी।

अधिशासी अभियन्ता, लघु सिंचाई खण्ड, शाहजहाँपुर।

UP-220918, DATE- 17-10-2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता रूहेलखण्ड नहर खण्ड, बरेली

ई–अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या–04/अधिअभि0/रूनखब/2024–25

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश की ओर से ऑनलाइन https://etender.up.nic.in/ के माध्यम से निम्नांकित कार्यो हेतु ई–अल्पकालीन निविदा दिनांक–26.10.2024 अपरान्ह 01:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं, जिसकी टेक्निकल बिड ऑनलाइन दिनांक–26.10.2024 को अपरान्ह 03:00 बजे अधिशासी अभियन्ता, रूहेलखण्ड नहर खण्ड, बरेली के कार्यालय कक्ष में उपस्थित फर्मो/ठेकेदारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष ऑनलाइन खोली जायेगी। ई–निविदा दिनांक:–21.10.2024 से प्रात: 01:00 बजे से डाउनलोड/अपलोड किया जा सकता है। कार्यालय बन्द होने की दशा में यह ई–निविदा अगले कार्यालय दिवस में उसी समय खोली जायेंगी। निविदा नोटिस व प्रपत्र एवं शर्तो की जानकारी https://etender.up.nic.in/ व http://idup.gov.in पर उपलब्ध है।

| क0 | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख रू0में) जी0एस0टी रहित | धरोहर धनराशि | कार्यपूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी0एस0टी0+ स्टेशनरी चार्ज सहित | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Silt Clearance of DY. Sirsa from Km. 0.00 to 0.100 & 2.400 to 10.600 | 2.77 | 6000.00 | 30 Days | 177.00+ 500 | 'सी' अथवा उच्च |
| 2 | Silt Clearance of DY. Left Oganpur from Km. 0.00 to 15.187 | 7.20 | 15000.00 | 30 Days | 266.00+ 500 | 'सी' अथवा उच्च |
| 3 | Silt Clearance of DY. Right Oganpur from Km. 0.00 to 10.050 | 4.27 | 9000.00 | 30 Days | 177.00+ 500 | 'सी' अथवा उच्च |
| 4 | Silt Clearance of Sabepur branch from Km. 0.00 to 0.100 & 2.400 to 7.800 | 3.15 | 7000.00 | 30 Days | 177.00+ 500 | 'सी' अथवा उच्च |
| 5 | Silt Clearance of Bara Canal from Km. 4.200 to 14.380 | 4.38 | 9000.00 | 30 Days | 177.00+ 500 | 'सी' अथवा उच्च |
| 6 | Silt Clearance of DY Bahedi from Km. 0.00 to 9.410 | 2.94 | 6000.00 | 30 Days | 177.00+ 500 | 'सी' अथवा उच्च |
| 7 | Silt Clearance of DY Hasanpur from Km. 0.00 to 13.600 | 6.36 | 14000.00 | 30 Days | 266.00+ 500 | 'सी' अथवा उच्च |
| 8 | Silt Clearance of Dhora Canal from Km. 0.00 to 13.770 | 7.28 | 15000.00 | 30 Days | 266.00+ 500 | 'सी' अथवा उच्च |
| 9 | Silt Clearance of Kulli Canal from Km. 0.00 to 14.400 | 7.57 | 16000.00 | 30 Days | 266.00+ 500 | 'सी' अथवा उच्च |
| 10 | Silt Clearance of New Balli Canal from Km. 0.00 to 11.500 | 4.88 | 10000.00 | 30 Days | 177.00+ 500 | 'सी' अथवा उच्च |
| 11 | Silt Clearance of DY Bairam Nagar from Km. 0.00 to 8.500 | 3.63 | 8000.00 | 30 Days | 177.00+ 500 | 'सी' अथवा उच्च |
| 12 | Silt Clearance of Shareef Nagar from Km. 0.00 to 12.090 | 3.79 | 8000.00 | 30 Days | 177.00+ 500 | 'सी' अथवा उच्च |
| 13 | Silt Clearance of DY Shergarh from Km. 0.00 to 17.120 | 8.60 | 18000.00 | 30 Days | 266.00+ 500 | 'सी' अथवा उच्च |
| 14 | Silt Clearance of Baror Canal from Km. 0.00 to 10.00 | 5.36 | 11000.00 | 30 Days | 266.00+ 500 | 'सी' अथवा उच्च |
| 15 | Silt Clearance of Minor Gurbhoj from Km. 0.00 to 8.620 | 3.39 | 7000.00 | 30 Days | 177.00+ 500 | 'सी' अथवा उच्च |
| 16 | Silt Clearance of Mudia Minor from Km. 0.00 to 10.200 | 2.45 | 5000.00 | 30 Days | 177.00+ 500 | 'सी' अथवा उच्च |
| 17 | Silt Clearance of Minor Beerpur from Km. 0.00 to 8.840 | 2.43 | 5000.00 | 30 Days | 177.00+ 500 | 'सी' अथवा उच्च |
| 18 | Silt Clearance of DY Chathia from Km. 0.00 to 16.100 | 5.67 | 12000.00 | 30 Days | 266.00+ 500 | 'सी' अथवा उच्च |
| 19 | Silt Clearance of DY Right Chureilly from Km. 0.00 to 18.500 | 7.31 | 15000.00 | 30 Days | 266.00+ 500 | 'सी' अथवा उच्च |
| 20 | Silt Clearance of DY Left Chureilly from Km. 0.00 to 14.350 | 6.65 | 14000.00 | 30 Days | 266.00+ 500 | 'सी' अथवा उच्च |
| 21 | Silt Clearance of DY Bareilly from Km. 14.300 to 31.500 | 7.78 | 16000.00 | 30 Days | 266.00+ 500 | 'सी' अथवा उच्च |
| 22 | Silt Clearance of DY Agras from Km. 0.00 to 20.050 | 6.00 | 12000.00 | 30 Days | 266.00+ 500 | 'सी' अथवा उच्च |
| 23 | Silt Clearance of DY Aurangabad from Km. 0.00 to 22.100 | 8.58 | 18000.00 | 30 Days | 266.00+ 500 | 'सी' अथवा उच्च |
| 24 | Silt Clearance of DY Rajau from Km. 0.00 to 18.040 | 7.99 | 16000.00 | 30 Days | 266.00+ 500 | 'सी' अथवा उच्च |
| 25 | Silt Clearance of DY Bajheda from Km. 0.00 to 16.00 | 7.70 | 16000.00 | 30 Days | 266.00+ 500 | 'सी' अथवा उच्च |
| 26 | Silt Clearance of DY Hirdaypur from Km. 0.00 to 10.400 | 3.57 | 8000.00 | 30 Days | 177.00+ 500 | 'सी' अथवा उच्च |
| 27 | Silt Clearance of DY Faridpur from Km. 33.00 to 45.700 | 8.83 | 18000.00 | 30 Days | 266.00+ 500 | 'सी' अथवा उच्च |
| 28 | Silt Clearance of DY Fatehganj from Km. 0.00 to 11.130 | 5.19 | 11000.00 | 30 Days | 266.00+ 500 | 'सी' अथवा उच्च |
| 29 | Silt Clearance of Minor Jyoti from Km. 0.00 to 11.600 | 3.62 | 8000.00 | 30 Days | 177.00+ 500 | 'सी' अथवा उच्च |
| 30 | Silt Clearance of Minor Dharupur from Km. 0.00 to 9.100 | 2.85 | 6000.00 | 30 Days | 177.00+ 500 | 'सी' अथवा उच्च |
| 31 | Silt Clearance of Minor Kumhra from Km. 0.00 to 8.350 | 2.60 | 6000.00 | 30 Days | 177.00+ 500 | 'सी' अथवा उच्च |
| 32 | Silt Clearance of Minor Bahadurpur from Km. 0.00 to 6.400 | 2.52 | 6000.00 | 30 Days | 177.00+ 500 | 'सी' अथवा उच्च |

UP-220908, DATE- 17-10-2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

नवीन कुमार सिंह अधिशासी अभियन्ता

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता सिंचाई खण्ड, बरेली

ई–टेण्डरिंग के माध्यम से कराये जाने वाले कार्य की अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या:– 01/अ0अ0/सिंखब/2024–25

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु ऑनलाईन प्री–क्वालीफिकेशन/टेक्निकल एवं फाइनेंशियल बिड सिंचाई विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 06.11.2024 को दोपहर 3:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जिनकी टेक्निकल बिड दिनांक: 06.11.2024 को मुख्य अभियन्ता (शारदा), सिंचाई विभाग, उ0प्र0, बरेली द्वारा गठित समिति द्वारा सायं 03:30 बजे ऑनलाइन खोली जायेगी। टेक्निकल बिड में क्वालिफाई होने वाले निविदादाताओं की फाइनेंशियलबिड ओनलाइन खोली जायेगी। ई–निविदा प्रपत्र दिनांक: 21.10.2024 प्रात: 10:00 बजे से दिनांक 06.11.2024 दोपहर 3:00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किये जा सकेंगे। कार्यालय में अवकाश होने की दशा में उक्त बिड अगले कार्यालय दिवस में उसी समय खोली जायेगी।

यह ई–निविदा/बिड सूचना एवं प्रपत्र उ0प्र0 सरकार की बेबसाईट http://etender.up.nic.in/ व http://idup.gov.in पर उपलब्ध है।

| क0सं0 | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | धरोहर धनराशि 2 % (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी0एस0 टी0 सहित (रू0 में) | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | फावडी ड्रेन के कि0मी0 0.00 से किमी0 6.000 तक सफाई का कार्य। | 8.68 | 17360.00 | 30दिवस | 225+ 41 | 'सी' अथवा उच्च |
| 2. | बैगुल स्केप के किमी0 1.200 से किमी0 1.500 के मध्य सफाई का कार्य। | 2.21 | 4420.00 | 30दिवस | 150+ 27 | 'सी' अथवा उच्च |
| 3. | टेहरा नाले के किमी0 3.000 से किमी0 8.800 के मध्य सफाई का कार्य। | 6.96 | 13920.00 | 30दिवस | 225+ 41 | 'सी' अथवा उच्च |
| 4. | मुखवारा नाला के किमी0 5.450 से किमी0 8.950 तक सफाई का कार्य। | 7.17 | 14340.00 | 30दिवस | 225+ 41 | 'सी' अथवा उच्च |
| 5. | ननकसागर बांध के पूर्वी पार्ष्व में स्थित थनहरा नाला के किमी0 0.000 से किमी0 12.500 तक सफाई का कार्य। | 15.02 | 30040.00 | 30दिवस | 300+ 54 | सी' अथवा उच्च |

UP-220907, DATE- 17-10-2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

अधिशासी अभियन्ता सिंचाई खण्ड बरेली

## कार्यालय–अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, परिमण्डल बरेली

पता:–निकट डी0एम0 कम्पाउण्ड, स्टेशन रोड, बरेली।

पत्रांक: 733 /ग्रा0अ0वि0/निविदा–शाह0/ई–टेण्डर/2024–25/दिनांक:–14.10.2024

–:: ई–प्रक्योरमेन्ट सूचना (द्वितीय निविदा आमंत्रण) ::–

1. महामहिम श्री राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, परिमण्डल बरेली के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 मे 'ए' एवं 'बी' श्रेणी भवन में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदाताओं से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्यो हेतु निविदा आंमत्रित की जाती है। बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न बिल ऑफ क्वान्टिटी के अंकित दरों में जी0एस0टी0 के अतिरिक्त अन्य सभी कर सम्मिलित है, जी0एस0टी0 का भुगतान सरकार के निर्देशानुसार नियमानुसार अलग से किया जायेगा। निविदादाता किसी एक अथवा समस्त कार्य के लिए निविदा डाल सकता है। निविदादाता से अपेक्षा की जाती है, कि निविदा डालने से पूर्व निविदा प्रपत्र मे अंकित एस0बी0डी0 के अन्तर्गत न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में शर्तो का भली–भाँति अध्ययन कर लें।

**2. कार्यो से संबंधित विवरण निम्नवत् है–**

| क्र0सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) जी.एस.टी. रहित | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र मूल्य+ स्टेंशनरी+ जी0एस0टी0 रू0 में | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदार की पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | शाहजहाँपुर | जनपद शाहजहाँपुर की तहसील जलालाबाद में नायब तहसीलदारों के उपयोगार्थ टाईप–3 के आवासों का निर्माण कार्य। | 119.06 | 2.39 | 2714.00 | 08 माह | श्रेणी 'ए' एवं 'बी' (भवन) |
| 2 | | जनपद शाहजहाँपुर की तहसील तिलहर में नायब तहसीलदारों के उपयोगार्थ टाईप–3 के आवासों का निर्माण कार्य। | 119.06 | 2.39 | 2714.00 | 08 माह | श्रेणी 'ए' एवं 'बी' (भवन) |

3. वेब साइट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि:– 22.10.2024।
4. वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्ध की तिथि एवं समय – 22.10.2024 प्रात: 10:00 बजे से।
5. प्री–बिड मीटिंग की तिथि एवं समय– 24.10.2024 प्रात: 11:00 बजे।
बैठक हेतु स्थल– कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, परिमण्डल–बरेली।
6. बिड डाक्यूमेन्ट डाउनलोडिंग प्रारम्भ करने की तिथि एवं समय– 22.10.2024 प्रात: 10:00 बजे से।
7. ई–निविदा के माध्यम से ई–निविदा डालने की प्रारम्भ तिथि– 22.10.2024 प्रात: 10:00 बजे से।
8. ई–निविदा के माध्यम से ई–निविदा डालने की अन्तिम तिथि एवं समय– 05.11.2024 दोपहर 04:00 बजे तक।
9. ई–निविदा के माध्यम से प्राप्त निविदा खोलने की तिथि एवं समय– 05.11.2024 दोपहर 04:30 बजे।
10. टेण्डर प्रक्रिया से पूर्व का कोई भी शपथ–पत्र मान्य नहीं होगा।
11. निविदा ऑनलाइन वेबसाइट http//etender.up.nic.in पर उपलब्ध होगी एवं इसी साइट पर डाली जाएगी।
12. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज–10 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई–निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।

(रवि कान्त वर्मा)
अधीक्षण अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग परिमण्डल–बरेली
राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से

UP-220917, DATE- 17-10-2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की अर्थव्यवस्था की बेहतर स्थिति को सराहा

# ट्रांसपोर्ट, स्टोरेज और कम्युनिकेशन में 129 प्रतिशत वृद्धि

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश के सेक्टरवार विकास में आशातीत परिणाम मिल रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए अलग-अलग सेक्टरों के लिए सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) का जो लक्ष्य रखा गया, उसके सापेक्ष अधिक वृद्धि हुई।

मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को योजना भवन में समीक्षा करके हुए कहा कि कृषि और सहायक सेक्टर के लिए अनुमानित जीवीए 5.85 लाख करोड़ के सापेक्ष 5.98 लाख करोड़, विनिर्माण के 2.48 लाख करोड़ के सापेक्ष 2.79 लाख करोड़, ट्रांसपोर्ट, स्टोरेज और कम्युनिकेशन के अनुमानित जीवीए के सापेक्ष 129 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। ऐसे ही हाल अन्य सेक्टरों में भी है। ओवरऑल 2023-24 में राज्य के लिए अनुमानित जीएसवीए 23 लाख करोड़ के सापेक्ष सकल मूल्य वर्धन 23.24 लाख करोड़ रहा है। कहा कि यह स्थिति अर्थव्यवस्था की बेहतर स्थिति को प्रदर्शित करती है।

बैठक में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, एमएसएमई मंत्री राकेश सचान, प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल, बेसिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी, आबकारी मंत्री निति अग्रवाल, कौसल विकास मंत्री कपिल देव अग्रवाल, उच्च शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) योगेद्र उपाध्याय, मंत्री दिनेश प्रताप सिंह समेत मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, एसीएस एसपी गोयल, एसीएस दीपक कुमार, प्रमुख सचिव संजय प्रसाद समेत तमाम शीर्ष अधिकारी व सलाहकार-विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

### एआई और ड्रोन पॉलिसी लागू करने का निर्देश



मुख्यमंत्री ने कहा कि आईटी सेक्टर को उद्योग का दर्जा दिया गया है। गौतमबुद्ध नगर आईटी/आईटीईइस का ग्लोबल हब बन कर उभरा है। प्रदेश में इसके टेस्टिंग सेंटर की स्थापना का प्रयास करें। लखनऊ में एआई सिटी की भूमि चिन्हित की जा चुकी है, इससे संबंधित पॉलिसी यथाशीघ्र लाई जाए। साथ ही ड्रोन मैन्युफैक्चरिंग, ट्रेनिंग के लिए भी प्रस्ताव मिले हैं, इसकी बेहतर संभावनाओं का लाभ लेने के लिए यथाशीघ्र अपनी ड्रोन पॉलिसी लागू करनी चाहिए। स्टार्ट अप पंजीकरण के लिए कानपुर के साथ-साथ नोएडा में भी सुविधा कार्यालय प्रारंभ कराया जाए।

### तीन स्तरों पर अधिकारी और मंत्री को समीक्षा का निर्देश

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि हर विभाग में एक नोडल अधिकारी नामित किया जाए। नोडल अधिकारी साप्ताहिक, प्रमुख सचिव स्तर पर पाक्षिक और विभागीय मंत्री के स्तर पर मासिक समीक्षा बैठक की जाए। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय से संवाद-समन्वय बनाएं। डेटा जितना शुद्ध होगा, लक्ष्य के लिए उतना ही बेहतर प्रयास कर सकेंगे।

### निवेश और भूमि अधिग्रहण में देरी पर डीएम जिम्मेदार

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि निवेश और भूमि अधिग्रहण से जुड़े प्रकरण लंबित नहीं रहने चाहिए। इसके लिए जिलाधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी। कहा कि एमओयू को धरातल पर उतारें। विभिन्न स्वीकृतियों की प्रक्रियाओं को समयबद्ध करना होगा। निर्देश दिए कि पब्लिक ग्रीवांस सिस्टम को और लाभकारी बनाया जाने की आवश्यकता है।

## दीपावली पर होगी चौकस बिजली आपूर्ति व्यवस्था

**लखनऊ, अमृत विचारः** दीपावली के मौके पर प्रदेश की बिजली आपूर्ति व्यवस्था चौकस रहेगी। इस सिलसिले में उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार गोयल ने वितरण निगमों के प्रबंध निदेशकों को निर्देश जारी किए हैं। जारी निर्देश में धनतेरस व दीपावली पर निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा गया है। इसके लिए पहले से समुचित इंतजाम करने का निर्देश दिया गया है। पावर कॉरपोरेशन के अधिकारियों के अनुसार दीपावली के मौके पर भवनों में सजावट के दौरान बिजली का उपभोग बढ़ जाता है। इस कारण बिजली की मांग बढ़ जाती है। मांग को पूरा करने के लिए एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से अतिरिक्त बिजली की व्यवस्था की गई है।

# एसएनके पान मसाला ग्रुप के 11 ठिकानों पर पड़े छापे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सीजीएसटी की डीजीजीआई विंग ने की कार्रवाई

**अमृत विचारः** एसएनके पान मसाला ग्रुप के शहर के 11 ठिकानों पर सीजीएसटी की डीजीजीआई विंग ने शुक्रवार को छापेमारी की। यह छापेमारी जीएसटी से जुड़ी कर अपवंचना की आशंका पर हुई। बताया गया कि छापेमारी करने वाली टीम लगभग एक महीने से पान मसाला समूह की गतिविधियों पर नजर रखे हुए थी। छापेमारी के बाद समूह की ओर से शुक्रवार को होने वाले सभी भुगतान रोक दिए गए हैं।

पान मसाला कारोबारी के शहर में अलग-अलग 11 प्रतिष्ठानों पर सीजीएसटी की डीजीजीआई विंग ने सुबह 7 बजे छापेमारी की। पनकी स्थित कारोबारियों की दो फैक्ट्री अलावा स्वरूप नगर में आवास पर टीमें पहुंची। कारोबारी के भाई की पनकी में ही पान मसाला का रेपर तैयार करने वाली दो फैक्ट्री को भी कार्रवाई की जद में लाया गया। इसके अलावा नजदीकी रिश्तेदार व कारोबार में सहयोगी के पांडु नगर स्थित आवास पर भी छापा मारा गया। दिल्ली, लखनऊ से आए 70 से अधिक अफसरों की टीमें देर रात तक जांच-पड़ताल में जुटी रहीं। माल भेजने और लाने में सहयोग करने वाले ट्रांसपोर्टर के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित गोदामों में भी छापा मारा गया। इसके अलावा सुपाड़ी की सप्लाई करने वाले व्यापारी के किदवई नगर समेत दो ठिकानों को भी कार्रवाई में शामिल किया गया।

## उप चुनाव की सभी सीटें जीतेगी भाजपाः चौधरी

**लखनऊ, अमृत विचार।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि भाजपा की प्रदेश की सभी 10 सीटों के उप चुनाव को लेकर पूरी तरह तैयार है और सभी सीटों को जीतेगी। कहा कि सपा और कांग्रेस हताशा में मिलकर मिल्कीपुर विधानसभा का उप चुनाव समय से न हो, इसके लिए प्रयास कर रहे हैं।

चौधरी ने प्रदेश मुख्यालय पर शुक्रवार को पत्रकारों से कहा कि सपा मुखिया की कथनी और करनी में बड़ा अंतर है। सपा प्रमुख लगातार सोशल मीडिया पर लोगों को बरगलाने का काम करते है। चौधरी ने कहा कि भाजपा का सदस्यता अभियान पूरे जोश में चल रहा है। पार्टी कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों से व्यापक जनसंपर्क कर रहे हैं।

# किशोरी से गैंगरेप में 4 साल बाद दो को 30-30 साल की सजा

## विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट ने सुनाई सजा, जुर्माना भी लगाया

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- तालग्राम क्षेत्र में 4 मार्च 2020 को हुई थी वारदात

**अमृत विचारः** करीब चार साल पहले परीक्षा देकर लौट रही किशोरी के साथ हुई गैंगरेप की घटना में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट ने दो अभियुक्तों को दोषी करार दिया है। अदालत ने दोनों को 30-30 साल की कठोर कैद और 30-30 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता नवीन दुबे ने बताया कि करीब चार साल पहले 4 मार्च 2020 को तालग्राम थाने में एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी बहन इंटर की छात्रा है। वह तीन मार्च को इंटर का पेपर देने गई थी। पेपर देने के बाद शाम करीब 5:25 बजे कॉलेज से बाहर आई और साइकिल स्टैंड से साइकिल उठाने जा रही थी, तभी गांव के ही मिंटू पाल पुत्र सतीश पाल और अंकुर पटेल पुत्र स्व. ध्रुवकिशोर उसे अपनी मोटरसाइकिल पर जबरदस्ती बिठाकर ले गए।

इसके बाद उसे तिर्वा-ठठिया रोड पर ले जाकर दोनों ने उसके साथ बारी-बारी से दुष्कर्म किया। मामले में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद किशोरी ने अपने बयान में बताया कि परीक्षा देने के बाद वह साइकिल से कॉलेज की दोस्तों के साथ बस स्टैंड पहुंची थी। वहां चाय की दुकान पर साइकिल खड़ी करके आपस में बातचीत कर रही थी, तभी मिंटू ने आकर उसके पिता के एक्सीडेंट की बात कही तो वह घबरा गई।पिता के एक्सीडेंट की बात पर वह मिंटू की बाइक पर बैठकर साथ चल दी। आगे जाने पर उसका दूसरा साथी अंकुर आ गया। दोनों ने उसका दुपट्टा उतारकर मुंह और गला कस दिया। घसीटते हुए रोड के नीचे ले जाकर बारी-बारी से दुष्कर्म किया। घटना के बाद वह किसी तरह से घर पहुंची और अगले दिन सारी बात घर वालों को बताई।

## सपा कार्यालय के सामने औरैया की युवती ने खाया जहरीला पदार्थ

**लखनऊ, अमृत विचार :** औरैया जिले की 27 वर्षीया युवती ने शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे सपा कार्यालय के सामने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने वह इधर-उधर दौड़ने लगी। गौतमपल्ली थाने के पुलिसकर्मियों ने देखा तो उसे सिविल अस्पताल में भर्ती कराया। युवती ने कानपुर के कल्याणपुर थाने में दर्ज दुष्कर्म के मामले में कार्रवाई न करने का आरोप लगाया है। डीसीपी मध्य रवीना त्यागी ने कानपुर पुलिस से रिपोर्ट मंगाई है। युवती कानपुर के कल्याणपुर में किराए पर रहती थी। कन्नौज के ठठिया निवासी सिपाही निशांत कुमार की तैनाती 2023 में कानपुर में थी। इसी दौरान फेसबुक पर उसने युवती से दोस्ती कर कमरे में ले जाकर दुष्कर्म किया और विरोध पर जान से मारने की धमकी दी।

# एडीजी वाराणसी करेंगे सीओ विनय के खिलाफ विभागीय जांच

डी.पी.शुक्ल, लखनऊ

- 4 महीने पहले बस्ती में जयपुर की महिला डॉक्टर को सीओ की पत्नी और बेटी ने पीटा था

**अमृत विचार :** शासन ने जयपुर की रहने वाली डॉ. महिला मित्र के साथ मारपीट के आरोपी बस्ती के तत्कालीन सीओ सिटी विनय चौहान के खिलाफ विभागीय जांच वाराणसी जोन के एडीजी पीयूष मोर्डिया को सौंपी है। गृह सचिव डॉ संजीव गुप्ता ने एडीजी पीयूष मोर्डिया को भेजे पत्र में एक माह के अन्दर जांच रिपोर्ट देने के लिए कहा है। मालूम रहे कि एसपी सिद्धार्थनगर ने अपनी जांच रिपोर्ट में सीओ को दोषी ठहराते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की संस्तुति की, जिस पर उन्हें निलंबित कर डीजीपी मुख्यालय से संबद्ध किया जा चुका है।

बस्ती के एसपी से की गई शिकायत में सीओ सिटी विनय चौहान के साथ वर्षों से रिलेशनशिप में रहने का हवाला देते हुए जयपुर की महिला डाक्टर ने 24 मई को बस्ती उनके सरकारी आवास पर सीओ की पत्नी और बेटी पर मारपीट करने का आरोप लगाया था। वह सीओ के बुलाने पर ही वहां गई थीं। आरोप है कि सीओ, उनकी पत्नी और बेटी ने मिलकर उसका मुंह दबाया,उसे जूतों से पीटा, कपड़े फाड़े, धमकी और जातिसूचक गालियां दी। उसने सीओ पर शादी का झासा देकर शारीरिक शोषण करने का आरोप भी लगाया था। इस मामले में बस्ती शहर कोतवाली में 01 जून को सीओ, उनकी पत्नी तथा बेटी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी।

## मुख्यमंत्री ने आज बुलाई उप चुनाव की तैयारी बैठक

**अमृत विचार, लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को उप चुनाव के मद्देनजर अपने आवास पर सुबह 11 बजे बैठक बुलाई है। इसमें चुनाव जीतने की रणनीति के साथ प्रत्याशियों के नाम की घोषणा भी हो सकती है। बैठक में दोनों उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह समेत संगठन से जुड़े कई नेताओं को भी बुलाया गया है। इसी साथ उप चुनाव वाले जिलों के प्रभारी मंत्रियों समेत चुनाव की तैयारी में अलग से लगाए गए 30 मंत्रियों को भी बुलाया गया है। सभी को अपनी रिपोर्ट के साथ आना होगा। बैठक में चुनाव जीतने की तैयारी साझा की जाएगी। विपक्ष पर सधे प्रहार के साथ स्थानीय समीकरण साधने की रणनीति बनेगी।

## नौ सीटों पर उपचुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू 25 तक नामांकन और 13 नवंबर को होगा मतदान

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश में विधानसभा की नौ सीटों पर उपचुनाव के लिए शुक्रवार को नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई। पहले दिन किसी सीट पर नामांकन नहीं हुआ। प्रत्याशी 25 अक्टूबर तक नामांकन कर सकेंगे। 13 नवंबर को मतदान होगा। भारत निर्वाचन आयोग के चुनाव कार्यक्रम के अनुसार मुजफ्फरनगर की मीरापुर सीट, मुरादाबाद की कुंदरकी, गाजियाबाद जिले की गाजियाबाद, अलीगढ़ की खैर (अजा), मैनपुरी की करहल, कानपुर की सीसामऊ, प्रयागराज की फूलपुर, अंबेडकरनगर की कटेहरी व मिर्जापुर की मझवां सीटों पर उपचुनाव कराने की प्रक्रिया शुरू हुई है। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी चन्द्रशेखर ने बताया कि 28 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी। नाम वापसी की अंतिम तारीख 30 अक्टूबर निर्धारित की गई है।

## नेचर गाइड प्रशिक्षण को कल तक करें आवेदन

**लखनऊ, अमृत विचार।** राज्य में नवंबर से पर्यटन सत्र प्रारंभ होगा। इसके लिए नेचर गाइड की तैनात किए जाएंगे। पर्यटकों को वन भ्रमण व वन्य जीवन से संबंधित जानकारी प्रदान करने के लिए पर्यटन विभाग द्वारा नेचर गाइड का प्रशिक्षण कराया जाता है। इस वर्ष भी नेचर गाइडों का प्रशिक्षण कराया जाएगा। प्रशिक्षण के लिए 20 अक्टूबर तक आवेदन कर सकते हैं। पीलीभीत टाइगर रिजर्व के प्रभागीय वनाधिकारी मनीष सिंह ने शुक्रवार को बताया कि नेचर गाइडों का यह प्रशिक्षण दो सत्र में होगा। पहला प्रशिक्षण सत्र 21 से 26 अक्टूबर व द्वितीय सत्र 3 से 8 नवंबर तक होगा। प्रशिक्षण के उपरांत परीक्षा माध्यम से नेचर गाइड का अंतिम चयन होगा। उन्होंने पीलीभीत टाइगर रिजर्व संबन्धित जानकारी देते हुए कहा कि नेचर गाइड के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 12वीं उत्तीर्ण है। पांच वर्ष से नेचर गाइड के रूप में कार्यरत लोगों को शैक्षणिक योग्यता में छूट दी जाएगी। आवेदक को प्रभागीय वनाधिकारी कार्यालय पीलीभीत में दस्तावेज जमा करने होंगे।

## त्रिस्तरीय पंचायतों को इस माह मिले 800 करोड़

**लखनऊ, अमृत विचार।** राज्य सरकार ने शुक्रवार को त्रिस्तरीय पंचायतों को पंचम राज्य वित्त आयोग की संस्तुति के तहत पंचायती राज संस्थाओं को अक्टूबर माह के लिए 800 करोड़ की रुपये की धनराशि की है। इसमें जिला पंचायतों को 120 करोड़, ब्लाकों को 120 करोड़ और ग्राम पंचायतों 560 करोड़ रुपये का आवंटन हुआ है। शासन के विशेष सचिव आलोक दीक्षित ने शुक्रवार को पंचायती राज निदेशक को जारी शासनादेश में राज्य की स्वीकृति की जानकारी देते हुए कहा है कि पंचायती राज संस्थाओं के लिए स्वीकृत 9600 करोड़ की धनराशि से अक्टूबर माह के लिए 800 करोड़ रुपये आवंटन हुआ है। इसे जिला पंचायतों, ब्लाक पंचायतों और ग्राम पंचायतों को आवंटित धनराशि उनके खाते में भेजी जाएगी।

## नीट एमडीएस काउंसिलिंग में मेरिट सूची जारी

**लखनऊ, अमृत विचारः** राज्य के डेंटल कॉलेजों में एमडीएस की रिक्त सीटों के लिए होने वाली तीसरी काउंसिलिंग स्पेशल स्ट्रे वैकेंसी राउंड में 237 अभ्यर्थियों की मेरिट सूची जारी कर दी गई है। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशालय ने शुक्रवार को सूची जारी कर दी है। मेरिट सूची में शामिल अभ्यर्थी कल से मनपंसद कॉलेज की प्राथमिकताएं देंगे, 21 अक्टूबर को सीट आवंटन परिणाम घोषित किए जाएंगे।

## अधीनस्थ अधिकारियों को माननीय कहने को बाध्य करने पर हलफनामा मांगा

**प्रयागराज, अमृत विचारः** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक मामले पर सुनवाई करते हुए आयुक्त, मुरादाबाद से अपने आयुक्तालय मंडल के अधिकारियों को उन्हें 'माननीय' कहकर संबोधित करने के लिए बाध्य करने पर व्यक्तिगत हलफनामा तलब किया है। कोर्ट ने आयुक्त से यह स्पष्ट करने के लिए कहा है कि किस प्रोटोकॉल के तहत उन्हें माननीय कहकर संबोधित किया जाए, साथ ही अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, सियोहरा, बिजनौर से हलफनामा दाखिल कर एक संबंध में कारण बताने को कहा है कि याची की ग्रेच्युटी के विलंबित भुगतान, अवकाश नकदीकरण की बकाया राशि और अन्य सेवानिवृत्ति परिलाभों के लिए उनके द्वारा पारित आदेश को रद्द करने के बाद याची को दंडात्मक लागत क्यों न दी जाए। उक्त आदेश न्यायमूर्ति जे जे मुनीर की एकलपीठ ने प्रमोद कुमार की याचिका पर दी। अगली सुनवाई 25 अक्टूबर 2024 को सुनिश्चित की गई है।

# पत्नी की मौत की खबर सुन सिपाही ने फांसी लगाई

संवाददाता, औरैया/ रायबरेली




उपेंद्र कुमार और संतोषी

**अमृत विचारः** औरैया के मोहल्ला बनारसी दास पश्चिम में शुक्रवार दोपहर एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद जिला रायबरेली के ऊंचाहार कोतवाली में तैनात महिला के सिपाही पति उपेंद्र ने देर शाम अपने आवास में फांसी लगाकर जान दे दी।

मोहल्ला बनारसीदास निवासी संतोषी (26) पत्नी उपेंद्र कुमार की शुक्रवार दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मोहल्ले के लोगों के सहयोग से ससुरालियों ने संतोषी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया और फरार हो गये। यहां चिकित्सक ने संतोषी को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी होने पर पुलिस और इटावा निवासी संतोषी के मायके पक्ष के लोग अस्पताल आ गये। मायके पक्ष के लोगों ने बताया कि संतोषी की शादी नवंबर 2023 में बनारसीदास निवासी राम नारायण के पुत्र उपेंद्र कुमार के साथ की गई थी। वर्तमान में उपेंद्र कुमार जनपद रायबरेली के थाना ऊंचाहार में सिपाही के पद पर तैनात था। मायके पक्ष के लोगों ने बताया कि शादी के कुछ महीने बाद से ही पति उपेंद्र व ससुरालीजन संतोषी को आए दिन किसी न किसी बात को लेकर टार्चर करते थे। आरोप है कि ससुरालियों ने संतोषी की फांसी लगाकर हत्या कर दी। इसके बाद शाम को पति उपेंद्र ने भी रायबरेली में अपने आवास पर फांसी लगाकर जान दे दी।

## वर्ग पहेली-226

**बाएं से दाएं**

1. छोटा लोटा। (मु.)-डुबो देना : बहुत बड़ी हानि कर बैठना। -डूब जाना : (कोई काम) बुरी तरह से बिगड़ जाना।

3. 1. नगरमोथा 2. जलीय भूमि में होने वाला एक क्षुप 3. उक्त की जड़ जो औषध के काम आती है।

5. 1. गांव में रहने वाला 2. खेती करने वाला किसान 3. ग्रामीण, गांव में रहने वाला व्यक्ति, देहाती।

7. 1. कागज़

8. रेल द्वारा भेजे जाने वाले सामान या माल की रसीद जिसे प्रस्तुत करने पर वह सामान मिलता है, जावकपत्र।

**ऊपर से नीचे**


2. 1. टिके होने की अवस्था या भाव, स्थायित्व 2. स्थिरता से टिकने की जगह; पड़ाव।

4. 1. सरल या आसान काम 2. ठट्ठा

5. 1. एक प्रकार की घास जिसकी जड़ सुगंधित होती है, जिसे खस कहते हैं 2. एक दूब 3. गंडदूर्वा नामक घास।

6. 1. पूछताछ 2. रोककर पूछने की क्रिया या भाव 3. रोक, मनाही, निषेध।

7. 1. जो सुडौल न हो 2. भद्दा, कुरूप, भद्दी बनावट का, बेढंगा।



### वर्ग पहेली -225 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 टँ | का | ई | ■ | 2 ध | ■ |
| ■ | ■ | ■ | 3 ट | प | रा |
| ■ | ■ | 4 बु | ला | ना | ■ |
| ■ | ■ | ■ | ट | ■ | 5 के |
| 6 को | ख | 7 ज | ली | ■ | ला |
| ■ | ■ | ड़े | ■ | ■ | सी |
| 8 अँ | धि | या | री | ■ | य |

## सुडोकू-139

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 7 | | | 5 | | 3 | 1 |
| | 9 | | 1 | | | 8 | | |
| 3 | | 2 | | 8 | | | 5 | 4 |
| | 8 | | 6 | | 3 | | | |
| 1 | | | | | | | | 9 |
| | | | 7 | | 2 | | 8 | |
| 7 | 3 | | | 2 | | 5 | | 8 |
| | | 8 | | | 1 | | 7 | |
| 4 | 6 | | 8 | | | 3 | | |

### सुडोकू - 138 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 4 | 9 | 1 | 8 | 5 | 6 | 3 |
| 8 | 9 | 6 | 5 | 7 | 3 | 1 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 7 | 3 | 9 | 5 | 6 | 8 | 1 |
| 9 | 5 | 8 | 2 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 3 | 6 | 1 | 4 | 8 | 7 | 9 | 2 | 5 |
| 7 | 4 | 5 | 8 | 3 | 6 | 2 | 1 | 9 |
| 1 | 3 | 9 | 7 | 2 | 4 | 8 | 5 | 6 |
| 6 | 8 | 2 | 1 | 5 | 9 | 4 | 3 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 19 अक्टूबर शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-कार्तिक, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-द्वितीया 09 .48 तक तत्पश्चात तृतीया।

**मेष** – आज राजनीति से जुड़े लोगों को अच्छी सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी आपका आत्मविश्वास बढ़ायेगा। अपने विचारों को सदैव स्पष्ट रखें। नए लोगों के साथ काम करने का मौका मिलेगा। प्रतियोगी परीक्षाओं में आपको सफलता मिल सकती है।

**वृष** – आज व्यर्थ के विचारों से आपको बचना चाहिए। घर के कार्यों में आप काफी व्यस्त रहेंगे। कारोबारियों को अपने व्यापार की चिंता रहेगी। अचानक आए खर्चों के कारण आपको परेशानी हो सकती है। पेट में गैस व गर्मी की समस्या हो सकती है।

**मिथुन** – आज कार्यक्षेत्र में आपके संबंध मजबूत होंगे। व्यवसाय में नए क्लाइन्ट्स जुड़ सकते हैं। आपके व्यक्तित्व में काफी सुधार होगा। यात्रा की योजना बना सकते हैं। विवाह योग्य जातकों का विवाह तय हो सकता है। आपकी योजनाएं समय से पूर्ण हो जाएंगी।

**कर्क** – आज निजी रिश्तों में प्रेम भाव बढ़ेगा। प्रतिष्ठित लोगों से आपके संबंध मजबूत होंगे। तय लक्ष्यों को आसानी से प्राप्त कर लेंगे। आपकी दिनचर्या में सुधार होगा। जॉब के शानदार अवसर प्राप्त होने के योग बन रहे हैं।

**सिंह** – आज रिलेशनशिप के मामलों को लेकर भावुक हो सकते हैं। कारोबार में आय की तुलना में व्यय ज्यादा होगा। आपको नींद पर्याप्त मात्रा में आपको लेनी चाहिए। आपके मन में नकारात्मक विचारों का प्रभाव हो सकता है।

**कन्या** – आज नकारात्मक प्रवृत्ति के लोगों से दूरी बनाकर रखें। पारिवारिक सदस्यों से अच्छा तालमेल रखें। रोगियों को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। आपके जिद्दी रवैये के कारण परिजन नाराज हो सकते हैं। कारोबारी यात्रा में परेशानी हो सकती है।

**तुला** – आज व्यवसाय को लेकर थोड़ा परेशान रहेंगे। आर्थिक गतिविधियों को लेकर काफी सावधान रहना चाहिए। आयात-निर्यात से जुड़े कार्यों में बड़ा लाभ हो सकता है। आपको नई जिम्मेदारी मिलने के योग बन रहे हैं। पार्टनर के साथ अच्छा समय बिताएंगे।

**वृश्चिक** – आज किसी बड़ी कंपनी से जॉब के ऑफर मिलने के योग बन रहे हैं। परिवार के साथ घूमने जा सकते हैं। बॉस आपसे काफी प्रसन्न रहने वाला है। आप लोगों की काफी मदद करेंगे। साहित्य से जुड़े लोगों को सम्मान मिल सकता है।


**धनु** – आज ऑफिस में अपने सहयोगियों को लेकर निर्भर न रहें। बिना किसी विशेष उद्देश्य के धन उधार न दें वरना आपके संबंध बिगड़ सकते हैं। अवसाद और तनाव की स्थितियां निर्मित हो सकती हैं। आपको नियमों का पालन करना चाहिए।

**मकर** – आज अपनी इच्छाओं को दूसरों पर न थोपें। वैवाहिक जीवन का भरपूर आनंद उठाएंगे। किसी पारिवारिक समस्या का समाधान होगा। कई दिनों से लंबित कार्यों को कम समय से ही पूरा कर लेंगे। साझेदारी में किए गए व्यवसाय में लाभ प्राप्त होगा।

**कुंभ** – आज आपकी योजनाओं और कार्यशैली की प्रशंसा करेंगे। सहकर्मियों के साथ मिलजुल कर कार्य करें। शुभचिंतकों से अपने मन की बातें कर सकते हैं। जिन बातों को लेकर विवाद उत्पन्न होते हैं, उन पर चर्चा न करें। आप अपने स्वास्थ्य का खास ध्यान देंगे।

**मीन** – आज उलझनों के बावजूद आपको कुछ महत्वपूर्ण काम करने पड़ेंगे। धर्म-कर्म में आप काफी सक्रियता दिखा सकते हैं। व्यापार के विस्तार के लिए आप मित्रों से चर्चा कर सकते हैं। हालांकि किसी बड़े निर्णय को लेना उचित नहीं होगा।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल- मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-भरणी 10 .46 तक तत्पश्चात कृत्तिका।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
हैसियत – सुबह : 09 .00
चालबाज – शाम : 06 .09

&pictures
क्रैक – सुबह : 11.16
मिस्टर एंड मिसेज माही – रात : 08 .00

SONY PIX
सीजे 7 – सुबह : 10 .26
मैकेनिक – रात : 09 .00

ZEE CINEMA
शादी में जरूर आना – सुबह : 11.16
भीमा – रात : 08 .00

ZEE ACTION
जख्मी सिपाही – सुबह : 11.01
घायल – रात : 07 .30

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर सुबह : 11 .16 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

संजू एक डॉक्टर के पास गया और उससे पूछा
संजू- डॉक्टर साहब, घर जाकर चेक करने की क्या फीस है?
डॉक्टर ने कुछ सोचा और बोला : 300 रुपये।
संजू- ठीक है, तो चलिए इतना सुनते ही डॉक्टर ने अपनी बाइक निकाली और संजू के साथ उसके घर जा पहुंचा।
वहां पहुंचकर डॉक्टर ने पूछा- मरीज किधर है?
संजू- अरे मरीज-वरीज कोई नहीं है पागल, टैक्सी वाला 500 रुपये मांग रहा था और तू 300 में ले आया।

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 2460, राज श्री 1790, फॉर्चून कि. 2175, रविन्द्रा 2375, फॉर्चुन ली. 1980, जय जवान 1930, सचिन 2040, सूरज 1955, अवसर 2075, राग गोल्ड 2140, गृहणी ली 2020, क्लासिक (किलो) 2130, मोर 2125, चक्र टिन 2230, ब्लू 2190, आशीर्वाद मस्टर्ड 2280, स्वास्तिक 2430। किराना- (प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 17000, जीरा 31800, लाल मिर्च 18000-22000, धनिया 8000-10000, अजवायान 15500-23000, मेथी 7000-8000 सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 800-900, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 900, किसमिस पीली 140-180, मखाना 900-1150। चावल- (प्रति कु0) डबल चाबी सेला 10000, स्पाइस 7600, शरबती कच्ची 4450, शर्बती स्टीम 4600, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 8500, राजभोग 6950, हरी पत्ती (1किलो,5किलो) 10500, हरी पत्ति नेचुरल 9100, जेनिथ 9300, गलैक्सी 7400, सूमो 4000, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 5150, खजाना 5150। दाल दलहन-मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा 10700, राजमा चित्रा 12700-13600, राजमा भूटान नया 11700, मलका काली 7150-7700 मलका दाल 7375-8000, मलका छाँटी 7400, दाल उड़द बिलासपुर 9600-10200, मसूर दाल छोटी 8900-9500, दाल उड़द दिल्ली 11600, उड़द साबुत दिल्ली 11400, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900, चना काला 8650, दाल चना 9150, लाल हिंदुस्तान 9250, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9800, चना अकोला 9000, डबरा 10200-11200, सच्चा हीरा 12600, मोटा हीरा 14600, अरहर गोला मोटा 11300, अरहर पटका मोटा 11600, अरहर कोरा मोटा 11900, अरहर पटका छोटा 15300-15700, अरहर कोरी छोटी 16000। चीनी-डालमियां 4160, पीलीभीत 4140, नवाबगंज 4130, बहेड़ी 4140।

## सर्राफा

बरेली

| | |
|---|---|
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 79500 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 78500 |
| सिल्वर (पक्की) 936 | (अनुमानित) |


# पुलिस नहीं है आरबीआई, वित्तीय बाजार पर रहती है कड़ी नजर: दास

### नवी फिनसर्व व तीन एनबीएफसी पर कार्रवाई के बाद गवर्नर ने की टिप्पणी

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने शुक्रवार को कहा कि केंद्रीय बैंक पुलिस की तरह काम नहीं करता, बल्कि वह वित्तीय बाजार पर नजर रखता है और जरूरत पड़ने पर नियामकीय कदम उठाता है। आरबीआई गवर्नर की यह टिप्पणी आरबीआई की तरफ से नवी फिनसर्व और तीन अन्य गैर-बैंकिंग वित्त कंपनियों (एनबीएफसी) के खिलाफ गुरुवार को की नियामकीय कार्रवाई के एक दिन बाद आई है।

आरबीआई ने सचिन बंसल की नवी फिनसर्व व तीन एनबीएफसी को 21 अक्टूबर की कारोबार समाप्ति से कर्ज मंजूर करने और वितरण से रोकने का आदेश दिया है। यह कदम मूल्य निर्धारण सहित पर्यवेक्षी चिंताओं पर उठाया गया है। गवर्नर दास ने ब्लूमबर्ग के इंडिया क्रेडिट फोरम के कार्यक्रम में कहा कि भारत की वृद्धि की गाथा अब भी कायम है। मुद्रास्फीति काफी हद तक लक्ष्य सीमा के भीतर आ गई है। इसके कम होने की उम्मीद है। उन्होंने वृद्धि और मुद्रास्फीति के बीच संतुलन पर कहा कि आरबीआई इन दोनों के संबंध में समग्र दृष्टिकोण की निगरानी में बहुत सावधानी बरत रहा है।



- ब्लूमबर्ग के इंडिया क्रेडिट फोरम के कार्यक्रम में दास ने कहा- भारत की वृद्धि की गाथा अब भी कायम

### इस समय ब्याज दर में कटौती जोखिम भरा

शक्तिकान्त दास ने कहा कि नीतिगत ब्याज दर में कटौती के लिए मौजूदा समय असामयिक और जोखिम भरा होता क्योंकि खुदरा मुद्रास्फीति अब भी ऊंचे स्तर पर है। दास ने कहा कि भविष्य का मौद्रिक नीतिगत कदम आगामी आंकड़ों और आर्थिक परिदृश्य पर निर्भर करेगा। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक में नीतिगत दर को यथावत रखने का फैसला हुआ था। हालांकि इसने मौद्रिक नीति के रुख को संशोधित करते हुए तटस्थ कर दिया।

# न्यूट्रल पैटर्न: तटस्थता से लाभ उठाने की कला

न्यूट्रल पैटर्न तकनीकी विश्लेषण की विशेष विधि है, जो निवेशकों को बाजार की उतार-चढ़ाव से सुरक्षित रखते हुए लाभ कमाने के अवसर देती है। यह दृष्टिकोण विशेष रूप से उन समयों में उपयोगी होता है जब बाजार तेजी या मंदी में नहीं होता। निवेशक विभिन्न संकेतकों और रणनीतियों का उपयोग करके तटस्थ स्थिति में रहकर अपने पोर्टफोलियो को विविधता देते हैं। हालांकि, न्यूट्रल पैटर्न में लाभ के साथ-साथ कुछ जोखिम भी होते हैं, जिन्हें समझना और प्रबंधित करना आवश्यक है। यह निवेश के क्षेत्र में एक संतुलित और रणनीतिक दृष्टिकोण प्रदान करता है। आइए इस पर गौर करें...

### कैसे करता है काम


- **डेटा एनालिसिस:** न्यूट्रल का उपयोग करने के लिए, विश्लेषक कई चार्ट्स और आंकड़ों का अध्ययन करते हैं ताकि संभावित रुझानों की पहचान की जा सके।
- **हेजिंग स्ट्रेटेजी:** निवेशक कई विकल्पों और वायदा अनुबंधों का उपयोग करके निवेश को सुरक्षित करने के लिए न्यूट्रल का उपयोग कर सकते हैं।
- **पोर्टफोलियो विविधीकरण:** न्यूट्रल पैटर्न में विभिन्न प्रकार के निवेशों को मिलाने से जोखिम को कम किया जा सकता है।

### इसकी पहचान

- **बोलिंजर बैंड्स:** जब कीमतें बैंड्स के बीच स्थिर रहती हैं।
- **आरएसआई (रिपेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स):** आरएसआई स्तर 30-70 के बीच हो।
- **मूविंग एवरेज:** जब छोटी-बड़ी मूविंग एवरेज एक दूसरे के करीब होती हैं।

### निवेशकों को लाभ

- **कम जोखिम:** न्यूट्रल का उपयोग करके निवेशक जोखिम को कम कर सकते हैं।
- **संभावनाएं:** यदि बाजार में तेजी या मंदी नहीं है, तो अन्य निवेश विकल्पों में लाभ कमा सकते हैं।
- **संरक्षण:** यह रणनीति बाजार में होने वाली अस्थिरता से सुरक्षित रहने में मदद करती है।




न्यूट्रल पैटर्न एक उपयोगी तकनीक है, विशेष रूप से उन निवेशकों के लिए जो जोखिम को कम करना चाहते हैं। हालांकि, इसे समझदारी से उपयोग करना चाहिए, क्योंकि इसमें संभावित लाभ और जोखिम दोनों होते हैं।

### जोखिम

- **कम लाभ:** न्यूट्रल रणनीतियों से कभी कम लाभ होता है क्योंकि वे बाजार के रुझानों का लाभ नहीं उठातीं।
- **मार्जिन कॉल्स:** अगर बाजार अप्रत्याशित तरीके से चलता है, तो निवेशकों को संभावित नुकसान का सामना करना पड़ सकता है।
- **संवेदनशीलता:** न्यूट्रल पैटर्न्स कुछ बाजार स्थितियों में प्रभावी नहीं हो सकते, जैसे कि अत्यधिक उतार-चढ़ाव।

## एनएसडीएल में डीमैट के तौर पर रखीं 500 लाख करोड़ की प्रतिभूतियां

**नई दिल्ली।** नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लि. (एनएसडीएल) ने शुक्रवार को कहा कि डिपोजिटरी में डीमैट रूप में रखी गई प्रतिभूतियों का मूल्य 2024 में 500 लाख करोड़ (6 हजार अरब डॉलर) पहुंच गया। डिपॉजिटरी को 2014 में 100 लाख करोड़ तक पहुंचने में 18 साल लगे, 2020 में 200 लाख करोड़ को छूने में छह साल व 500 लाख करोड़ छूने में चार साल लगे। एनएसडीएल के एमडी एस गोपालन ने कहा कि निवेशकों, सहभागियों, नियामकों को इसके लिए धन्यवाद देते हैं।

## वैश्विक स्तर पर भारत की वृद्धि सबसे उज्ज्वल हिस्से में से एक

वाशिंगटन, एजेंसी

विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा ने कहा कि वैश्विक स्तर पर भारत की वृद्धि दर सबसे उज्ज्वल हिस्सों में से एक है। बंगा ने कहा कि मुझे लगता है कि 6-7% और उससे अधिक की दर से वृद्धि करना ये दर्शाता है कि उन्होंने इसके लिए कई कदम उठाए हैं। विश्व बैंक और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की होने वाली वार्षिक बैठक से पहले बंगा ने यह बयान दिया है।

उन्होंने कहा कि भारत में हुई अधिकतर वृद्धि घरेलू बाजार के दम पर मुमकिन हुई है जो कुछ मायनों में अच्छा संकेत है। वहीं विश्व बैंक की प्रबंध निदेशक (परिचालन) एन्ना बेर्डे ने कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर बल दिया, क्योंकि भारत में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की अपार संभावनाएं हैं।



- विश्व बैंक के अध्यक्ष बंगा ने कहा- भारत ने इसके लिए कई कदम उठाए हैं

## जीएसटी दरों पर सुझाव के लिए गठित जीओएम की पहली बैठक आज

**नई दिल्ली।** जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने और स्वास्थ्य एवं जीवन बीमा पर दर कम करने के बारे में सुझाव देने के लिए गठित दो मंत्री समूहों (जीओएम) की (आज) शनिवार को बैठक होगी। बीमा प्रीमियम पर दर कम करने पर गठित जीओएम की यह पहली बैठक होगी।

बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अगुवाई वाला मंत्री समूह बीमा प्रीमियम पर कर की दर को 18% से कम करने पर सुझाव देगा। चौधरी की अगुवाई में एक अन्य मंत्री समूह की भी बैठक होगी, जिसे जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने के लिए गठित किया गया था। इस बैठक में 12% स्लैब को कम करने, अधिक वस्तुओं को 5% कर के दायरे में लाने, चिकित्सा एवं औषधि से संबंधित वस्तुओं, साइकिल और बोतलबंद पानी पर करों को युक्तिसंगत बनाने पर चर्चा होगी। यह मंत्री समूह 12 और 18% की दरों के विलय की संभावना पर चर्चा कर सकता है।

## सोना रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा, चांदी में 1,000 रुपये की आई उछल

नई दिल्ली, एजेंसी

त्योहारों में मजबूत मांग से शुक्रवार को सर्राफा बाजार में सोना 550 रुपये की तेजी के साथ 79,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी है।

गुरुवार को 99.9% शुद्धता वाला सोना 79,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। लगातार तीसरे दिन की तेजी के साथ 99.5% शुद्धता वाला सोना 550 रुपये उछलकर 79,500 रुपये प्रति 10 ग्राम की नई ऊंचाई पर पहुंच गया। पिछले सत्र में यह 78,950 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इस बीच, चांदी 1,000 रुपये उछलकर 94,500 रुपये प्रति किलो पहुंच गई। गुरुवार को चांदी 93,500 रुपये प्रति किलो थी। वायदा कारोबार में, मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) में दिसंबर डिलीवरी वाले सोने का भाव 77,620 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा। कारोबार के दौरान सोना वायदा 77,667 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था।



- त्योहारों में मजबूत मांग से सोना की दर में आई तेजी, 550 रुपये बढ़ा

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### भवानी को दी जमानत रद करने से कोर्ट का इनकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने जनता दल (सेक्युलर) से निलंबित नेता एवं दुष्कर्म के आरोपी प्रज्वल रेवन्ना की मां भवानी रेवन्ना को अपहरण मामले में दी अग्रिम जमानत रद करने से शुक्रवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत एवं उज्ज्वल भुइयां ने कर्नाटक हाईकोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया और राज्य सरकार द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया। भवानी पर महिला को शिकायत दर्ज कराने से रोकने का आरोप है जिसका प्रज्वल ने यौन उत्पीड़न किया था।

### बृज भूषण की अर्जी पर दिल्ली पुलिस से जवाब तलब

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व प्रमुख बृज भूषण सिंह की उस याचिका पर शुक्रवार को शहर की पुलिस और पहलवानों से जवाब मांगा, जिसमें उन्होंने कई महिला पहलवानों द्वारा उनके खिलाफ दर्ज कराई प्राथमिकी को रद करने के अनुरोध वाली अर्जी पर जल्द सुनवाई का आग्रह किया है। सिंह ने 13 जनवरी, 2025 को सूचीबद्ध मुख्य याचिका पर पहले सुनवाई करने का अनुरोध किया है कि निचली अदालत में मामला अभियोजन साक्ष्य दायर करने के चरण में है और याचिका जब तक उच्च न्यायालय के समक्ष आएगी, तब तक अधिकतर गवाहों के बयान दर्ज हो चुके होंगे। न्यायमूर्ति मनोज ओहरी ने याचिका पर दिल्ली पुलिस और पहलवानों को नोटिस जारी किया है।

### कार्यक्रम के दौरान हमले से 10 घायल, दो गिरफ्तार

**जयपुर।** जयपुर में मंदिर में शरद पूर्णिमा समारोह के दौरान लोगों के समूह ने चाकूओं और अन्य हथियारों से हमला कर दिया, जिसमें आरएसएस के 10 कार्यकर्ता घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि उसने कल देर रात हुई घटना में शुक्रवार को दो लोगों को हिरासत में लिया। यह घटना गुरुवार को हुई जब जयपुर के करणी विहार में स्थित मंदिर में जागरण हो रहा था। लोगों ने देर रात को अपने पड़ोस में शोर व भीड़ होने पर आपत्ति जताई। अधिकारी ने बताया कि श्रद्धालुओं के बीच खीर बांटी जा रही थी, तब दो लोग वहां पहुंचे और विवाद हो गया।

### सियालदह ईएसआई अस्पताल में लगी आग

**कोलकाता।** कोलकाता के सियालदह ईएसआई अस्पताल में शुक्रवार सुबह आग लग गई। अग्निशमन विभाग के अधिकारी ने बताया कि घटनास्थल पर 10 दमकल वाहनों को भेजा गया और दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। सूचना के बाद पश्चिम बंगाल के अग्निशमन और आपातकालीन सेवा मंत्री सुजीत बोस अस्पताल पहुंचे।

# राजग के एजेंडे पर जनता को भरोसा: मोदी

### प्रधानमंत्री ने राजग को सबसे बड़ा समूह बताया और साल में दो बैठकें आयोजित करने का दिया सुझाव

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि हरियाणा की जनता ने विपक्ष की नकारात्मक राजनीति को खारिज कर स्पष्ट संदेश दिया है कि उसका भरोसा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की प्रगति और सुशासन के एजेंडे पर है। प्रधानमंत्री ने राजग शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्रियों से गुरुवार को यह बात कही। एक बयान में शुक्रवार को यह जानकारी दी गई।

प्रधानमंत्री ने राजग को 1975 के बाद गैर-कांग्रेसी दलों का सबसे बड़ा समूह बताया और साल में दो बैठकें आयोजित करने का सुझाव दिया। इस सम्मेलन में कुल 17 मुख्यमंत्रियों और 18 उपमुख्यमंत्रियों ने भाग लिया। हरियाणा में भाजपा की जीत को महत्वपूर्ण करार देते हुए मोदी ने कहा कि राजग ने सभी वर्गों का विश्वास और समर्थन हासिल किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज राजग सरकार आम नागरिकों की आकांक्षाओं को पूरा कर रही है और अंतिम छोर तक डिलीवरी सुनिश्चित करना इसकी विशिष्टता रही है, जिसने 2014 से सरकार के प्रति जनता में विश्वास बनाने में मदद की है। सुशासन का अर्थ लोगों की समस्याओं का समाधान खोजना है पर मोदी ने कहा कि शिकायत निवारण पर ध्यान देने के साथ समाधान-केंद्रित शासन सभी राजग शासित राज्य सरकारों की विशिष्ट पहचान है। मोदी ने कहा कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) के 10 वर्षों में 5 लाख पत्रों की तुलना में पिछले 10 वर्षों में उन्हें जनता से 4.5 करोड़ पत्र प्राप्त हुए हैं। यह राजग सरकार में लोगों के विश्वास को दर्शाता है। सुचारू शासन, तेजी से निर्णय लेने और शासन में पारदर्शिता ने राजग शासित राज्यों में निवेशकों और निवेश को आकर्षित करने में मदद की।



- राजग शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्रियों से बोले
- समाधान-केंद्रित शासन राजग शासित सरकारों की विशिष्ट पहचान

### मोदी कर्मयोगी सप्ताह की आज करेंगे शुरुआत

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार (आज) को कर्मयोगी सप्ताह यानी राष्ट्रीय शिक्षण सप्ताह की शुरुआत करेंगे। लोक सेवकों के लिए व्यक्तिगत और संगठनात्मक क्षमता विकसित करने की दिशा में नए सिरे से प्रोत्साहन की कवायद होगी। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने बताया कि कर्मयोगी की शुरुआत सितंबर 2020 में हुई थी और तब से इसने पर्याप्त प्रगति की है। इसमें वैश्विक परिप्रेक्ष्य के साथ भारतीय लोकाचार में निहित भविष्य के लिए तैयार सिविल सेवा की कल्पना की गई है। राष्ट्रीय शिक्षण सप्ताह लोक सेवकों के लिए व्यक्तिगत और संगठनात्मक क्षमता विकास की दिशा में नई गति देने वाला अपनी तरह का आयोजन होगा। पीएमओ ने कहा कि यह पहल सीखने और विकास के लिए एक नई प्रतिबद्धता को प्रोत्साहित करेगी। कार्यक्रम व्यक्तिगत प्रतिभागियों और मंत्रालयों, विभागों और संगठनों द्वारा जुड़ाव के विभिन्न रूपों के माध्यम से सीखने के लिए समर्पित होगा। प्रत्येक कर्मयोगी चार घंटे की योग्यता से जुड़े गुर सीखने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध होगा।

## महाराष्ट्र की महायुति सरकार ने कुछ कंपनियों को पहुंचाया लाभ : कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि महाराष्ट्र की महायुति सरकार ने बुनियादी ढांचे से जुड़ी कुछ परियोजनाओं में चंदे के बदले कुछ कंपनियों को लाभ पहुंचाया, जिससे करदाताओं का 10,903 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने दावा भी किया कि चुनावी बॉण्ड के बाद यह एक और महाघोटाला है। कांग्रेस के आरोप पर महायुति सरकार या भाजपा की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ महायुति में शिवसेना, भाजपा और उपमुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाली रांकपा हैं। रमेश ने एक्स कहा कि महायुति सरकार ने चुनावी चंदे के बदले में इन्फ्रास्ट्रक्चर टेंडर में कुछ कंपनियों को विशेषाधिकार दिया, जिससे करदाताओं को कम से कम 10,903 करोड़ का नुक़सान हुआ है। कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि महाराष्ट्र में ऐसा ही एक कांड हुआ है, जिसमें 10 हजार करोड़ की डकैती खुद महायुति सरकार ने कराई है। ये 10 हजार करोड़ जनता के हैं, जो सरकार को कर के रूप में दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि पहले चंदा दो-धंधा लो की योजना चल रही थी, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने रोक दिया। जब से कार्ट ने रोका है, तब से पैसे बटोरने की नई-नई योजनाएं बनाई जा रही हैं। कांग्रेस प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि चुनावी बॉण्ड में भी 13% चंदा महाराष्ट्र से वसूला गया था।



- करदाताओं का 10,903 करोड़ का हुआ नुकसान
- कांग्रेस ने आरोप लगाते हुए कहा- चुनावी बॉण्ड के बाद यह एक और महाघोटाला

## पीएफआई भारत में गृहयुद्ध शुरू कराना चाहता था : ईडी

नई दिल्ली, एजेंसी

ईडी ने शुक्रवार को कहा कि प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) भारत में इस्लामी आंदोलन खड़ा कर गृहयुद्ध शुरू कराना चाहता था। एजेंसी ने कहा कि उसने 35 करोड़ रुपये से अधिक की नई संपत्तियां कुर्क की हैं, जो संगठन के कई ट्रस्ट, कंपनियों और व्यक्तियों के नाम पर हैं।

ईडी ने कहा कि पीएफआई के सिंगापुर और खाड़ी देशों में 13,000 से अधिक सक्रिय सदस्य हैं जिनमें कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात शामिल हैं। एजेंसी ने कहा कि उसने जांच के तहत 61.72 करोड़ की संपत्तियां जब्त की है, 26 लोगों को गिरफ्तार किया है और नौ आरोपपत्र दायर किए हैं। ईडी, एनआईए और कई राज्य पुलिस बलों द्वारा इसके पदाधिकारियों और प्रतिष्ठानों पर छापेमारी के बाद सितंबर, 2022 में केंद्र ने पीएफआई पर प्रतिबंध लगाया था। ईडी ने आरोप लगाया कि 2006 में केरल में गठित लेकिन दिल्ली में मुख्यालय वाले पीएफआई का उद्देश्य भारत में गृहयुद्ध की तैयारी करना था।

- 35 करोड़ रुपये से अधिक की नई संपत्तियां की गई है कुर्क
- संगठन के सिंगापुर व खाड़ी देशों में 13,000 से अधिक सदस्य

## बेअदबी मामलों में राम रहीम के खिलाफ सुनवाई का रास्ता साफ

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 2015 में गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी से जुड़े मामलों में डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम के खिलाफ सुनवाई का रास्ता शुक्रवार को साफ कर दिया। न्यायमूर्ति बीआर गवाई और केवी विश्वनाथन की पीठ ने पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट द्वारा इन मामलों में सुनवाई पर लगाई रोक हटा दी और राम रहीम से जवाब दाखिल करने को कहा। शीर्ष अदालत ने पंजाब सरकार की याचिका पर यह फैसला लिया और वह मामले में चार हफ्ते बाद सुनवाई करेगी। पंजाब के महाधिवक्ता गुरमिंदर सिंह ने हाईकोर्ट के उस आदेश को पलटने का अनुरोध किया, जिसके तहत फरीदकोट के बाजाखाना थाने में दर्ज तीन मामलों की सुनवाई पर रोक लगी थी। शीर्ष अदालत ने कहा कि तीनों मामलों में जांच की आवश्यकता है और राम रहीम को नोटिस जारी किया।

- पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट की लगाई रोक को सुप्रीम कोर्ट ने हटाया

## धान उठाव में देरी पर किसानों ने रोकी ट्रेन

**कपूरथला।** धान खरीद में देरी के विरोध में शुक्रवार को किसानों ने सुलतानपुर लोधी रेलवे स्टेशन पर रेल की पटरी को अवरुद्ध कर दिया और जम्मू जाने वाली सोमनाथ एक्सप्रेस ट्रेन को 90 मिनट तक रोके रखा। जिला प्रशासन के धान के उठाव में तेजी लाने के आश्वासन के बाद ही वे पटरी से हटे। एसपी सरबजीत सिंह राय ने बताया कि किसानो के पटरी से हटने के बाद ट्रेन अपने गंतव्य को रवाना हुयी। स्टेशन मास्टर विपिन कुमार ने बताया कि ट्रेन अपने निर्धारित समय से करीब डेढ़ घंटे की देरी से शाम 16:46 बजे कपूरथला पहुंची।

## सौदेबाजी को बातचीत टूटने के कगार तक नहीं पहुंचने देना चाहिए : उद्धव

मुंबई, एजेंसी

महाराष्ट्र में महाविकास आघाडी (एमवीए) के घटक दलों में सीट बंटवारे को लेकर जारी खींचतान पर शिवसेना (यूबीटी) अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने शुक्रवार को आगाह किया कि सहयोगियों के बीच सौदेबाजी को बातचीत टूटने के कगार तक पहुंचने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। उद्धव ने कहा कि उन्होंने सीट बंटवारे की बातचीत में शामिल अपने पार्टी नेताओं से यह नहीं सुना है कि समझौता करने में कोई बड़ी समस्या है। ठाकरे ने कहा कि एमवीए सहयोगियों के बीच सीट बंटवारे पर बातचीत अंतिम चरण में है और शनिवार तक या 2-3 दिनों में समझौता हो सकता है। ठाकरे की टिप्पणी संजय राउत द्वारा सीट बंटवारे पर बातचीत में देरी पर निराशा व्यक्त करने के बाद आई है। राउत ने दावा किया है कि महाराष्ट्र कांग्रेस के नेता निर्णय लेने में सक्षम नहीं हैं।



- सीट बंटवारे पर बोलें शिवसेना (यूबीटी) अध्यक्ष

## झारखंड में आजसू 10 जदयू दो व लोजपा एक सीट पर लड़ेंगी चुनाव

**रांची।** झारखंड विस चुनाव में राजग की घटक ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) 10, जद(यू) दो और लोजपा (रामविलास) एक सीट पर चुनाव लड़ेगी। झारखंड चुनाव के लिए भाजपा के सह प्रभारी व मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सरमा ने कहा कि सीट बंटवारे को अंतिम रूप दिया जा चुका है लेकिन भाजपा देखो और प्रतीक्षा करो की रणनीति अपना रही है।

## बिहार: जहरीली शराब पीने से 10 और लोगों की हुई मौत

**पटना।** बिहार के सिवान और सारण जिलों में जहरीली शराब से 10 और लोगों की मौत हो गई, जिससे मरने वालों की संख्या बढ़कर 35 हो गई है। सारण रेंज के डीआईजी नीलेश कुमार ने शुक्रवार को बताया कि सिवान की मगहर तथा औरिया पंचायतों में शराब से अब तक 28 लोगों की मौत हो चुकी है। सारण जिले के मशरख थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर में भी सात लोगों की शराब पीने से मौत हुई है। पुलिस अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर दावा किया कि दोनों जिलों के 25 से अधिक लोग अब भी सीवान, सारण और पटना के कई अस्पतालों में गंभीर हालत में हैं।

- सिवान में 28 तो सारण में सात लोगों की गई जान, अस्पताल में कई लोग अब भी भर्ती

## बाबा सिद्दीकी : मदद करने के आरोप में पांच गिरफ्तार

**मुंबई।** राकांपा नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या में शूटरों को हथियार और अन्य सहायता करने के आरोप में शुक्रवार को पांच और लोगों को गिरफ्तार किया गया। मुंबई पुलिस के अनुसार मामले में गिरफ्तार लोगों की संख्या अब नौ हो गई है, जबकि तीन फरार हैं। सिद्दीकी को 12 अक्टूबर को मुंबई के बांद्रा इलाके के निर्मल नगर में उनके विधायक बेटे जीशान सिद्दीकी के कार्यालय के निकट गोली मार दी गई थी। बाबा सिद्दीकी की कुछ समय बाद निकटवर्ती लीलावती अस्पताल में मौत हो गई थी।

## कर्नाटक के एमयूडीए मामले में ईडी का छापा, राज्य में चढ़ा सियासी पारा

बेंगलुरु, एजेंसी

ईडी ने शुक्रवार को मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) से जुड़े धन शोधन में छापेमारी की। ईडी ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, उनके परिजनों और अन्य के खिलाफ इस संबंध में मामला दर्ज किया है। ईडी की कार्रवाई के बाद कांग्रेस शासित राज्य में सियासी पारा चढ़ गया है।

केंद्रीय अर्द्धसैनिक बल के साथ पहुंची एजेंसी ने मैसूरु स्थित एमयूडीए कार्यालय तथा बेंगलुरु में कुछ स्थानों पर छापेमारी की। ईडी ने देवराजू के आवास की तलाशी ली। मुख्यमंत्री या उनके परिवार के किसी परिसर पर छापेमारी नहीं की। एमयूडीए सचिव प्रसन्ना कुमार ने बताया कि ईडी जो भी जानकारी मांगेंगी, हम उपलब्ध कराएंगे। ईडी ने कहा है कि वे आज और कल यहीं काम करेंगे। उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा कि ये केवल दस्तावेज जमा करने और सत्यापन की कवायद थी। पूर्व सांसद डीके सुरेश ने इसे राजनीति से प्रेरित छापेमारी करार दिया। शहरी विकास मंत्री सुरेश बीएस ने कहा कि ईडी को दस्तावेज उपलब्ध कराएगा। भाजपा और जद (एस) ने छापेमारी का स्वागत किया।

- मुख्यमंत्री सिद्धारमैया व उनके परिवार के किसी भी परिसर पर नहीं की गई कार्रवाई

## पूर्व आईएएस पूजा सिंघल की जमानत पर ईडी से जवाब तलब

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने शुक्रवार को ईडी को आईएएस की पूर्व अधिकारी पूजा सिंघल की जमानत पर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। सिंघल को मई 2022 में गिरफ्तार किया गया था। उससे पहले ईडी ने धनशोधन के एक मामले में उनसे जुड़ी संपत्तियों पर छापेमारी की थी। गत 26 सितंबर को रांची की विशेष अदालत से जमानत रद होने के बाद सिंघल ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था।

## विधेयक मसौदे से बढ़ेगा निलंबन का खतरा : उषा

नई दिल्ली, एजेंसी



- **आईओए अध्यक्ष बोलीं- प्रस्तावित नियामक प्राधिकरण से खेल संघों की स्वायत्तता को नुकसान**

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक के मसौदे के कुछ प्रावधानों पर चिंता जताते हुए कहा कि इसमें प्रस्तावित नियामक प्राधिकरण आईओए और राष्ट्रीय महासंघों की स्वायत्तता को कमजोर करेगा और इससे देश पर अंतर्राष्ट्रीय निलंबन का खतरा होगा।

उषा ने खेल मंत्री मनसुख मांडविया को लिखे पत्र में यह भी कहा कि विधेयक राज्य ओलंपिक संघों (एसओए) की भूमिका पर स्पष्टता प्रदान नहीं करता है, जिससे खेल प्रशासन के विकेंद्रीकरण की प्रक्रिया कमजोर हो जाती है। उनकी सबसे बड़ी चिंता हालांकि आईओए और राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) की स्वायत्तता को लेकर है। विधेयक के प्रस्ताव में भारतीय खेल नियामक बोर्ड के गठन का जिक्र है जो उनके कामकाज की देखरेख करेगा। यह शासन को मजबूत कर सकता है और भ्रष्टाचार या कुप्रबंधन जैसे प्रशासनिक मुद्दों को रोक सकता है लेकिन इससे खेल निकायों, खासकर आईओए, एनएसएफ और एसओए की स्वायत्तता की चिंता बढ़ जाएगी। ऐतिहासिक रूप से इन संगठनों की स्वायत्तता अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रशासन में एक प्रमुख सिद्धांत रही है। आईओसी विशेष रूप से राष्ट्रीय ओलंपिक समितियों की स्वतंत्रता और सरकारी हस्तक्षेप को लेकर काफी सख्त है।

उषा गुरुवार को मांडविया द्वारा आयोजित हितधारकों की बैठक में मौजूद थी। मसौदा विधेयक को 25 अक्टूबर तक जनता की प्रतिक्रिया के लिए रखा गया है। इसे लंबे समय से कार्यरत अधिकांश प्रशासकों का समर्थन मिला है। विधेयक में पदाधिकारियों की आयु और कार्यकाल की सीमा में ढील देने का प्रावधान है।

## सैफ फुटबॉल में भारत ने पाकिस्तान को हराया

**काठमांडू।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने पाकिस्तान को 5-2 से हराकर कर सैफ महिला चैंपियनशिप 2024 अभियान की रोमांचक शुरुआत की है। भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने गुरुवार को दशरथ स्टेडियम पर खेले गए मैच में आक्रामक क्षमता का प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान पर 5-2 से शानदार जीत दर्ज की।

ग्रेस डांगमेई ने पांचवें और 42वें मिनट में दो गोल करके भारत की ओर से बढ़त बनाई। मनीषा कल्याण ने 17वें मिनट में एक और गोल किया। इसके बाद बाला देवी ने 35वें मिनट में एक शानदार फ्री-किक पर गोल करके अपने अंतर्राष्ट्रीय गोलों की संख्या 50 तक पहुंचाने के साथ वह यह उपलब्धि हासिल करने वाली पहली भारतीय महिला बन गईं।

## सेमीफाइनल में अल्कराज से हारे नडाल


रियाद, एजेंसी

राफेल नडाल सिक्स किंग्स स्लैम प्रदर्शनी टेनिस प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में स्पेन के अपने साथी खिलाड़ी कार्लोस अल्कराज से 6-3, 6-3 से हार गए लेकिन उन्होंने कहा कि वह डेविस कप के लिए पूरी तरह तैयार हैं जो उनके करियर का अंतिम टूर्नामेंट भी होगा।

विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर ने दूसरे सेमीफाइनल में नोवाक जोकोविच को 6-2, 6-7 (0), 6-4 से हराया। सऊदी अरब का टेनिस में यह नया प्रयोग है। इस प्रतियोगिता में पुरस्कार राशि मिलती है लेकिन एटीपी रैंकिंग अंक नहीं मिलते हैं। नडाल पहले ही घोषणा कर चुके हैं कि वह डेविस कप फाइनल खेलने के बाद टेनिस को अलविदा कह देंगे। यह स्टार खिलाड़ी अपनी तैयारी से संतुष्ट हैं।

उन्होंने कहा एक महीने के अंदर मुझे डेविस कप में खेलना है इसलिए प्रत्येक दिन मेरे लिए बेहतर बनने और अपने टेनिस करियर के इस अंतिम टूर्नामेंट के लिए तैयार रहने का अवसर है। मैं अपनी तैयारी से खुश हूं। नडाल शनिवार को तीसरे स्थान के मैच में जोकोविच से भिड़ेंगे जबकि फाइनल में सिनर का सामना अल्कराज से होगा।

सिक्स किंग्स स्लैम



जीत दर्ज करने के बाद दर्शकों का अभिवादन करते कार्लोस अल्कराज ● एजेंसी

## खेल डायरी

### बीसीबी ने प्रमुख कोच हथरुसिंघे को हटाया

**ढाका।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने टीम के प्रमुख कोच चंडिका हथरुसिंघे को दो दिन पहले हुए निलंबन के बाद पद से हटा दिया है। यह निलंबन मैदान पर मौजूद उनके व्यवहार और रोजगार शर्तों के उल्लंघन के आधार पर किया गया है। बीसीबी के अध्यक्ष फारूक़ अहमद ने मंगलवार को कहा कि हथुरुसिंघे ने बंगलादेश के एक क्रिकेटर के साथ मारपीट की और अपने अनुबंध में उल्लेखित से अधिक छुट्टियां लीं। बोर्ड ने उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी कर कदाचार के दो मामलों पर स्पष्टीकरण मांगा था। हथुरुसिंघे ने अगले दिन प्रतिक्रिया दी जिसके बाद गुरुवार को स्थिति की समीक्षा के लिए एक आपातकालीन बोर्ड बैठक बुलाई गई। बीसीबी ने कहा सभी कारकों पर विचार करने के बाद बोर्ड ने हथुरुसिंघे के स्पष्टीकरण को असंतोषजनक और अस्वीकार्य माना। उनकी बर्खास्तगी तत्काल प्रभाव से लागू होती है।

### भारतीय टीम ने सुल्तान जोहोर कप में जापान को हराया

**जोहोर (मलेशिया)।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम शनिवार को यहां 12वें सुल्तान जोहोर कप के शुरुआती मैच में जापान से भिड़ेगी तो उसका लक्ष्य पूर्व दिग्गज गोलकीपर और अपने सम्मानित कोच पीआर श्रीजेश से प्रेरणा लेना होगा। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता श्रीजेश के लिए कोच के तौर पर यह पहला कार्यकाल होगा। उन्होंने इस साल अगस्त में पेरिस ओलंपिक के बाद खिलाड़ी के तौर पर खेल को अलविदा कहा था। भारत ने मई 2023 में जूनियर एशिया कप में अपने आखिरी मुकाबले में जापान पर 3-1 से जीत हासिल की और 2022 के सुल्तान जोहोर कप में भी इस टीम को 5-1 से हराया था। कप्तान आमिर अली ने कहा टीम नए मुख्य कोच पीआर श्रीजेश के नेतृत्व में अच्छी ट्रेनिंग कर रही है और हम उनके साथ अपना पहला टूर्नामेंट खेलने के लिए उत्साहित हैं। पिछली बार जर्मनी से हारने के बाद, हम अपने खिताब का बचाव नहीं कर सके थे। इस बार हमारी तैयारी अच्छी है और हम प्रतियोगिता में किसी भी टीम से मुकाबला करने के लिए तैयार हैं। जापान के बाद भारतीय टीम 20 अक्टूबर को ग्रेट ब्रिटेन, 22 अक्टूबर को मेजबान मलेशिया और फिर 23 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया से खेलेगी।

### एरिगैसी ने डब्ल्यूआर शतरंज मास्टर्स का खिताब जीता

**लंदन।** भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी ने डब्ल्यूआर शतरंज मास्टर्स के फाइनल में फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव को हराकर खिताब अपने नाम किया। एरिगैसी ने क्लासिक शतरंज में दो ड्रॉ मुकाबलों के बाद आर्मागेडन गेम में फ्रांस के खिलाड़ी को पछाड़ा। एरिगैसी ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान लय बरकरार रखते हुए शानदार खेल दिखाया। उन्होंने इस जीत से पुरस्कार के तौर पर 20000 यूरो (लगभग 18.23 लाख रुपये) हासिल किये। उन्होंने इस नॉक आउट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में अपने दोस्त आर प्रज्ञानानंदा को शिकस्त दी थी। सोलह खिलाड़ियों के टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में एरिगैसी ने इंग्लैंड की नौ साल खिलाड़ी शिवानंदा बोधाना को शिकस्त दी। शिवानंदा हाल ही शतरंज ओलंपियाड का हिस्सा बनने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बनीं थी। एरिगैसी ने इसके बाद अगले दो दौर में क्रमश: विदित गुजराती और प्रज्ञानानंदा को एक समान 1.5-0.5 के अंतर से हराया। वाचिएर-लाग्रेव ने फाइनल में विश्व रैंकिंग में चौथे पायदान पर काबिज एरिगैसी को कड़ी टक्कर दी लेकिन आर्मागेडन गेम में पिछड़ गए। इस जीत के साथ एरिगैसी 2800 ईएलओ रेटिंग हासिल करने के करीब पहुंच गए हैं।

### पहली कश्मीर मैराथन के लिए तैयारियां पूरी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में 20 अक्टूबर को होने वाली पहली कश्मीर मैराथन के लिए तैयारियां पूरी की ली गई है। मैराथन में अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय प्रतिभागियों सहित लगभग 2,000 धावक भाग लेंगे। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि जम्मू-कश्मीर पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित इस मैराथन के क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक आयोजन होने की उम्मीद है जिसमें दुनिया भर के एथलीट भाग लेंगे। पर्यटन प्रचार कश्मीर की उप निदेशक दीबा खालिद ने आज श्रीनगर में मीडिया को बताया हमारे पास यूरोप, मध्य पूर्व और अफ्रीका के प्रतिभागियों सहित 60 अंतरराष्ट्रीय धावक हैं साथ ही भारत के शीर्ष पेशेवर भी हैं। मैराथन में दो श्रेणियां होंगी जिनमें 42 की एक पूर्ण मैराथन और 21 किलोमीटर की एक हाफ मैराथन है। कुल पुरस्कार राशि तीन करोड़ रुपये होगी। यह मैराथन पोलो व्यू से शुरू होगी और प्रतिष्ठित बुलेवार्ड और फोरशोर रोड के साथ-साथ जारी रहेगी एवं हजरतबल के रास्ते में डल झील से होकर गुजरेगी। इस आयोजन में सुनील शेट्टी, साइना नेहवाल और अनिल अंबानी सहित कई हस्तियों के भाग लेने की उम्मीद है।

# तीसरे दिन भारत ने किया पलटवार

## भारत ने दूसरी पारी में बनाए तीन विकेट पर 231 रन, विराट, रोहित और सरफराज के अर्धशतक

**9,000** रन टेस्ट क्रिकेट में पूरे करने वाले चौथे भारतीय बने विराट कोहली



**विराट कोहली**

**70** रन

**102** गेंद

**8/1** चौके/छक्के

टेस्ट में 9,000 रन सबसे कम पारियों में पूरे करने वाले भारतीय

| | |
|---|---|
| 176 | राहुल द्रविड़ |
| 179 | सचिन तेंदुलकर |
| 192 | सुनील गावस्कर |
| 196 | विराट कोहली |

बेंगुलरु, एजेंसी

सरफराज खान (नाबाद 70), विराट कोहली (70) और कप्तान रोहित शर्मा (52) के अर्धशतक की मदद से भारत ने पहले टेस्ट मैच की दूसरी पारी में तीन विकेट पर 231 रन बना लिये है। हालांकि न्यूजीलैंड से 125 रन पीछे होने के कारण दिन की आखिरी गेंद पर विराट का विकेट खोने से भारत की मैच में वापसी को झटका लगा।

न्यूजीलैंड के पहली पारी में 402 रन के जवाब में दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने मैदान पर उतरी भारतीय टीम ने इस बार संभलकर शुरुआत की। यशस्वी जायसवाल और रोहित शर्मा की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 72 रन जोड़े। 18वें ओवर की पहली गेंद पर एजाज पटेल ने यशस्वी जायसवाल (35) को ब्लंडल के हाथों स्टंप आउट करा न्यूजीलैंड को पहली सफलता दिलाई। नए बल्लेबाज विराट कोहली ने कप्तान का साथ देते हुए टीम के स्कोर को 95 रन तक पहुंचाया जहां एक बार फिर पटेल ने अपना कारनामा दिखाते हुए रोहित को बोल्ड आउट कर भारत को दूसरा झटका दे दिया। रोहित ने 63 गेंदों में शानदार 52 रन बनाए। तीसरे विकेट के लिए विराट को सरफराज खान ने अपना पूरा सहयोग दिया और टीम के स्कोर को 231 रनों तक पहुंचाया दिया। खेल समाप्ति के समय में फिलिप्स की आखिरी गेंद पर विराट ब्लंडल के हाथों में कैच थमा बैठे। सरफराज ने 78 गेंदों में 70 रन बनाकर नाबाद रहे। इससे पहले भारत पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन शुक्रवार को न्यूजीलैंड की पहली पारी को 402 के स्कोर पर रोक दिया। सिराज ने टिम साउदी (65) को आउटकर किया। कुलदीप ने रचिन (134) को आउट कर न्यूजीलैंड की पहली पारी का 402 पर अंत कर दिया।



विराट का विकेट लेने के बाद जश्न मनाते फिलिप्स व अन्य खिलाड़ी। ● एजेंसी

### कोहली के 15,000 रन पूरे

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 15,000 रन पूरे कर लिए और ऐसा करने वाले वो दुनिया के तीसरे बल्लेबाज बन गए। इससे पहले ऐसा कमाल नंबर तीन पर खेलते हुए रिकी पोंटिंग और कुमार संगकारा ने किया था। यही नहीं कोहली नंबर तीन पर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले तीसरे बल्लेबाज हैं जबकि पोंटिंग पहले और संगकारा दूसरे नंबर पर हैं।

### नंबर तीन पर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज

| रन | खिलाड़ी | मैच |
|---|---|---|
| 22,869 | रिकी पोंटिंग | 540 |
| 22,011 | कुमार संगकारा | 468 |
| 15,696 | केन विलियमसन | 337 |
| 15,009 | विराट कोहली | 316 |
| 14,555 | राहुल द्रविड़ | 329 |
| 11,236 | जैक कैलिस | 283 |

### टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्ले

| रन | खिलाड़ी | औसत |
|---|---|---|
| 15,921 | सचिन तेंदुलकर | 53.78 |
| 13,288 | राहुल द्रविड़ | 52.31 |
| 10,122 | सुनील गावस्कर | 51.12 |
| 9,000 | विराट कोहली | 48.90 |
| 8,586 | वीरेंद्र सहवाग | 49.34 |

### स्कोर बोर्ड

**भारत पहली पारी: 46 रन**

**न्यूजीलैंड पहली पारी: 402/10** (91.3 ओवर)

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| टॉम लाथम पगबाधा बो कुलदीप | 15 | 49 | 3/0 |
| डेवोन कोंवे बो अश्विन | 91 | 105 | 11/3 |
| विल यंग का कुलदीप बो जडेजा | 33 | 73 | 5 0 |
| रचिन रविंद्र का जुरेल बो कुलदीप | 134 | 157 | 13/4 |
| डेरिल मिचेल का जायसवाल बो सिराज | 18 | 49 | 2/0 |
| टॉम ब्लंडल का राहुल बो बुमराह | 5 | 8 | 1/0 |
| ग्लेन फिलिप्स बो जडेजा | 14 | 18 | 1/1 |
| मैट हेनरी बो जडेजा | 8 | 9 | 2/0 |
| टिम साउदी का जडेजा बो सिराज | 65 | 73 | 5/4 |
| एजाज पटेल पगबाधा कुलदीप | 4 | 8 | 1/0 |
| विलियम ओ राउर्के नाबाद | 0 | 1 | 0/0 |

अतिरिक्त: 15, गेंदबाजी : बुमराह 19-7-41-1, सिराज 18-2-84-2, अश्चिन 16-1-94-1, कुलदीप 18.3-1-99-3, जडेजा 20-1-72-3

**भारत दूसरी पारी: 231/3** (49 ओवर)

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल स्टं. ब्लंडल बो पटेल | 35 | 52 | 6/0 |
| रोहित शर्मा बो पटेल | 52 | 63 | 8/1 |
| विराट कोहली का ब्लंडल बो फिलिप्स | 70 | 102 | 8/1 |
| सरफराज खान नाबाद | 70 | 78 | 7/3 |

अतिरिक्त: 4, गेंदबाजी: साउथी 7-1-22-0, हेनरी 11-1-52-0, ओ राउर्के 11-1-48-0, पटेल 12-2-70-2, फिलिप्स 8-1-36-1

### तीसरे दिन नहीं खेले पंत

**बेंगलुरु।** ऋषभ पंत न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में घुटने में चोट लगने के कारण तीसरे दिन नहीं खेले। तीसरे दिन का खेल शुरू होने से कुछ देर पहले यह जानकारी दी। बीसीसीआई की चिकित्सा टीम उनकी प्रगति पर निगरानी रखे हुए है।

## लियोनेल मेस्सी को पहला मार्का अमेरिका पुरस्कार

**फोर्ट लॉडरडेल।** अमेरिकी क्लब इंटर मियामी की तरफ से खेलने वाले अर्जेंटीना के फुटबॉल स्टार लियोनेल मेस्सी को पहले मार्का अमेरिका पुरस्कार से सम्मानित किया है। यह पुरस्कार स्पेन स्थित मीडिया कंपनी देती है जो मेस्सी की कई उपलब्धियों में एक नई उपलब्धि है। उन्होंने क्लब या देश के लिए रिकॉर्ड 46 ट्रॉफियां जीती हैं और व्यक्तिगत स्तर पर कम से कम 56 अन्य पुरस्कार हासिल किए हैं। इंटर मियामी के घरेलू मैदान चेस स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अर्जेंटीना के सुपरस्टार ने स्पेनिश में कहा यह सफर काफी लंबा रहा है। इस दौरान हमने बहुत सी खूबसूरत चीजों का अनुभव किया है लेकिन इस बीच कुछ विषम पल भी आए। इस 20 वर्ष के सफर में सब कुछ अनुकूल नहीं रहा। आपको हर समय जीत नहीं मिल सकती है। मेस्सी की अगुवाई में अर्जेंटीना ने 2022 में विश्व कप जीता था जिसे यह स्टार फुटबॉलर अपने करियर का सबसे बड़ा पुरस्कार मानता है।



मैच के दौरान लियोनेल मेस्सी ● एजेंसी

## पाकिस्तान ने इंग्लैंड को 152 रन से हराया

मुल्तान (पाकिस्तान), एजेंसी

- **पाकिस्तान के नोमान और साजिद ने लिए 20 विकेट**
- **लगातार छह हार के बाद पाकिस्तान को मिली जीत**

नोमान अली और साजिद खान ने स्पिनरों की मददगार पिच पर सभी 20 विकेट लिए जिससे पाकिस्तान ने दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में इंग्लैंड को शुक्रवार को यहां 152 रन से हराकर घरेलू धरती पर लंबे समय से मिली जीत का इंतजार को खत्म किया।

बाएं हाथ के स्पिनर नोमान ने दूसरी पारी में 46 रन देकर आठ विकेट लिए और इस तरह से मैच में 11 विकेट हासिल किये। उनकी शानदार गेंदबाजी के दम पर पाकिस्तान ने इंग्लैंड को दूसरी पारी में मैच के चौथे दिन पहले सत्र में ही 144 रन पर आउट कर दिया। पहली पारी में 111 रन देकर सात विकेट लेने वाले ऑफ स्पिनर साजिद ने दूसरी पारी में 93 रन दे कर दो विकेट लिए। इन दोनों स्पिनर की कमाल की गेंदबाजी से 297 के मुश्किल लक्ष्य का पीछा करने के लिए उतरी इंग्लैंड की टीम ताश के पत्तों की तरह बिखर गई। शान मसूद की कप्तान के रूप में यह पहली जीत है। पिछले साल टेस्ट टीम का कप्तान बनने के बाद उन्हें लगातार छह मैच में हार का सामना करना पड़ा था। इस जीत से पाकिस्तान का घरेलू धरती पर पिछले 11 मैच से जीत नहीं दर्ज कर पाने का सिलसिला भी टूट गया।



जीत का जश्न मनाते पाकिस्तान के खिलाड़ी। ● एजेंसी

## हिमांशु के शतक से हरियाणा मजबूत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**रणजी ट्रॉफी: दूसरा चरण**

**अमृत विचार :** हिमांशु राणा (114) के शानदार शतक की बदौलत हरियाणा ने यूपी के खिलाफ रणजी ट्रॉफी के ग्रुप सी मैच के पहले दिन 6 विकेट पर 242 रन बनाये। शिवम शर्मा ने तीन विकेट लेकर यूपी को मैच में वापसी कराई। पहले दिन का खेल खत्म होने पर धीरू सिंह 25 रन और सुमित कुमार बिना खाता खोले पिच पर मौजूद है।

स्पोर्ट्स गैलेक्सी क्रिकेट ग्राउंड पर हरियाणा ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। दस रन के योग पर हरियाणा का पहला पहला विकेट लक्ष्य (9) का गिरा। यूपी के गेंदबाज यश ने उनकी गिल्लियां बिखेर दी। 25 रन के योग पर ही मयंक शांडिल्य (5) के रूप में गिरा। इसके बाद विकेट पर पहुंचे हिमांशु रणा और अंकित कुमार ने सूझबूझ भरी बल्लेबाजी की। दोनों के बीच 178 रनों की साझेदारी हुई। अंकित ने 77 रन बनाये। शतकीय पारी खेलने वाले हिमांशु राणा ने 176 गेंदों का सामना किया और 114 रन बनाये। 215 रनों के योग पर अंकित का विकेट सौरभ कुमार ने लिया। सौरभ की गेंद पर एसडी नाथ ने उनका कैच लपका। कपिल हुड्डा बिना खाता खोले और जयंत यादव 9 रन बना कर आउट हो गये। यूपी की ओर से शिवम शर्मा ने 23 ओवर में 46 रन देकर 3 विकेट चटकाए।



यूपी के खिलाफ शतक लगाने वाले बल्लेबाज हिमांशु राणा।

### तमिलनाडु से साई सुदर्शन का दोहरा शतक

**नई दिल्ली।** साई सुदर्शन (नाबाद 202) के दोहरे शतक और वॉशिंगटन सुंदर (नाबाद 96) की बेहतरीन पारी की मदद से तमिलनाडु ने शुक्रवार को रणजी ट्रॉफी के दूसरे चरण में ग्रुप डी के मुकाबले में दिन का खेल समाप्त होने तक एक विकेट पर 379 के स्कोर के साथ मैच पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली है। आज यहां दिल्ली ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी तमिलनाडु के लिए साई सुदर्शन और कप्तान नारायण जगदीशन की सलामी जोड़ी ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिये 168 रन जोड़े। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए वॉशिंगटन सुंदर ने दिन का खेल समाप्त होने तक (नाबाद 96) रन बना लिये है। वहीं साई सुदर्शन ने 23 चौके और एक छक्का लगाते हुए (नाबाद 202) दोहरा शतक ठोकते हुए तमिलनाडु को 379 स्कोर के साथ मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया है।

## बॉलीवुड हलचल



### फिल्म इमरजेंसी को मिला सेंसर सर्टिफिकेट

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत अभिनीत, निर्मित और निर्देशित बहुप्रतीक्षित फिल्म इमरजेंसी को आधिकारिक तौर पर सेंसर सर्टिफिकेट मिल गया है। जी स्टूडियोज और मणिकर्णिका फिल्म्स द्वारा निर्मित, इमरजेंसी की कहानी वर्ष 1975 पर आधारित है, जब भारत में इमरजेंसी लागू हुई थी। इस फिल्म में कंगना, इंदिरा गांधी के किरदार में नजर आयेंगी। इमरजेंसी पहले 6 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी। इमरजेंसी को अब आधिकारिक तौर पर सेंसर सर्टिफिकेट मिल गया है। सोशल मीडिया पर खबर साझा करते हुए कंगना ने कहा, हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि हमें अपनी फिल्म इमरजेंसी के लिए सेंसर सर्टिफिकेट मिल गया है। हम जल्द ही रिलीज की तारीख की घोषणा करेंगे। फिल्म इमरजेंसी में कंगना रनौत के अलावा अनुपम खेर, महिमा चौधरी, मिलिंद सोमन, श्रेयस तलपड़े, विशाक नायर और दिवंगत सतीश कौशिक भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

### जिगरा ने पहले सप्ताह 22 करोड़ की कमाई की

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट की फिल्म जिगरा ने अपने पहले सप्ताह में भारतीय बाजार में 22 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई कर ली है। फिल्म जिगरा में आलिया भट्ट के साथ वेदांग रैना की भी अहम भूमिका है। फिल्म जिगरा, 11 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुयी है। फिल्म जिगरा का निर्देशन वसन बाला ने किया है। इस फिल्म को वायकॉम 18 स्टूडियोज, धर्मा प्रोडक्शन और एटरनल सनशाइन प्रोडक्शंस ने मिलकर पेश किया है। इस फिल्म के निर्माता करण जौहर, अपूर्व मेहता, आलिया भट्ट, शाहीन भट्ट और सोमेन मिश्रा हैं। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार फिल्म जिगरा ने पहले दिन 4.55 करोड़, दूसरे दिन 6.55 करोड़, तीसरे दिन 5.5 करोड़, चौथे दिन 1.65 करोड़, पांचवे दिन 1.6 करोड़, छठे दिन 1.35 करोड़ और सातवें दिन 1.21 करोड़ की कमाई की है। इस तरह फिल्म जिगरा अपने पहले सप्ताह में सात दिनों में 22 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई कर चुकी है।



### होम्बले फिल्म्स की फिल्म बघीरा का पहला गाना रुधिरा धारा रिलीज

मुंबई। होम्बले फिल्म्स की अगली फिल्म बघीरा का पहला गाना ''रुधिरा धारा'' रिलीज हो गया है। फिल्म बघीरा के जबरदस्त टीजर से दर्शकों को प्रभावित करने के बाद, होम्बले फिल्म्स ने इस फिल्म का पहला गाना रुधिरा धारा को रिलीज कर दिया है। इस गाने का संगीत अजनीश लोकनाथ ने तैयार किया है, जबकि गाने को अनिरुद्ध शास्त्री ने अपनी आवाज से सजाया है। ट्रैक में एक्शन और थ्रिल के जबरदस्त नजर दिखाएं गए हैं, और विजुअल्स भी बेहद खूबसूरत हैं। गाने में श्रीमुरली बेहद कमाल के लग रहे हैं और उन्हें देख सुपरहीरो की वाईब्स आ रही है। गाने से पता चलता है कि बघीरा, होम्बले फिल्म्स की एक सुपरहीरो फिल्म होगी, जो इस एक्शन से भरपूर फिल्म के साथ एक नया जॉनर लेकर आएगी। केजीएफ और सलार : पार्ट 1- सीजफायर के बाद यह होम्बले फिल्म्स का प्रशांत नील के साथ अगला प्रोजेक्ट है। होम्बले फिल्म्स की फिल्म बघीरा डॉ. सूरी ने निर्देशित किया है, और प्रशांत नील ने इसे लिखा है। यह फिल्म 31 अक्टूबर को रिलीज होगी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## फैलेगा प्रदूषण



फसलों के उत्पादन और उसे बाजार तक पहुंचाने के बाद किसान बचे हुए अवशेष यानी कि पराली में आग लगा देते हैं। इसके कई हानिकारक प्रभाव देखने को मिलते हैं। अमृतसर के बाहरी इलाके में पराली जलाता किसान।

## प्रधानमंत्री मोदी ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में होंगे शामिल

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के निमंत्रण पर 22-23 अक्टूबर को रूस की यात्रा करेंगे। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की 16वीं बैठक रूस के कजान में आयोजित की जाएगी। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी किए गए एक बयान में बताया गया कि प्रधानमंत्री मोदी रूस की अपनी यात्रा के दौरान ब्रिक्स के सदस्य देशों के अपने समकक्षों और कजान में आमंत्रित नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी कर सकते हैं। ब्रिक्स के इस साल के शिखर सम्मेलन का विषय वैश्विक विकास और सुरक्षा के लिए बहुपक्षवाद को मजबूत करना है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि यह सम्मेलन नेताओं को दुनिया के प्रमुख मुद्दों पर चर्चा करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगा।

# दुनिया की एक अरब आबादी घोर गरीबी में जी रही

- संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में खुलासा भारत में 23.4 करोड़ लोग गरीब

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी**

दुनिया में एक अरब से भी ज्यादा लोग घोर गरीबी में जीवन यापन कर रहे हैं और इनमें से आधे बच्चे हैं जबकि करीब 40 ऐसे लोग संघर्ष वाले या अस्थिर देशों में रह रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) और ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय की ऑक्सफोर्ड गरीबी एवं मानव विकास पहल द्वारा जारी रिपोर्ट में कहा गया कि 83 प्रतिशत से अधिक गरीब लोग ग्रामीण इलाकों में रहते हैं और इन लोगों के इतने प्रतिशत ही उप-सहारा अफ्रीका और दक्षिण एशिया में रहते हैं। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम और ऑक्सफोर्ड



2010 से ही हर साल बहु आयामी गरीबी सूचकांक जारी कर रहे हैं जिनमें स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवनस्तर सहित 10 संकेतकों को आधार बनाया जाता है। इस साल के सूचकांक में दुनिया के 112 देशों के आंकड़ों का विश्लेषण किया गया जिनमें दुनिया की 6.3 अरब आबादी निवास करती है। सूचकांक के मुताबिक 1.1 अरब लोग घोर गरीबी में जीवन यापन कर रहे हैं जिनमें से करीब आधे पांच देशों भारत (23.4 करोड़), पाकिस्तान (9.3 करोड़), इथियोपिया (8.6 करोड़), नाइजीरिया (7.4 करोड़) और कांगो (6.6 करोड़) में निवास करते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक घोर गरीबी में रह रहे लोगों में करीब आधे यानी 58.4 करोड़ बच्चे हैं जिनकी उम्र 18 साल से कम है। उनमें से 31.7 करोड़ लोग उप सहारा अफ्रीका में रहते हैं जबकि 18.4 करोड़ लोगों का निवास स्थान दक्षिण एशिया है।

### संघर्ष के बीच गरीबी पर केंद्रित है रिपोर्ट

यूएनडीपी और ऑक्सफोर्ड ने कहा कि इस वर्ष की रिपोर्ट संघर्ष के बीच गरीबी पर केंद्रित है, क्योंकि 2023 में द्वितीय विश्व युद्ध के बाद सबसे अधिक संघर्ष हुए और युद्ध, आपदाओं और अन्य कारकों के कारण अब तक की सबसे अधिक संख्या यानी 11.7 करोड़ लोगों को अपने घरों को छोड़कर विस्थापित होना पड़ा। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम कार्यालय के निदेशक पेड्रो कॉन्सेकाओ ने बताया, पहली बार वैश्विक एमपीआई आंकड़ों के साथ संघर्ष के आंकड़ों को मिलाकर तैयार की गई रिपोर्ट उन लोगों की कठिन वास्तविकताओं को उजागर करती है जो एक साथ संघर्ष और गरीबी का सामना कर रहे हैं।

## एक नजर

### जापान में महसूस किये गये भूकंप के मध्यम झटके

**बीजिंग।** जापान के नोडा से 48 किलोमीटर उत्तर पूर्व में शुक्रवार को भूकंप के मध्यम झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5.1 मापी गयी। अमेरिका के भूगर्भीय सर्वेक्षण के अनुसार आज चार बजकर 38 मिनट (जीएमटी) पर आये भूकंप का केंद्र प्रारंभिक जानकारी के अनुसार 40.30 डिग्री उत्तरी आक्षांश और 142.33 डिग्री पूर्वी देशांतर के बीच जमीन से 63.4 किलोमीटर की गहराई पर था।

### 10 साल के बच्चों के लिए जेल की सजा का प्रावधान फिर शुरू

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के नादर्न टेरिटेरी(एनटी) में सरकार ने आपराधिक जिम्मेदारी की उम्र कम कर दी है जिससे 10 साल की उम्र के बच्चों को जल्द ही फिर से जेल भेजा जा सकता है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार ऑस्ट्रेलियाई राज्यों और क्षेत्रों पर अन्य विकसित देशों और संयुक्त राष्ट्र की सलाह के अनुसार इसे 10 से बढ़ाकर 14 वर्ष करने का दबाव है। पिछले साल एनटी 12 साल की उम्र तक की सीमा को बढ़ाने वाला पहला क्षेत्र बन गया था, लेकिन अगस्त में निर्वाचित नयी कंट्री लिबरल पार्टी (सीएलपी) सरकार ने कहा है कि युवा अपराध दर को कम करने के लिए इसे उलटना आवश्यक है।

### हैरिस-टिम वाल्ज को वोट दूंगा का वीडियो जारी किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका के प्रमुख चुनावी राज्यों में दक्षिण एशियाई मतदाताओं को एकजुट करने के मकसद से डेमोक्रेटिक पार्टी के एक भारतीय-अमेरिकी समर्थक ने मैं कमला हैरिस-टिम वाल्ज को वोट दूंगा शीर्षक से वीडियो जारी किया है। बॉलीवुड से प्रेरित इस वीडियो का संगीत फिल्म रोजा के प्रसिद्ध गीत दिल है छोटा सा, छोटी सी आशा पर आधारित है, जिसका उद्देश्य मिशिगन, पेंसिल्वेनिया, विस्कॉन्सिन, जॉर्जिया, नेवादा, एरिजोना और उत्तरी कैरोलाइना में दक्षिण एशियाई मतदाताओं को एकजुट करना है।

### रूस की सहायता के लिए उत्तर कोरिया ने भेजे सैनिक

**सियोल।** दक्षिण कोरियाई खुफिया एजेंसियों ने पता लगाया है कि यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में रूस की सहायता के लिए उत्तर कोरिया ने अपने 12,000 सैनिक भेजे हैं। इनमें विशेष अभियानों को अंजाम देने में सक्षम टुकड़ी भी शामिल हैं। योनहाप समाचार एजेंसी ने शुक्रवार को अपनी खबर में यह जानकारी दी। योनहाप ने राष्ट्रीय खुफिया सेवा (एनआईएस) के हवाले से बताया कि उत्तर कोरियाई सैनिक रूस की सहायता के लिए पहले ही रवाना हो चुके हैं।

### दुष्कर्म की घटना के विरोध में दो दिन के लिए स्कूल बंद

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब प्रांत में अधिकारियों ने शुक्रवार को सभी कॉलेज और विश्वविद्यालयों को दो दिन के लिए बंद करनने की घोषणा की। अधिकारियों ने यह कदम एक निजी कॉलेज के परिसर में हुए कथित दुष्कर्म के विरोध में छात्रों द्वारा किए जा रहे प्रदर्शन को फैलने से रोकने के लिए उठाया है। पूर्वी शहर लाहौर में कथित दुष्कर्म की खबर सोशल मीडिया पर फैलने के बाद से कॉलेज परिसरों में तनाव बढ़ गया है और चार शहरों में विरोध प्रदर्शन हुए हैं। पंजाब प्रांत के गुजरात में छात्रों और पुलिस के बीच झड़प में एक की मौत हो गई।

# रॉ ने रची थी पन्नू की हत्या की साजिश

## अमेरिका का आरोप- प्रधानमंत्री मोदी की राजकीय यात्रा के दौरान हुआ था प्रयास

- अधिकारी की पहचान 39 वर्षीय विकास यादव के रूप में की गई

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका में एक भारतीय रॉ अधिकारी पिछले साल गर्मियों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की देश की राजकीय यात्रा के दौरान एक सिख अलगाववादी की हत्या की साजिश में शामिल था। संघीय अभियोजकों ने गुरुवार को न्यूयॉर्क की एक अमेरिकी अदालत में दायर एक अभियोग में यह आरोप लगाया। संघीय अभियोजकों ने दावा किया कि अधिकारी की पहचान 39 वर्षीय विकास यादव के रूप में हुई है। यादव कैबिनेट सचिवालय में कार्यरत था जहां भारत की विदेशी खुफिया सेवा अनुसंधान एवं विश्लेषण विंग (रॉ) का मुख्यालय है। यादव अब सरकारी कर्मचारी नहीं है। उस पर तीन आरोप लगाए गए हैं, जिनमें भाड़े के अपराधियों की मदद से हत्या को अंजाम देने का प्रयास और धन शोधन की साजिश शामिल है। न्याय विभाग ने कहा कि यादव अब भी फरार है। उसके साथ इस साजिश में शामिल सहआरोपी निखिल गुप्ता को पिछले वर्ष चेकोस्लोवाकिया में गिरफ्तार किया गया था तथा प्रत्यर्पण के बाद वह अमेरिकी जेल में बंद है। अमेरिकी अटॉर्नी जनरल मेरिक बी. गारलैंड ने कहा, आज के आरोप दर्शाते हैं कि न्याय विभाग अमेरिकियों को निशाना बनाने और उन्हें खतरे में डालने तथा प्रत्येक अमेरिकी नागरिक के अधिकारों को कमजोर करने के प्रयासों को बर्दाश्त नहीं करेगा। एफबीआई निदेशक क्रिस्टोफर रे ने कहा आरोपी एक भारतीय सरकारी कर्मचारी है। उसने कथित तौर पर एक आपराधिक सहयोगी के साथ मिलकर साजिश रची और संविधान के प्रथम संशोधन अधिकारों का प्रयोग कर अमेरिकी धरती पर एक अमेरिकी नागरिक की हत्या का प्रयास किया। भारत सरकार ने अमेरिकी धरती पर किसी अमेरिकी नागरिक की हत्या की ऐसी किसी साजिश में अपनी संलिप्तता से इनकार किया है।



### मिलर ने कहा- वह भारत सरकार का कर्मचारी नहीं

मिलर ने कहा गुरुवार को हुई बैठक में हमने जांच समिति के सदस्यों को अमेरिका द्वारा की जा रही जांच के बारे में जानकारी दी। हमें उनके द्वारा की जा रही जांच के बारे में जानकारी मिली है। यह एक सार्थक बैठक थी। उन्होंने कहा उन्होंने हमें बताया कि जिस व्यक्ति का नाम न्याय विभाग के अभियोग में था, अब वह भारत सरकार का कर्मचारी नहीं है। गुरुवार को जारी 18 पन्नों के अभियोग पत्र में यादव की सैन्य पोशाक में एक तस्वीर है और न्यूयॉर्क में एक कार में दो व्यक्तियों द्वारा डॉलर का आदान-प्रदान करने की तस्वीर भी है, जिसके बारे में संघीय अभियोजकों कहना है कि इस तस्वीर में दिख रहा व्यक्ति गुप्ता और यादव की ओर से न्यूयॉर्क में सिख अलगाववादी नेता की हत्या के लिए कथित हत्यारे को पैसे दे रहा था।

### अभियोग पत्र में सिख अलगाववादी का नाम नहीं लिखा गया

अभियोग पत्र में अमेरिकी नागरिक एवं सिख अलगाववादी का नाम नहीं लिखा गया है। न्याय मंत्रालय द्वारा अभियोग जारी किए जाने के बाद अलगाववादी सिख फॉर जस्टिस के महाधिवक्ता गुरपतवंत सिंह पन्नू ने एक बयान में कहा रॉ अधिकारी विकास यादव पर भाड़े की हत्या की साजिश का आरोप लगाकर अमेरिकी सरकार ने देश और विदेश में अमेरिकी नागरिकों के जीवन, स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की रक्षा करने के मौलिक संवैधानिक कर्तव्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को फिर से दोहराया है। अभियोग में आरोप लगाया गया है कि यादव ने निखिल गुप्ता के साथ मिलकर 2023 की गर्मियों में सिख अलगाववादी नेता की हत्या की साजिश रची थी। गुप्ता ने भाड़े पर एक व्यक्ति को इस हत्या को अंजाम देने का काम सौंपा था। अज्ञात व्यक्ति एफबीआई का मुखबिर था, जिसने इस काम के लिए 1,00,000 अमेरिकी डॉलर मांगे थे और नौ जून, 2023 को अग्रिम भुगतान के रूप में उसे 15,000 अमेरिकी डॉलर मिले थे। यह सारा घटनाक्रम तब का है जब राष्ट्रपति जो बाइडन ने प्रधानमंत्री मोदी को 22 जून को ऐतिहासिक राजकीय यात्रा पर आमंत्रित किया था। अभियोग के अनुसार, यादव ने गुप्ता और किराए के हत्यारे को राजकीय यात्रा से ठीक पहले या उस दौरान काम नहीं करने के लिए कहा था। अभियोग के अनुसार, अमेरिकी सिख अलगाववादी की हत्या की साजिश और उसी अवधि के दौरान कनाडा में एक अन्य सिख अलगाववादी निज्जर की हत्या के बीच संबंध था।

## हुती नेटवर्क से संबंधों को लेकर दो भारतीयों पर प्रतिबंध लगाया

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने ईरानी तेल परिवहन मामले में एक हुती नेटवर्क से कथित संबंध के चलते 18 कंपनियों और लोगों पर प्रतिबंध लगा दिया है। प्रतिबंधित लोगों में दो भारतीय भी शामिल हैं। आरोप है कि इस तेल के परिवहन से अर्जित राजस्व से हुती संगठन को इजराइल पर हमले करने और लाल सागर क्षेत्र में पोत परिवहन को बाधित करने में मदद मिलती है।

इस संबंध में जारी एक नोट में कहा गया कि अमेरिकी वित्त विभाग के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय (ओएफएसी) ने इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर-कुद्स बल समर्थित हुती के वित्तीय अधिकारी सैद अल जमाल और उसके नेटवर्क से संबंध रखने के चलते संबंधित कंपनियों और अवैध तेल परिवहन में शामिल जहाजों के कप्तानों पर प्रतिबंध लगा दिया है। प्रतिबंधित 18 कंपनियों में मार्शल द्वीप-पंजीकृत 'चांगताई शिपिंग एंड मोशनविगेशन्स लिमिटेड' और संयुक्त अरब अमीरात आधारित 'इंडो गल्फ शिप मैनेजमेंट' भी शामिल हैं। वित्त विभाग के अनुसार, प्रतिबंधित किए गए दो भारतीय नागरिक 'इंडो गल्फ शिप मैनेजमेंट' से जुड़े हैं। संयुक्त अरब अमीरात और भारत में रहने वाले भारतीय नागरिक राहुल रतनलाल वारिकू 'इंडो गल्फ शिप मैनेजमेंट' के प्रबंध निदेशक हैं।

## कनाडा के विपक्षी नेता ने सरकार पर लगाए आरोप

# ट्रूडो ध्यान भटकाने के लिए निज्जर मामले का कर रहे इस्तेमाल

**ओटावा, एजेंसी**

कनाडा के एक विपक्षी नेता ने प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो पर अन्य विवादों से ध्यान भटकाने के लिए हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया और सरकार से पिछली प्रशासनिक गलती को सुधारने के लिए खालिस्तानी आतंकवादी की नागरिकता मरणोपरांत छीन लेने को कहा है। पीपुल्स पार्टी ऑफ कनाडा के नेता मैक्सिम बर्नियर ने यह भी कहा कि खालिस्तानी आतंकवादी, जो पूरे विवाद के केंद्र में है, वह एक विदेशी आतंकवादी था, जिसे किसी तरह 2007 में नागरिकता प्रदान कर दी गई थी। रॉयल कनाडियन माउंटेड पुलिस ने सोमवार को कहा कि उसने जून 2023 में हुई निज्जर की हत्या में, संभावित संदिग्ध के रूप में कनाडा में भारत के उच्चायुक्त और पांच अन्य राजनयिकों की पहचान की थी। आरसीएमपी ने यह भी कहा कि उसने भारत सरकार के एजेंटों द्वारा कनाडाई लोगों के खिलाफ तेजी से एक अभियान चलाये जाने के सबूत भी पाए हैं। बर्नियर ने कहा कि अगर यह सच है, तो आरसीएमपी और कनाडा सरकार द्वारा लगाए गए ये आरोप कि भारतीय राजनयिकों की हमारे देश में आपराधिक गतिविधियों में संलिप्तता रही है, बहुत गंभीर हैं।



### निज्जर एक विदेशी आतंकवादी था : बर्नियर

बर्नियर ने कहा कि निज्जर एक विदेशी आतंकवादी था, जिसने कनाडा में शरण लेने के लिए कई बार फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल किया था। उन्होंने कहा हालांकि इस भ्रम को दूर किया जाना चाहिए कि इस विवाद का केंद्र बिंदु, खालीस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर, जिसकी पिछले साल हत्या कर दी गई थी, एक कनाडाई था। वह असल में एक विदेशी आतंकवादी था।

## आईआईटी मद्रास दुबई में अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय केंद्र खोलेगा

**दुबई।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास 2025 के शुरुआत में अनुसंधान, नवोन्मेष और उद्यमिता के लिए पहला अंतर्राष्ट्रीय केंद्र दुबई में खोलेगा। संस्थान ने शुक्रवार को यह जानकारी की। संस्थान के मुताबिक आईआईटीएम ग्लोबल दुबई सेंटर अत्याधुनिक क्षेत्रों जैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), डेटा विज्ञान, रोबोटिक्स और सतत ऊर्जा में विशेषज्ञता हासिल करेगा और भारत के उद्यमशीलता पारिस्थितिकी तंत्र के लिए एक नये सेतु की भूमिका निभाएगा। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास और दुबई के अर्थव्यवस्था एवं पर्यटन विभाग (डीईटी) के बीच हुए समझौता हुआ है।

# ताइवान का कार्यालय खोलने पर भारत का जताया विरोध

- विदेश मंत्रालय ने राजनयिक स्तर पर दर्ज कराया विरोध

**बीजिंग, एजेंसी**

चीन ने मुंबई में ताइवान के ताइपे आर्थिक एवं सांस्कृतिक केंद्र (टीईसीसी) के हाल में स्थापित कार्यालय को लेकर भारत के समक्ष राजनयिक स्तर पर विरोध दर्ज कराया है। चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने एक सवाल के जवाब में कहा, दुनिया में केवल एक-चीन है और ताइवान चीन के क्षेत्र का एक अविभाज्य हिस्सा है।

उन्होंने कहा, चीन अपने साथ राजनयिक संबंध रखने वाले देशों और ताइवान के बीच हर प्रकार के आधिकारिक संपर्क और संवाद का कड़ा विरोध करता है जिसमें एक-दूसरे का प्रतिनिधित्व करने वाले कार्यालयों की स्थापना भी शामिल है।

### ताइवान से आधिकारिक बातचीत न करे भारत

चीन ने कहा कि वह भारतीय पक्ष से आग्रह करता है कि वह अपनी प्रतिबद्धताओं का सख्ती से पालन करे, ताइवान से संबंधित मुद्दों को विवेकपूर्ण और उचित तरीके से सुलझाए, ताइवान के साथ किसी भी प्रकार की आधिकारिक बातचीत न करे और चीन-भारत संबंधों को सुधारने की प्रक्रिया में बाधा डालने से बचे।

## सऊदी अरब में लोकप्रिय है योग, महिलाओं का है इसमें प्रभुत्व

**रियाद।** सऊदी अरब के लोगों ने सात साल पहले बिना किसी संकोच के योग को अपना लिया था और अब यह प्राचीन भारतीय विधा इस देश में काफी लोकप्रिय है तथा इसमें महिलाओं का प्रभुत्व है। देश की पहली प्रमाणित योग प्रशिक्षक और पद्म श्री सम्मान से नवाजी गई अरब की पहली नागरिक नोऊ मरवाई ने यह बात कही। मरवाई ने कहा कि सऊदी अरब के लोग स्वास्थ्य के लिए अच्छी किसी भी चीज को पसंद करते हैं। उन्होंने 2017 में सऊदी अरब में योग की शुरुआत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और उन्हें 2018 में भारत सरकार द्वारा पद्म श्री से सम्मानित किया गया था।

# मालावी से द्विपक्षीय संबंधों पर की बातचीत

- राष्ट्रपति मुर्मू ने मलावी के राष्ट्रपति से मुलाकात की

**लिलोंग्वे (मलावी), एजेंसी**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को यहां मलावी के राष्ट्रपति लाजारुस मैककार्थी चाकवेरा से मुलाकात की और द्विपक्षीय साझेदारी को मजबूत करने के तरीकों पर सार्थक चर्चा की। मुर्मू अफ्रीका के तीन देशों की अपनी यात्रा के अंतिम चरण में गुरुवार को मलावी पहुंचीं।

उनकी उपस्थिति में कला और संस्कृति, खेल और फार्मास्युटिकल सहयोग समेत अनेक क्षेत्रों में समझौतों पर भी हस्ताक्षर किए गए। यह मुलाकात लिलोंग्वे में स्टेट हाउस में हुई। राष्ट्रपति कार्यालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा दोनों नेताओं ने भारत-मलावी रिश्ते को और गहरा करने के लिए विभिन्न मुद्दों पर सार्थक चर्चा की। उसने कहा, वह मानवीय सहायता के रूप में प्रतीकात्मक रूप से 1000 मीट्रिक टन चावल तथा स्वास्थ्य सहयोग के रूप में मलावी को भाभाट्रॉन कैंसर उपचार मशीन सौंपे जाने की भी साक्षी बनीं। राष्ट्रपति ने मलावी में एक स्थायी आर्टिफीशियल लिंब फिटमेंट सेंटर स्थापित करने में भारत सरकार के सहयोगी की भी घोषणा की। मुर्मू ने इससे पहले यहां राष्ट्रीय समर स्मारक पर जाकर प्रथम और द्वितीय विश्व युद्धों में जान गंवाने वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि दी जिनमें भारतीय सैनिक भी शामिल थे।




मलावी को मानवीय सहायता के रूप में प्रतीकात्मक रूप से 1000 मीट्रिक टन चावल सौंपतीं राष्ट्रपति मुर्मू।

# हिजबुल्ला बोला- युद्ध का नया चरण शुरू

**येरुशलम, एजेंसी**

गाजा में एक दिन पहले इजराइली सेना की कार्रवाई में हमास के शीर्ष नेता याह्या सिनवार की मौत के बाद लेबनान के उग्रवादी समूह हिजबुल्ला ने शुक्रवार को कहा कि आक्रमणकारी इजराइली सैनिकों के खिलाफ उसकी लड़ाई नए चरण में प्रवेश कर गई है।

इजराइल की इस घोषणा कि उसके सैनिकों ने हमास के शीर्ष नेता सिनवार को मार गिराया, पर हमास ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है, लेकिन उसके सहयोगी ईरान ने संयुक्त राष्ट्र में अपने अभियान के माध्यम से फिलिस्तीन उग्रवादी नेता की स्मृति में एक बयान जारी किया है। सिनवार दक्षिणी इजराइल पर हमले का मुख्य साजिशकर्ता था। इजराइल के सहयोगी देशों की सरकारों से लेकर गाजा के लोगों को सिनवार की मौत से उम्मीद है कि यह युद्ध की समाप्ति का मार्ग प्रशस्त कराएगी। लेकिन इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सिनवार के मारे जाने का ऐलान करते हुए अपने भाषण में कहा कि हमारा युद्ध अभी समाप्त नहीं हुआ है। हमास के उग्रवादियों ने पिछले साल सात अक्टूबर को सुरक्षा बाड़ को ध्वस्त कर इजराइल में घुसकर हमला किया था।



### इजरायल के 55 लोगों की मौत

**बेरूत।** दक्षिणी लेबनान में जमीनी अभियान शुरू होने के बाद से इजराइली सेना के नुकसान में 55 लोग मारे गए हैं और 500 से अधिक सैनिक और अधिकारी घायल हुए हैं। लेबनानी शिया आंदोलन हिजबुल्ला ने एक बयान यह जानकारी दी। बयान में कहा गया प्रतिरोध सेनानियों की पुष्टि के अनुसार, शत्रु हताहतों की संख्या 55 तक पहुंच गई है और 500 से अधिक घायल सैनिक और अधिकारी मारे गए हैं। इसके अलावा, 20 मर्कवा टैंक और चार सैन्य बुलडोजर नष्ट कर दिए गए हैं।

## ज्ञान-विज्ञान

### एनओएए ने जारी की भविष्यवाणी, 60 फीसद रहेगा असर

# ला नीना से मार्च तक बनी रह सकती है ठंड

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार :** दुनिया में ला नीना का असर 60 फीसद रहने की संभावना मौसम के जानकारों ने जताई है। दिसंबर व जनवरी में अधिक प्रभावशाली रह सकता है। अलबत्ता मार्च तक इसका प्रभाव बने रहने की संभावना रहेगी। जलवायु पर नजर रखने वाली संस्था अमेरिका की राष्ट्रीय महासागरीय एवं वायुमंडलीय प्रशासन (एन ओ ए ए) ने ला नीना पर ताजा रिपोर्ट जारी की है। यदि अनूमान सही साबित हुआ तो इस बार कड़ाके की ठंड तो पड़ेगी ही पहाड़ों में भी जमकर बर्फबारी होगी।

इससे भी बड़ी बात यह है कि सर्दियां लंबी खींच जाएगी और मार्च तक ठंड का असर बने रहेगा। हालाकि भारतीय मौसम विज्ञान ने अभी कोई ताजा एडवाइजरी जारी नही की है। दो माह पूर्व भारत मे भी इसका प्रभाव रहने की संभावना जताई थी। इधर एनओएए के अनुसार उत्तरी गोलार्ध के शरद ऋतु के महीनों में विकसित होने वाली ला नीना को कमजोर बताया है। इस घटना का असर 60 फीसद रहने की भविष्यवाणी की है। साथ ही कहा है कि यदि यह प्रभावी होता है, तो इसके जनवरी से मार्च तक बने रहने की उम्मीद रहेगी। इससे अमेरिका में शुष्क और हल्की सर्दी हो सकती है। दक्षिण और मैक्सिको के कुछ हिस्सों के साथ अमेरिका के पूर्वोत्तर में अधिक सर्दी होगी, जबकि अमेरिका और दक्षिणी कनाडा का उत्तरी स्तर औसत से अधिक सर्द हो सकता है।



### दुनियाभर के मौसम में प्रभाव डालता है ला नीना

नैनीताल : ला नीना मध्य और पूर्व-मध्य भूमध्यरेखीय प्रशांत क्षेत्र में समुद्र की सतह के तापमान का समय-समय पर ठंडा होना है। आम तौर पर ला नीना की घटना 3 से 5 साल में होती हैं, लेकिन जलवायु परिवर्तन के कारण अब ये लगातार वर्षों में भी हो सकती हैं। भविष्य में इसका असर दुनिया भर के मौसम को प्रभावित कर सकता है। एनओएए महासागरों का अध्ययन करता है और वैश्विक स्तर पर मौसम का पूर्वानुमान लगाता है।